kanwhizztimes

@kanwhizztimes lucknow

@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-88 ❒ मंगलवार, 28 अप्रैल 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12


भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है, जो बिना किसी स्वार्थ के राष्ट्र सेवा के भाव से कार्य करता है। भाजपा आज जिस ऊंचाई पर पहुंची है, वह लाखों कार्यकर्ताओं के परिश्रम, त्याग और समर्पण का परिणाम है। नितिन नवीन




ईरान संघर्ष पर पुतिन और लावरोव के साथ बातचीत करेंगे अराघची 11

चारधाम यात्रा के लिए एलपीजी आपूर्ति बनाए रखने का आग्रह 12


## संक्षेप

### दिनेश त्रिवेदी बंगलादेश में भारत के उच्चायुक्त नियुक्त

**नयी दिल्ली।** बंगलादेश में नयी सरकार के सत्तासीन होने के बाद भारत ने संबंधों को सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी को बंगलादेश में भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा है कि श्री त्रिवेदी के जल्द ही अपना कार्यभार संभालने की संभावना है। श्री त्रिवेदी को बंगलादेश में भारतीय उच्यायुक्त प्रणय वर्मा की जगह यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। बंगलादेश में शेख हसीना सरकार के अपदस्थ होने के बाद अंतरिम सरकार के शासन में भारत और बंगलादेश के संबंधों में काफी खटास आ गई थी। बंगलादेश में आम चुनाव के बाद नई सरकार के गठन के बाद से दोनों देश संबंधों को फिर से पटरी पर लाने किस दिशा में काम कर रहे हैं। श्री त्रिवेदी की नियुक्ति को इसी कवायद के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है।

### प्रचंड गर्मी से राहत मिलने के आसार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के दक्षिणी और मध्य भागों में भीषण गर्मी का असर लगातार बना हुआ है, जबकि आगामी 48 घंटों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विज्ञान विभाग, लखनऊ केंद्र के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में गरज-चमक, वज्रपात और झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी कहीं-कहीं वर्षा के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार 27 अप्रैल के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं वर्षा और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा। दिन के समय पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में लू चलने तथा कुछ स्थानों पर उष्ण रात्रि की स्थिति बनी रहने की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी कई स्थानों पर गर्म रातें दर्ज की जा सकती हैं। 28 अप्रैल से मौसम में अधिक बदलाव देखने को मिलेगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं मेघगर्जन, वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाओं के साथ वर्षा होने की संभावना है। 29 अप्रैल से एक मई तक प्रदेश के दोनों हिस्सों में अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान है। प्रदेश में रविवार को सर्वाधिक अधिकतम तापमान बांदा में 47.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5.4 डिग्री अधिक रहा। 2022 के बाद यह पहला अवसर है जब उत्तर प्रदेश के किसी शहर का तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। झांसी में 45.2 डिग्री, आगरा में 44.4 डिग्री, प्रयागराज और उरई में 44.2 डिग्री, अलीगढ़ में 43.4 डिग्री तथा कानपुर में 43.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। लखनऊ का अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री और न्यूनतम 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# भारत- न्यूज़ीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

**एजेंसी**



❒ आपसी व्यापार, निवेश में विस्तार की बड़ी उम्मीद

❒ पीयूष गोयल और टॉड मैक्ले की मौजूदगी में डील, निर्यात, सेवाओं और निवेश को मिलेगा बड़ा बढ़ावा

नयी दिल्ली। भारत और न्यूज़ीलैंड ने सोमवार को राजधानी में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में एक महत्वाकांक्षी द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसमें भारतीय की सभी वाणिज्यक वस्तुओं को वहां के बाजार में शून्य- शुल्क पर प्रवेश मिलेगा और वहां से निर्यात की जाने वाली विभिन्न श्रेणी की वस्तुओं में से 70 प्रतिशत को यहां शून्य शूल्क पर प्रवेश का प्रावधान है।

भारत मंडपम में दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों और व्यवसाय जगत के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा न्यूलीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले से भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किये। यह समझौते से दोनों देशों के बीच 95 प्रतिशत व्यापार के लिए व्यवस्था मुक्त की जा रही है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत और न्यूज़ीलैंड ने ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए जो आर्थिक साझेदारी और अवसरों के नए युग की शुरुआत करता है। न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री ने कहा कि यह समझौता ''एक पीढ़ी में एक बार मिलने वाला'' अवसर है और द्विपक्षीय संबंधों में नया अध्याय है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा है कि विकसित भारत-2047 के सपनों के साथ जुड़ा यह समझौता नयी पीढ़ी का व्यापार समझौता है जिसमें शुल्क मुक्त व्यापार, प्रतिभाओं को मूल्य देने , निवेश और कृषि उत्पादकता को प्रोत्साहन के उपाय शामिल हैं। इससे भारत के युवाओं, किसानों, महिलाओं, कारीगरों और एमएसएमई इकाइयों को लाभ होगा। इस समझौते पर सहमति की घोषणा गत दिसंबर में ही कर दी गयी थी। समझौते में औषधियों के द्विपक्षीय व्यापार को आसान बनाने की प्रक्रिया को तीव्र किये जाने, कृषि उत्पादकता साझेदारी, प्रतिभाओं की आवाज, आयुष उत्पादों को मान्यता और उसके तथा बौद्धिक संपदा के महबूत संरक्षण की व्यवस्था है। इस समझौते से भारत के वस्त्र, चमड़ा, जूते, इंजीनियरिंग वस्तुएं और प्रसंस्कृत खाद्य जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए निर्यात बढ़ानेका मौका मिलेगा साथ ही खेती, मत्स्य और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। श्री गोयल ने कहा कि इससे न्यूजीलैंड को भारत में वाइन का निर्यात बढ़ाने का अवसर मिलेगा जबकि भारत से वहां व्हिस्की, रम और जिन जैसे उत्पादों के निर्यात के बेहतर अवसर मिलेंगे। सरकार ने कहा है कि इस समझौते में भारतीय किसानों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और घरेलू उद्योग की सुरक्षा ● शेष पेज 11 पर

> भारत-न्यूज़ीलैंड साझेदारी में एक ऐतिहासिक क्षण है! मुझे अत्यंत हर्ष है कि आज हस्ताक्षरित भारत-न्यूज़ीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफ़टीए) हमारी विकासात्मक साझेदारी को अभूतपूर्व गति देगा। यह हमारे दोनों देशों को जोड़ने वाले गहरे विश्वास, साझा मूल्यों और महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। यह समझौता हमारे किसानों, युवाओं, महिलाओं, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, कारीगरों, स्टार्टअप, विद्यार्थियों और नवोन्मेषकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। यह विकास के नए मार्ग खोलेगा, अवसर उत्पन्न करेगा और विभिन्न क्षेत्रों में हमारी समन्वयता को और सुदृढ़ करेगा। न्यूज़ीलैंड द्वारा 20 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता कृषि, विनिर्माण, नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में हमारे सहयोग को और मजबूत करेगी, जिससे दोनों देशों के लिए अधिक समृद्ध और गतिशील भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। **नरेन्द्र मोदी**

# डिनर में गोलियां: हमले की हकीकत या सियासी नैरेटिव!

**एजेंसी**



❒ डोनाल्ड ट्रंप पर हमले के बाद बढ़ी अटकलें, जांच में 'लोन वुल्फ' एंगल पर जोर, साजिश के दावों पर संदेह

❒ क्या पत्रकारों के रात्रिभोज के दौरान हुई गोलीबारी ट्रंप की साख को बढ़ाने का प्रयास है?

नयी दिल्ली। 25 अप्रैल को व्हाइट हाउस की ओर से पत्रकारों के लिए आयोजित रात्रिभोज के दौरान चली गोलियां 'हत्या' की एक कोशिश थी या राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गिरती साख को बढ़ाने के लिए किया गया एक प्रायोजित प्रयास?

इस वार्षिक जलसे में अमेरिकी राष्ट्रपति, प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप, उपराष्ट्रपति जे डी वेंस और कई अन्य शीर्ष गणमान्य व्यक्ति शामिल थे, जब हमलावर वाशिंगटन हिल्टन होटल के सुरक्षा घेरे के अंदर प्रवेश कर गया। हालांकि हमलावर के सुरक्षा घेरे को तोड़ने के बावजूद सीक्रेट सर्विस ने श्री ट्रंप, उनकी पत्नी मेलानिया और श्री वेंस को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। संदिग्ध की पहचान कैलिफोर्निया के टॉरेंस निवासी 31 वर्षीय कोल टॉमस एलेन के रूप में हुई है, जिसे 'मैग्नेटोमीटर स्क्रीनिंग' क्षेत्र के पास पकड़ लिया गया था। हालांकि श्री ट्रंप ने एलेन को एक 'लोन वुल्फ' हमलावर बताया, जिससे उसे एक प्रकार से क्लीन चिट मिल गई कि उसके पीछे कोई नहीं था। सुरक्षा घेरे को तोड़ने के बाद हमलावर अंदर कैसे घुसा, इस पर कई सवाल उठ रहे हैं। जांचकर्ताओं का कहना है कि एलेन होटल में एक मेहमान के रूप में रह रहा था, जिससे उसे होटल के सामान्य बाहरी घेरे को पार करने की अनुमति मिल गई। वह कथित तौर पर बार कार्ट के लिए इस्तेमाल होने वाले पास के एक स्टोरेज रूम से निकला और शॉटगन, एक सेमी-ऑटोमैटिक हैंडगन और कई चाकुओं के साथ सीक्रेट सर्विस चेकपॉइंट की ओर झपटा। एलेन ने एक सीक्रेट सर्विस एजेंट पर गोली चलाई जिसने बुलेट-प्रूफ जैकेट पहन रखी थी। एजेंट घायल नहीं हुआ। सुरक्षाकर्मियों ने एलेन पर काबू पा लिया, हालांकि हमलावर के घुटने में चोट जरूर आई। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद ट्रंप की लोकप्रियता में गिरावट आई है। ऐसे में श्री ट्रंप के कुछ विरोधियों का मानना है कि यह ट्रंप प्रशासन की लोकप्रियता और घटती को बढ़ाने के लिए एक 'प्रायोजित' हमला था। उल्लेखनीय है कि अप्रैल की रेटिंग श्री ट्रंप की लोकप्रियता को उनके पिछले कार्यकाल की तुलना में कम दिखाती है, जो वर्तमान में ईरान युद्ध और महंगाई के कारण केवल 30 प्रतिशत से 37 प्रतिशत के बीच रह गयी है। सहानुभूति बटोरने या 'व्हाइट हाउस बॉलरूम' प्रोजेक्ट के लिए समर्थन जुटाने के लिए हमले के 'प्रायोजित' होने का दावा करने वाले षड्यंत्र के सिद्धांत भी सोशल मीडिया ● शेष पेज 11 पर

# जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से न्याय की उम्मीद खत्म: केजरीवाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा की अदालत में चल रहे अपने मामले में पेश नहीं होने और ना कोई दलील रखने का फैसला किया है।

श्री केजरीवाल ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा, ''न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा से न्याय मिलने की मेरी उम्मीद टूट चुकी है। अपनी अंतरात्मा की आवाज़ सुनते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों को मानते हुए और सत्याग्रह की भावना के साथ, मैंने इस मामले में उनके सामने पेश नहीं होने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, ''मैंने हितों के टकराव के कारण न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को मेरे मामले में खुद से हटने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने ने स्वयं ही सुनने का फैसला दिया। इस मामले में न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा जो भी फैसला सुनाएंगी, उस पर मैं अपने कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए स्वतंत्र हूं। साथ ही उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि मुझे न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और पूरा सम्मान करता हूं, क्योंकि जब मेरे खिलाफ साजिशें हुई तो न्यायपालिका ने ही मुझे दोष मुक्त करके न्याय दिया।''

उन्होंने कहा जिंदगी में कई बार ऐसे मौके आते हैं, जब जीत या हार मायने नहीं रखते। उससे भी बड़ा सही और गलत का सवाल हो जाता है ● शेष पेज 11 पर

# आप से अलग हुए सात सदस्यों के भाजपा में विलय को मंजूरी

नयी दिल्ली। राज्यसभा के सभापति ने सदन के उन सात सदस्यों के भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) में विलय को मंजूरी दे दी है जो हाल में आम आदमी पार्टी (आप) से अलग हो गए हैं। राज्यसभा सचिवालय द्वारा सोमवार को जारी सदन में विभिन्न दलों की सदस्य सूची में आम आदमी पार्टी से अलग होकर भाजपा में शामिल होने की घोषणा करने वाले सदस्यों के नाम भाजपा की सूची में आ गए हैं और पार्टी की सदस्य संख्या 106 से बढ़कर 113 हो गई है। उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी से निर्वाचित सदस्य राघव चड्ढा, डॉ संदीप कुमार पाठक और डॉ अशोक कुमार मित्तल ने गत 24 अप्रैल को राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन कर राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के सात सदस्यों के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की घोषणा की थी। इन सदस्यों में उपरोक्त तीन के अलावा सर्वश्री हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल और राजेंद्र गुप्ता शामिल हैं। राज्यसभा सचिवालय की ओर से आज जारी ● शेष पेज 11 पर

## प्रचार खत्म होते मोदी ने बंगाल में चला खुली चिट्ठी वाला दांव

# भय बहुत हुआ, अब भरोसा चाहिए

**एजेंसी**



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव प्रचार की समय-सीमा खत्म होने के बाद राज्यवासियों के नाम एक खुली चिट्ठी लिखी है और लोगों से अपील की है कि सभी मिलकर बंगाल को विकसित बनाने का संकल्प लें। उन्होंने पत्र में भी लिखा है कि बंगाल के लोग विकासित बंगाल के लिए संकल्पित हैं। चिट्ठी में पीएम ने लिखा है कि भय बहुत हुआ, अब भरोसा चाहिए और राज्य में भाजपा चाहिए। पीएम ने इस पत्र में लिखा है कि अब बंगाल में भाजपा के सीएम की शपथ होगी। उन्होंने आगे लिखा कि इस शपथ ग्रहण का उत्सव सभी मिलकर मनाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पत्र को ट्वीट करते हुए लिखा, पश्चिम बंगाल के पूरे चुनाव अभियान के दौरान मुझे अपने परिवारजनों का जो अपार स्नेह और आशीर्वाद मिला है, उसने एक नई ऊर्जा से भर दिया है। यहां की युवाशक्ति हो या नारीशक्ति, हमारे किसान भाई-बहन हों, श्रमिक या फिर कारोबारी, सभी 'विकसित बंगाल' के लिए संकल्पित हैं। मैंने इस पत्र में उनके प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। प्रधानमंत्री ने एक ऑडियो क्लिप भी साझा की है और ट्वीट कर लिखा '' पश्चिम बंगाल के मेरे परिवारजनो, लोकतंत्र के महोत्सव में बीजेपी की विजय का ध्वज फहराने का सुनहरा अवसर आपके सामने है। मुझे विश्वास है कि 29 अप्रैल को आप मतदान का नया रिकॉर्ड बनाएंगे। इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर मैंने ऑडियो संदेश के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं...'' उन्होंने इस क्लिप में कहा, ''हम सभी भाजपा के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का जश्न मनाएंगे, यह न केवल मेरा विश्वास है, बल्कि आप पर मेरा पूरा भरोसा है। ● शेष पेज 11 पर

# बंगाल में थमा दूसरे चरण का प्रचार

**एजेंसी**

❒ मुख्यमंत्री ममता सहित कई हैवीवेट नेताओं के भाग्य का फैसला 29 को

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए सोमवार शाम प्रचार थम गया। अब सभी की निगाहें 29 अप्रैल को होने वाले मतदान पर टिकी हैं। दूसरे चरण का मतदान राज्य का राजनीतिक भविष्य तय करने वाला माना जा रहा है, क्योंकि इसमें दक्षिण बंगाल के उस 'कोर बेल्ट' की सीटें शामिल हैं जिसे लंबे समय से तृणमूल कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता है।

दूसरे चरण में कुल 142 विधानसभा सीटों पर 1,448 उम्मीदवार मैदान में हैं। तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस ने सभी 142 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 141 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने करीब 100 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, दूसरे चरण का मतदान पूर्वी बर्दवान, हावड़ा, हुगली, कोलकाता, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना और नादिया में होगा। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, दूसरे चरण के लिये 1463 नामांकन प्राप्त हुए। इनमें 15 लोगों का नामांकन रद्द कर दिया गया है। दक्षिण 24 परगना के भांगड़ विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 19 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं जबकि सबसे कम पांच उम्मीदवार हुगली की गोघाट (एससी) सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। इस चरण में 8 जिलों के कुल 3,21,73,837 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 1,64,35,627 पुरुष तथा 1,57,37,418 महिला मतदाताओं के अलावा 792 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। अंतिम चरण में राजधानी कोलकाता के अलावा उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, ● शेष पेज 11 पर

## कल्याणी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

# पिछले 15 वर्षों में तृणमूल ने बंगाल को किया कंगाल: योगी

**एजेंसी**



हुगली/नदिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के धानेखाली विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर आरोप लगाया कि जो बंगाल कभी कला, साहित्य और औद्योगिक समृद्धि के लिए जाना जाता था, उसे पिछले 15 वर्षों के इस पार्टी के शासन ने बदहाली और कंगाली की ओर धकेल दिया है।

पश्चिम बंगाल के कल्याणी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी अनुपम बिस्वास के समर्थन में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी और इलाके की सड़कें सोमवार को 'वंदे मातरम', 'भारत माता की जय','जय श्री राम' और ''बुलडोजर बाबा'' के नारों से गूंज उठीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल में ''जय श्रीराम'' और ''हर-हर महादेव'' का नारा लगाने पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नाराज हो जाती हैं, क्योंकि उन्हें अपनी सत्ता हिलती हुई दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार एक साजिश के तहत बंगाल की आबादी के स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रही है, जबकि स्वामी विवेकानंद और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसी महान विभूतियों की यह धरा आज कुशासन से मुक्ति के लिए सड़कों पर उतर आई है।

श्री आदित्यनाथ ने कहा कि अगर बंगाल में भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार होती, तो तारकेश्वर के बाबा तारकनाथ मंदिर में काशी विश्वनाथ की तर्ज पर भव्य कॉरिडोर बनता। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में दुर्गा पूजा और मूर्ति विसर्जन पर प्रतिबंध लगाया जाता है, जबकि सड़कों पर नमाज और इफ्तार की दावतें आयोजित की जाती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि भाजपा की सरकार आने पर ''जय श्रीराम'' बोलने पर प्रतिबंध नहीं होगा, लेकिन सड़कों पर इफ्तारी की दावतें जरूर बंद हो जाएंगी।

उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए यूपी के मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले वहां भी ऐसी ही स्थिति थी, लेकिन आज वहां दंगे, कर्फ्यू और गुंडागर्दी समाप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा, ''अगर कोई गोमाता की हत्या करेगा या किसी गरीब की संपत्ति पर कब्जा करेगा, तो यूपी का बुलडोजर उसकी हड्डी-पसली एक कर देगा।'' उन्होंने दावा किया कि चार मई को चुनाव परिणाम आने के बाद टीएमसी के गुंडे सड़कों पर पंक्चर बनाते हुए नजर आएंगे।

मुख्यमंत्री ने ममता बनर्जी पर अनुसूचित जाति और जनजाति विरोधी होने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब जनजातीय समाज से आने वाली देश की राष्ट्रपति बंगाल आती हैं, तो ममता दीदी प्रोटोकॉल का पालन नहीं करतीं। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे डरे नहीं और एकजुट होकर भ्रष्टाचार, घूसखोरी और गुंडागर्दी करने वालों को मतदान के जरिए करारा जवाब दें। सोमवार सुबह जब मुख्यमंत्री का चुनावी रथ रवाना हुआ, तो सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में युवा और बुजुर्ग अपने नेता की झलक पाने के लिए मोबाइल से फोटो और वीडियो बनाते दिखे, वहीं छतों पर खड़ी महिलाओं ने हाथ जोड़कर और 'योगी-योगी' के नारों के साथ उनका स्वागत किया। बंगाल में 'बुलडोजर बाबा' के नाम से मशहूर श्री आदित्यनाथ ने भी सड़क के दोनों ओर जमा भीड़ पर पुष्प वर्षा की। इस ● शेष पेज 11 पर

# भारत और नेपाल के मध्य प्राचीनकाल से ही घनिष्ठ एवं आत्मीय संबंध : महाना

❐ नेपाल के 20 सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने उप्र विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारत भ्रमण पर आए नेपाल के 20 सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात की। इस दौरान महाना ने कहा कि भारत और नेपाल के मध्य प्राचीनकाल से ही घनिष्ठ एवं आत्मीय संबंध रहे हैं, जो धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक आधार पर निरंतर सुदृढ़ होते रहे हैं।

विस अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी विषय को प्रस्तुत करने से पूर्व उसकी पूर्ण एवं सत्य जानकारी का परीक्षण आवश्यक है। वर्तमान समय में टीआरपी की प्रतिस्पर्धा के कारण नकारात्मकता को प्रमुखता दिए जाने की प्रवृत्ति चिंताजनक है, जबकि मीडिया का दायित्व समाज में संतुलित एवं सकारात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना है। उन्होंने मीडिया की भूमिका को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि इसकी जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। विशेषकर संसद एवं विधानसभा की रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों के लिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता पक्ष एवं विपक्ष दोनों की समान भूमिका होती है तथा अध्यक्ष दोनों के प्रति समान रूप से उत्तरदायी होता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा पूर्णतः आधुनिक एवं डिजिटल स्वरूप में विकसित हो चुकी है, जहां पारदर्शिता एवं दक्षता के साथ कार्य संपादित किए जा रहे हैं। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा भवन का विस्तृत भ्रमण किया। विभिन्न स्थलों का अवलोकन किया। इसके उपरांत अध्यक्ष सतीश महाना ने प्रतिनिधिमंडल को विधानमंडल की कार्यप्रणाली, विधि-निर्माण प्रक्रिया एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। नेपाल का 20 सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल इन दिनों उत्तर प्रदेश के दौरे पर है और विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता कर रहा है।

## अराजक तत्वों का स्कूल में तांडव, दरवाजे तोड़े

नगराम , लखनऊ । क्षेत्र के करोरा स्थित एक बेसिक विद्यालय में अराजक तत्वों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। विद्यालय बंद होने के बाद शरारती तत्व परिसर में घुसकर लगातार संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बीते दिनांक 25 अप्रैल 2026 को कंप्यूटर कक्ष का दरवाजा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इससे पहले 3 नवंबर 2023 को भी रसोई घर का दरवाजा तोड़कर वहां रखा बर्तन चोरी कर लिया गया था, जिसकी सूचना नगराम थाने में दी गई थी। लेकिन आजतक कोई खुलासा नहीं हुआ हो रही इन घटनाओं से विद्यालय प्रशासन में भय और आक्रोश का माहौल है। प्रधानाध्यापक ने खंड शिक्षा अधिकारी मोहनलालगंज को पत्र भेजकर पूरे मामले से अवगत कराया है और अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। विद्यालय प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कराने की भी अपील की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# अधिकारी संवेदनशील होकर जनता की समस्याओं का कराएं निराकरण : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन पश्चिम बंगाल रवाना होने से पहले सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए फरियादियों की पीड़ा सुनी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संवेदनशील होकर जनता की समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में आए सभी फरियादियों से मुलाकात की। एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिया, फिर अधिकारियों को समय सीमा के भीतर समाधान कराने को कहा। राजस्व व पुलिस से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हीलाहवाली नहीं चलेगी, समय सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करके पीड़ित को सूचित करना होगा। 'जनता दर्शन' में आए कुछ फरियादियों से मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या जनपद में किसी अधिकारी से मिलकर आपने समस्या बताई ? पता चला-नहीं, इस पर मुख्यमंत्री ने फरियादियों से कहा कि बेतहाशा गर्मी में आप परेशान न हों। पहले अपने जनपद में तैनात अधिकारियों से पीड़ा बताएं। हर हाल में सुनवाई होगी और समस्या का यथोचित समाधान भी। मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि धूप-गर्मी में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में परिजनों के साथ आए बच्चों पर अपना स्नेह लुटाया। उन्हें चॉकलेट के साथ आशीर्वाद भी दिया। मुख्यमंत्री ने मां की गोद में बैठे बच्चों से पूछा कि चॉकलेट चाहिए तो एक बच्चे ने मुस्कराकर अभिव्यक्ति दी, इस पर मुख्यमंत्री ने उसे चॉकलेट दिया। चॉकलेट पाकर बच्चा खिलखिला उठा।

# यूपी में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सहित सभी पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है और राज्य में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

यह बयान इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन की ओर से सोमवार को संयुक्त रूप से जारी किया गया। बयान में कहा गया है कि प्रदेश में मजबूत बुनियादी ढांचे, सतत निगरानी व्यवस्था और प्रभावी समन्वय तंत्र के जरिए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वर्तमान में राज्य में कुल 13,168 रिटेल आउटलेट (ऑयल कंपनियांः 12,331 और निजीः 863) तथा 28 सप्लाई लोकेशन संचालित हैं। यहां से प्रतिदिन लगभग 20 टीकेएल पेट्रोल (एमएस) और 33 टीकेएल डीजल (एचएसडी) की आपूर्ति की जा रही है। सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से कार्यरत हैं और कहीं भी बिक्री पर कोई प्रतिबंध नहीं है। एलपीजी आपूर्ति की स्थिति भी पूरी तरह संतुलित बताई गई है। राज्य में 4,143 डिस्ट्रीब्यूटर और 36 बॉटलिंग प्लांट के माध्यम से करीब 4.88 करोड़ उपभोक्ताओं को सेवाएं दी जा रही हैं। डिस्ट्रीब्यूटर के पास औसतन 1.3 दिन का स्टॉक उपलब्ध है और प्रतिदिन लगभग 8 लाख सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही 6 दिन का बैकलॉग निर्धारित बुकिंग के अनुसार पूरा किया जा रहा है। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार कमर्शियल एलपीजी का 68 प्रतिशत आवंटन स्तर बनाए रखा गया है। अस्पतालों, औद्योगिक कैंटीन, होटल-रेस्तरां और अन्य आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि सुचारू वितरण सुनिश्चित किया जा सके। एलपीजी सेवाओं में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देते हुए 94 प्रतिशत बुकिंग डिजिटल माध्यम से की जा रही है। वहीं 94 प्रतिशत मामलों में डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड का अनुपालन सुनिश्चित किया गया है।

# व्यापारियों को बेहतर सुविधा, सुरक्षा मिलेगी : एमएलसी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । सोमवार बख्शी का तालाब क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थानों एवं उद्योग जगत से जुड़े सभी व्यापारीगणों द्वारा एम एल सी पवन सिंह चौहान का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। यह सम्मान समारोह क्षेत्र के विकास एवं जनहित में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों के प्रति आभार व्यक्त करने हेतु आयोजित किया गया। व्यापारीगणों एवं स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पवन सिंह चौहान के प्रयासों के कारण ही माननीय नितिन गडकरी जी की अनुमति से नेशनल हाईवे सीतापुर रोड पर दो महत्वपूर्ण डिवाइडर कट उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे बख्शी का तालाब क्षेत्र की जनता एवं व्यापारियों को अत्यधिक सुविधा प्राप्त हुई है। इन डिवाइडर कट्स के निर्माण से यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है तथा लंबे समय से बनी हुई वाहन जाम की समस्या से बड़ी राहत मिली है। इसके साथ ही क्षेत्र में अनावश्यक ट्रैफिक दबाव कम होने से वातावरण स्वच्छ हुआ है तथा प्रदूषण स्तर में भी कमी आई है। एम एल सी पवन सिंह चौहान ने प्रत्येक व्यापारी के साथ समय बिताया और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने व्यापारियों को बेहतर सुविधा, सुरक्षा एवं सरकारी सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया, विशेषकर छोटे एवं गरीब व्यापारियों के लिए।बख्शी का तालाब की जनता के जनप्रतिनिधि नेता पवन सिंह चौहान, एमएलसी की इस जनहितकारी पहल का स्वागत करती है तथा आशा व्यक्त करती है कि भविष्य में भी क्षेत्र के समग्र विकास हेतु ऐसे सकारात्मक कदम निरंतर उठाए जाते रहेंगे।इस सम्मान समारोह में संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष वेद रतन सिंह चौहान, प्रदीप सिंह (मीडिया प्रभारी), कौशल पथ शुक्ल (उपाध्यक्ष), विनोद अवस्थी, महाराजा ईतेंद्र सिंह (महामंत्री), मनोज रावत (सभासद, महोना), मोनू रावत (सदस्य, व्यापार मंडल), कुंदन लोधी (सदस्य, व्यापार मंडल) तथा अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## नैनी थाना इंस्पेक्टर पर गंभीर आरोपः सीयूजी फोन न उठाने, जनता से दुर्व्यवहार की शिकायतें

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज जनपद के यमुनापार क्षेत्र स्थित नैनी थाना के प्रभारी (कोतवाल) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि वे उच्चाधिकारियों के निर्देशों की लगातार अवहेलना कर रहे हैं, जिससे आम जनता त्रस्त है। शिकायतों के अनुसार, नैनी थाना प्रभारी का सीयूजी नंबर अक्सर रिसीव नहीं होता, जबकि उच्चाधिकारियों का सख्त निर्देश है कि सभी कॉल रिसीव किए जाएं। इसके अतिरिक्त, थाने पर आने वाले लोगों के साथ उनका व्यवहार भी अच्छा नहीं रहता, जिससे फरियादी अपनी शिकायतें लेकर थाने के चक्कर काटते रहते हैं और उनकी सुनवाई नहीं होती। चर्चा है कि नैनी कोतवाल की राजनीतिक या अन्य स्तर पर काफी ऊंची पकड़ है, जिसके कारण पुलिस विभाग के उच्चाधिकारी भी उनके खिलाफ कार्रवाई करने या उनका स्थानांतरण करने में असमर्थ हैं। इस स्थिति के चलते थाने में मारपीट की घटनाएं आम बात हो गई हैं। हाल ही में एक घटना में, कुछ नाबालिग लड़कों को चोरी के आरोप में जेल भेज दिया गया, जबकि उनकी माताएं थाने के गेट पर चीख–पुकार कर रही थीं कि उनके बच्चों के साथ मारपीट हुई थी। जेल भेजे जाते समय लड़के रो रहे थे, लेकिन उनकी सच्चाई को दरकिनार कर दिया गया। आरोप है कि कोतवाल अपनी वाहवाही के चक्कर में निर्दोष लोगों पर पुलिसिया कार्रवाई कर रहे हैं।आम जनता ने प्रयागराज पुलिस आयुक्त का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए एक अन्य कोतवाल की नियुक्ति की मांग की है। उनका कहना है कि इससे जनता को न्याय मिल सकेगा, उनकी सुनवाई होगी और सरकार की स्वच्छ छवि धूमिल होने से बचेगी।

## स्कूली बच्चों को गर्मी से बचाने के ऑन लाइन क्लास ही बेहतर विकल्प

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।**अप्रैल के महीने मे मई जून जैसी गर्मी ने लोगो का हाल बेहाल कर रखा है सबसे ज़्यादा आफत मे जो वर्ग है वो स्कूल मे पढ़ रहे बच्चों का है जिन्हे 42 डिग्री (जिसमे और इज़ाफा होने के कयास लग रहे है) के तापमान पर घर से स्कूल और स्कूल से घर करना पड़ रहा है।इस भीषण गर्मी से बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ने लगा है बच्चे बीमार होने लगे है ऐसा होना भी लाज़मी है क्योंकि स्कूल के कमरों मे एयरकंडीशन और बाहर तपती गर्मी ने उनका संतुलन बिगाड़ रखा है स्कूल से जब बच्चा घर आता है तो अभिभावक भी उसे देख कर परेशान हो जाते हैं कि इस भीषण गर्मी से इनको कैसे बचाया जाए हालाँकि गर्मी का अवकाश आने मे तो अभी समय है लेकिन उससे पहले क्या आन लाइन क्लास का विकल्प बेहतर नही होगा ये अभिभावकों का सुझाव है इसे जिलाधिकारी तक पहुंचाने के लिए ही उन्होंने हमे माध्यम बनाया है ताकि ज़िम्मेदार लोगों तक बच्चों और उनके अभिभावकों का दर्द पहुंच सके।

## पशुओं की घटती संख्या पर पशुपालन विभाग चिंतित

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में पांच वर्ष बाद संपन्न हुई 21वीं पशुगणना में पशुओं की संख्या बढ़ने के बजाय करीब ढाई लाख कम हो गई है, जिनमें 38 हजार से अधिक गौवंश शामिल हैं। पशुओं की लगातार घटती संख्या से खेती पर पड़ रहे अप्रत्यक्ष प्रभाव को लेकर पशुपालन विभाग चिंतित है।

# महिला सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता : शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




भदोही। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने भदोही भ्रमण के दौरान आयोजित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में औराई ब्लॉक सभागार में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने महिला जनआक्रोश मार्च में भी सहभागिता करते हुए महिलाओं के अधिकारों के समर्थन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

अपने संबोधन में मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। ल्बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओङ्क जैसे अभियानों ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल को पारित कराने के लिए गंभीर प्रयास किए गए, किंतु विपक्ष के असहयोगात्मक रवैये के कारण यह संभव नहीं हो सका। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यह महत्वपूर्ण विधेयक अवश्य पारित होगा और महिलाओं की भागीदारी को नई मजबूती मिलेगी। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विपक्ष का रवैया निराशाजनक रहा है, जिससे जनसामान्य में असंतोष व्याप्त है। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं के अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने हेतु अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिसके माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इस दौरान सांसद श्री विनोद बिंद सहित विधायकगण एवं महिला जनप्रतिनिधियों ने भी कड़े शब्दों में विपक्ष की निंदा की।इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया और विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी भी की।

## प्रतापगढ़ में डाला पलटने से 20 श्रद्धालु घायल

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कुंडा कोतवाली क्षेत्र के बेन्ती रोड स्थित मौली के पास सोमवार देर शाम श्रद्धालुओं से भरा एक डाला अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उस पर सवार 20 श्रद्धालु घायल हो गए। सभी घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कुंडा में उपचार चल रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सभी श्रद्धालु हौदेश्वर नाथ धाम में झंडा चढ़ाकर अपने गांव वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बेन्ती रोड पर मौली के पास वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को अपनी गाड़ी से सीएचसी कुंडा पहुंचाया।

## शादी समारोह में बवाल,एक की मौत

संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश के संतकबीरनगर जिले के धनघटा थाना क्षेत्र के गायघाट पूर्वी गांव में शादी समारोह के दौरान हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव फैल गया है और सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात गांव में दो शादियों की तैयारियां चल रही थीं। एक बारात जोगिंदर पुत्र जग्गी के घर आनी थी, जबकि चिंटू पुत्र समधर की बारात तामा गांव जाने वाली थी। परछावन की रस्म के दौरान डीजे पर युवक नाच रहे थे।


## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20401-SLR-F1-BSB-LKO-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.04.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 08.05.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.05.2026 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20904-SLR-F1-BSB-EKNR-26-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.04.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 08.05.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.05.2026 at 11:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22688-SLR-R1-BSB-MYS-26-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.04.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 08.05.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.05.2026 at 11:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20964-SLR-F1-BSB-SBIB-26-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.04.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 08.05.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.05.2026 at 12:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20415-SLR-F1-BSB-INDB-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.04.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 08.05.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.05.2026 at 12:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.04.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 08.05.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.05.2026 at 12:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20904-SLR-R1-BSB-EKNR-26-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.04.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 08.05.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.05.2026 at 12:30 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1394/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## विशेष रेलगाड़ियाँ

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**04221 प्रयागराज संगम – अयोध्या धाम जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| ↓ स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04221 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04221 प्रस्थान |
|---|---|---|
| प्रयागराज संगम | -- | 09:00 |
| अयोध्या धाम जं. | 12:30 | -- |

**चलने की तिथि : 04221 प्रयागराज संगम** से दिनांक 28.04.2026 (मंगलवार) को। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
**ठहराव:** प्रयागराज जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर जं. एवं अयोध्या कैंट स्टेशन।

**04232/04231 लखनऊ जं. – अयोध्या धाम जं. – लखनऊ जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04232 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04232 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04231 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04231 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 10:00 | लखनऊ जं. | 21:30 | -- |
| 13:00 | -- | अयोध्या धाम जं. | -- | 17:15 |

**चलने की तिथि : 04232 लखनऊ जं.** एवं **04231 अयोध्या धाम जं.** से दिनांक 28.04.2026 (मंगलवार) को। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
**ठहराव:** बाराबंकी जं., दरियाबाद, रुदौली एवं अयोध्या कैंट स्टेशन।

**04229/04230 वाराणसी जं. – अयोध्या धाम जं. – वाराणसी जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04229 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04229 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04230 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04230 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 09:00 | वाराणसी जं. | 22:10 | -- |
| 13:30 | -- | अयोध्या धाम जं. | -- | 17:45 |

**चलने की तिथि : 04229 वाराणसी जं.** एवं **04230 अयोध्या धाम जं.** से दिनांक 28.04.2026 (मंगलवार) को। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
**ठहराव:** जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर एवं गोशाईंगंज स्टेशन।

**04227 अयोध्या धाम जं. – लखनऊ जं. – अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| ↓ स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04227 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04227 प्रस्थान |
|---|---|---|
| अयोध्या धाम जं. | -- | 14:00 |
| लखनऊ जं. | 20:30 | -- |

**चलने की तिथि : 04221 अयोध्या धाम जं** से दिनांक 28.04.2026 (मंगलवार) को। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
**ठहराव:** अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1407/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


**वाराणसी में 'जन आक्रोश महिला सम्मेलन' को प्रधानमंत्री मोदी करेंगे संबोधित**

# 6,322 करोड़ की देंगे सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। शिव की नगरी काशी में मंगलवार (28 अप्रैल) को मातृ शक्तियों का सम्मेलन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र काशी आ रहे हैं। 'जन-आक्रोश महिला सम्मेलन' को देश के प्रधानमंत्री व काशी के सांसद नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे। भाजपा की ओर से बरेका ग्राउंड में प्रस्तावित इस सम्मेलन में लगभग 50 हजार महिलाओं की सहभागिता संभावित है। इस आयोजन की विशेषता यह है कि इसकी पूरी कमान महिलाएं संभालेंगी। यहां तक कि सुरक्षा व्यवस्था में महिला पुलिसकर्मी तैनात रहेंगी। सम्मेलन में महिला सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन और समान अवसर जैसे मुद्दों पर संवाद होगा। साथ ही प्रधानमंत्री वाराणसी को 6,322 करोड़ की 163 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर सौगात देंगे। साथ ही प्रधानमंत्री दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी ये योजनाएं पूर्वांचल के विकास को रफ्तार देगी। पीएम मोदी का पीएम 28 अप्रैल को दोपहर बाद वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने के बाद हेलीकॉप्टर से बरेका जनसभा स्थल करीब 5 बजे पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री की अगवानी राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ , डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक करेंगे। स्वागत करने में कई मंत्री तथा बीजेपी के वरिष्ठ पदाधिकारी भी हो सकते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के भी उपस्थित रहने की सम्भावना है। इसके अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, संगठन के अन्य पदाधिकारी और कई मंत्री भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। पीएम 29 अप्रैल को सुबह 8:30 बीएलडब्ल्यू से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करने जाएंगे । प्रधानमंत्री जनप्रतिनिधियों और संगठन के लोगों के साथ बैठक भी कर सकते है ।

मोदी-योगी सरकार द्वारा पूर्वांचल में बुनियादी सुविधाओं को मज़बूत करते हुए तेज गति से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। लोकार्पित और शिलान्यास होने वाली नई परियोजनाएं क्षेत्र के संतुलित और सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे जिसमें बनारस-पुणे (हडपसर) और अयोध्या-मुंबई (लोकमान्य तिलक टर्मिनस) ट्रेन है। परियोजनाओं के तहत नई सड़कों का निर्माण, रेलवे ओवरब्रिज, फ्लाईओवर, सड़क चौड़ीकरण जैसी व्यवस्थाओं से यातायात सुगम होगा। अस्पतालों के निर्माण और उच्चीकरण से स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी, जबकि शैक्षणिक संस्थानों के विकास से युवाओं को बेहतर शिक्षा का अवसर मिलेगा।

पेयजल, सीवरेज और स्वच्छता योजनाएं नागरिकों के स्वस्थ जीवन के अधिकार को सशक्त करेंगी। इसके साथ ही खेल सुविधाओं का विस्तार, तालाबों एवं कुंडों का जीर्णोद्धार, एसटीपी निर्माण, हरित ऊर्जा ,धार्मिक स्थलों और पक्के घाटों का विकास, पर्यटन सुविधाओं का विस्तार तथा बिजली व्यवस्था में सुधार,शहरी अवसंरचना आदि कई विकास के कार्यों है।

# बाइक सवार युवक की मौत, साथी गंभीर

## शादी से लौट रहे दो दोस्तों को डीसीएम ने सामने से मारी टक्कर, 100 मीटर तक घसीटती रही बाइक, चालक फरार


डीसीएम के नीचे फंसी बाइक


मृतक फाइल फोटो

### शादी के 7 महीने बाद टूटा परिवार

प्रशांत सिंह हाल ही में दिल्ली से अपने गांव लौटा था। करीब सात महीने पहले उसने प्रेम विवाह किया था और पत्नी के साथ दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। दोस्त के भाई की शादी में शामिल होने आया था, लेकिन लौटते वक्त हादसे में उसकी जान चली गई।

### चौकी के पास हादसा, फिर भी भाग निकला चालक

हादसे के बाद डीसीएम चालक वाहन लेकर भागता रहा, जबकि कुछ ही दूरी पर महोना पुलिस चौकी मौजूद है। बाद में चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सवाल उठ रहा है कि चौकी के पास होने के बावजूद पुलिस समय पर कार्रवाई क्यों नहीं कर सकी।

### अधूरा फुटपाथ बना हादसों की वजह

स्थानीय लोगों के अनुसार इटौंजा-कुर्सी मार्ग पर लगातार हादसे हो रहे हैं। पीडब्ल्यूडी द्वारा करीब 50 लाख रुपये का बजट स्वीकृत होने के बावजूद फुटपाथ निर्माण अधूरा पड़ा है। लोगों का कहना है कि सड़क सुरक्षा के इंतजाम न होने से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं।

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ। इटौंजा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों दोस्त शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही चीनी लदी डीसीएम ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

हादसा इटौंजा-कुर्सी मार्ग पर महोना बड़ी नहर के पास सुबह करीब 7:30 बजे हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक उछलकर दूर जा गिरे, जबकि बाइक डीसीएम के नीचे फंसकर करीब 100 मीटर तक घसीटती चली गई। इसके बावजूद चालक ने वाहन नहीं रोका और मौके से फरार हो गया।

हादसे में माधवपुर निवासी प्रशांत सिंह (26) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी वीरपाल (30) गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से घायल को सीएचसी इटौंजा पहुंचाया गया, जहां से हालत नाजुक देखते हुए मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया।बताया गया कि वीरपाल के भाई अमन की बारात रविवार को सीतापुर के रसूलाबाद गई थी। दोनों दोस्त बारात में शामिल होने के बाद सोमवार तड़के लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दोनों गांवों में मातम छा गया। वीरपाल के घर जहां बारात वापसी की तैयारियां चल रही थीं, वहीं हादसे की खबर से कोहराम मच गया। शिवरी गांव निवासी प्रशांत के परिवार में भी चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक सोबरन सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# प्रीपेड मीटर मामले में पावर कॉरपोरेशन पर अवमानना याचिका दायर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ नई अधिसूचना लागू न करने का मामला पहुंचा नियामक आयोग में



लखनऊ। स्मार्ट प्रीपेड मीटर मामले में सोमवार को उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग में पावर कॉरपोरेशन के खिलाफ अवमानना याचिका दायर कर दी। याचिका में कहा गया है कि प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता खत्म होने की संशोधित अधिसूचना के बाद भी यूपी में प्रीपेड मीटर के साथ ही नए कनेक्शन दिए जा रहे हैं। यह केंद्रीय कानून का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया है कि अनिवार्य तौर पर प्रीपेड मीटर के साथ नया कनेक्शन देकर पावर कॉरपोरेशन केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की अधिसूचना और विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 47(5) की व्यवस्था के खिलाफ काम कर रहा है। सीईए की अधिसूचना और विद्युत अधिनियम उपभोक्ताओं को प्रीपेड या पोस्टपेड मीटर चुनने का विकल्प देते हैं। वहीं, बीते साल सितंबर के बाद से पावर कॉरपोरेशन ने प्रीपेड मीटर के साथ ही नया कनेक्शन देना अनिवार्य कर दिया है। याचिका में कहा गया है कि नई अधिसूचना एक अप्रैल 2026 को जारी हुई थी। उस अधिसूचना के बाद प्रीपेड मीटर को अनिवार्य बताने वाली अधिसूचना स्वतः समाप्त हो गई। वहीं, पावर कॉरपोरेशन पुरानी और निष्प्रभावी अधिसूचना के आधार पर अब भी प्रीपेड मीटर से ही कनेक्शन दे रहा है। उपभोक्ताओं का हक मारने वाले अधिकारियों के खिलाफ हो कार्रवाईउपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सीईए की अधिसूचना और विद्युत अधिनियम की व्यवस्था के विपरीत जाकर प्रीपेड मीटर के साथ ही कनेक्शन देने में जुटे अधिकारी उपभोक्ताओं का हक मार रहे हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। नई अधिसूचना के विपरीत हो रहे काम से प्रदेश भर में विषम परिस्थिति खड़ी हो गई है। पावर कॉरपोरेशन की मनमानी से प्रदेश भर में असंतोष है। उपभोक्ता परिषद ने बिना उपभोक्ताओं की सहमति के प्रीपेड मोड में बदले गए 75 लाख स्मार्ट मीटरों को फिर से पोस्टपेड करने और बीते साल सितंबर के बाद से नए कनेक्शन भी पोस्टपेड करने की मांग की है। बिना उपभोक्ता की सहमति के कोई भी मीटर प्रीपेड न किया जाए।

# जूट प्रशिक्षण से आत्मनिर्भरता की राह 14 दिन में हुनरमंद बनेंगी महिलाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। मोहनलालगंज स्थित पाण्डेय कॉम्प्लेक्स में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी, लखनऊ द्वारा जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट के सहयोग से जूट उत्पाद निर्माण का 14 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय युवाओं, विशेष रूप से महिलाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ट्रस्ट के प्रबंधक डॉ. अजय पाण्डेय 'सत्यम' एवं बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी, लखनऊ के चेयरमैन रजनीकांत तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण किट वितरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल रोजगार के नए अवसर खोलते हैं, बल्कि स्वरोजगार को भी मजबूत आधार प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम समन्वयक एवं समाजसेवी अवधेश साहू ने बताया कि उनका उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए इस तरह के प्रशिक्षण लगातार आयोजित किए जाएंगे।

इस प्रशिक्षण में केंद्र प्रभारी जया सहित कुल 35 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आगामी 14 दिनों तक प्रतिभागियों को जूट उत्पाद निर्माण की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद स्वयं का रोजगार शुरू कर सकें।

# पियूष मिश्रा के भजन साधो रचना राम बनाई पर झूमे श्रद्धालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। चौक के लेटे हुए हनुमान मंदिर में त्रिसामा आर्ट्स के भक्ति राग सेवा कार्यक्रम में चंडीगढ़ के युवा शास्त्रीय गायक पियूष मिश्रा ने अपनी सुमधुर और भावपूर्ण गायकी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शास्त्रीय संगीत को जनप्रिय बनाने के लिए देश भर के युवा एकजुट होकर यहां अपनी प्रस्तुति देते हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत राग मारु बिहाग से हुई। जिसमें उन्होंने विलंबित ख़्याल जोकि रूपक ताल में निबद्ध है -पवन पुत्र हनुमान की प्रस्तुति दी। इसके बाद मध्य लय के खयाल में तीनताल पर आधारित जय बजरंग महाबली प्रस्तुत कर उन्होंने वातावरण को और अधिक ऊर्जावान और भक्तिमय बना दिया। अपने गायन के समापन में पियूष मिश्रा ने साधो रचना राम बनाई भजन प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं और श्रोताओं के हृदय को गहराई से स्पर्श किया। उनकी प्रस्तुति में शास्त्रीयता और भक्ति का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। तबले पर उनका साथ तुषार सहाय और हारमोनियम पर प्रशांत त्रिपाठी ने दिया। संगीत प्रेमियों ने इस संगीतमय संध्या का भरपूर आनंद लिया और कलाकारों की सराहना की। 'भक्ति राग सेवा' का उद्देश्य शास्त्रीय संगीत के माध्यम से भक्ति भाव को जन-जन तक पहुंचाना है, और यह आयोजन उसी दिशा में एक सफल प्रयास सिद्ध हुआ। इस मौके पर मंदिर के सेवादार डा. विवेक टांगड़ी और त्रिसामा आर्ट व भक्ति राग सेवा के संस्थापक अभिषेक शर्मा ने कलाकारों का सम्मान किया ।

## नशे में ई-रिक्शा चालक ने डिवाइडर पर चढ़ाया वाहन, पलटने से मासूम गंभीर घायल, चालक फरार

**बख्शी का तालाब, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सीतापुर हाईवे पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में आठ वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि ई-रिक्शा चालक ने शराब के नशे में लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे डिवाइडर पर चढ़ा दिया, जिससे रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। सीतापुर जिले के मछरेहटा निवासी छैल बिहारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी पत्नी और बेटे के साथ लखनऊ के पुरनिया से सिधौली जा रहे थे। जब उनका ई-रिक्शा बीकेटी क्षेत्र में इंटर कॉलेज के सामने पहुंचा, तभी चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन सीधे हाईवे के डिवाइडर पर चढ़ गया।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पलटे ई-रिक्शा को सीधा किया और घायल बच्चे को तत्काल सौ सैया अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।पीड़ित का आरोप है कि चालक शराब के नशे में था और दुर्घटना के तुरंत बाद मौके से फरार हो गया। घटना के बाद से परिजनों में आक्रोश है।पुलिस ने ई-रिक्शा को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## किसान पथ पर कैमरा पोल गिराकर उपकरण चोरी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीबीडी थाना क्षेत्र अंतर्गत किसान पथ पर लगे सुरक्षा कैमरों के पोल को गिराकर अज्ञात चोरों द्वारा लाखों के उपकरण चोरी कर लिया। कंपनी प्रतिनिधि की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्वालिक्स इंफॉर्मेशन सिस्टम एलएलपी के प्रतिनिधि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी कंपनी द्वारा नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अंतर्गत किसान पथ पर सुरक्षा एवं निगरानी के लिए कैमरे और अन्य उपकरण लगाए गए थे। 23 अप्रैल 2026 को सूचना मिली कि किसान पथ के विभिन्न स्थानों पर लगे कैमरा पोल को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गिरा दिया गया है। मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने पर पाया गया कि पोल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था और उस पर लगे कई उपकरण चोरी कर लिए गए थे। तहरीर के अनुसार, क्षतिग्रस्त उपकरणों में सोलर पैनल, कैमरे, क्लैंप, स्विच, केबल, फाउंडेशन सहित अन्य सामग्री शामिल है, जबकि चोरी हुए सामान में भी सोलर पैनल, कैमरे, डीसी कंट्रोलर, बैटरी और लाइटिंग अरेस्टर जैसे उपकरण शामिल हैं। इस घटना से कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है

## तालाब किनारे लगी आग, कड़ी मशक्कत के बाद बुझाई गई

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के हरिहरपुर पटसा गांव में सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग ने अचानक पूरे गांव में दहशत फैला दी। आबादी से सटे तालाब के किनारे घूरों, सूखी पत्तियों और बाँसकोठी में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। तेज लपटों और आसमान छूते धुएं के गुबार को देखकर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए मोर्चा संभाला और समरसेबल चलाकर आग बुझाने का अभियान शुरू कर दिया। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। समय रहते की गई इस कार्रवाई से आग को बस्ती की ओर बढ़ने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंची। सब-इंस्पेक्टर ओमप्रकाश पांडेय व आरक्षी दिनेश कुमार ने मौके का जायजा लेते हुए हालात पर नियंत्रण बनाए रखा। प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप द्विवेदी ने बताया कि आग और धुएं का गुबार उठते ही गांव में शोर मचाया गया, जिसके बाद राजन, मनोज, जीतू, श्यामू, साजन, रामू, लल्लन, शंकर समेत दर्जनों ग्रामीण एकजुट होकर आग बुझाने में जुट गए। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग सूखे घूरों और पत्तियों में लगना प्रतीत हो रही है। हालांकि, वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।

## दुष्कर्म कराने वाली महिला आरोपी हिरासत में

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समीरा उर्फ़ सहरीन ये उस महिला का नाम है जिसपर आरोप लगा है कि उसके द्वारा नाबालिग़ को बहला फुसला कर दुष्कर्म कराया गया है। थाना ठाकुरगंज मे 26 अप्रैल को पीड़िता के परिवार की तरफ से तहरीर दी गई थी कि उक्त महिला ने उसकी नाबालिग़ बच्ची को अपने घर बुलाया उसके बाद दानीश नाम के युवक को भी कमरे मे बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म करवाने की घटना को अंजाम दिया नाबालिग़ के विरोध करने पर उससे गाली गलौज की गई वा जान से मारने की धमकी भी दी गई इसी तहरीर पर ठाकुरगंज पुलिस ने महिला आरोपी समीरा को अपनी गिरफ्त मे ले कर उसके ऊपर दर्ज मुकदमे के आधार पर विधिक कार्यवाही कर रही है।

## रेलवे ट्रैक किनारे अज्ञात शव मिलने से सनसनी

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब भैदुआ रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। सुबह गश्त पर निकली पुलिस टीम की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू की गई।मिली जानकारी के अनुसार मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष आंकी जा रही है। शव की हालत काफी खराब थी, जिससे प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति चलती ट्रेन से गिरकर हादसे का शिकार हुआ होगा। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।मृतक ने नीली जींस और सफ़ेद रंग की नीली धारियों वाली शर्ट पहन रखी थी। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी।घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर मौजूद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र यादव ने बताया कि मृतक की पहचान कराने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है और आसपास के थानों को भी सूचना दे दी गई है।वहीं, इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों का सहारा लिया जा रहा है। प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन से गिरने का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

## बसंत विहार आत्महत्या मामला: 23 दिन बाद नया मोड़

**लखनऊ (चिनहट) कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र के कमता स्थित बसंत विहार कॉलोनी में 4 अप्रैल को हुई युवती की आत्महत्या के मामले में 23 दिन बाद नया मोड़ सामने आया है। मृतका की बहन ने दो नामजद लोगों पर संदेह जताते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिहार के बक्सर जनपद के ग्राम तियरा निवासी प्रीति कुमारी की बहन निशा सिंह यादव बसंत विहार कॉलोनी में सोनी उपाध्याय के मकान में किराये पर रहती थी। 4 अप्रैल को निशा ने कमरे के अंदर पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद मामले की जांच जारी थी। इसी बीच 23 दिन बाद मृतका की बहन प्रीति कुमारी ने आसपास के लोगों से जानकारी जुटाने के बाद रविवार को सदानंद शुक्ला और आदित्य यादव पर शक जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रीति कुमारी ने आरोप लगाया है कि सदानंद शुक्ला द्वारा उसकी बहन को लगातार परेशान किया जा रहा था, जिससे वह मानसिक रूप से तनाव में थी। जिसकी वजह से उनकी बहन ने ये कदम उठाया था।

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत बच्चियों को किया गया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 अभियान के तहत दिनांक 27 अप्रेल 2026 को गीता वस्त्रालय के निकट थाना अलीगंज मे बच्चियों को मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। इस अभियान मे महिलाओं व बच्चों को उनसे सम्बंधित पुलिस हेल्पलाइन नंबर जैसे 112, 1090,181,1076 एवं अन्य महत्वपूर्ण नंबरो के साथ ही महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, पिंक बूथ, पिंक स्कूटी, साइबर क्राइम, यूपी कॉप एप, आदि के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई साथ ही साइबर क्राइम से बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम मे उपनिरीक्षक रवींद्रनाथ प्रजापति उपनिरीक्षक शिवानी मिश्रा तथा उपनिरीक्षक प्रगति सिंह द्वारा अहम भूमिका निभाई गई।

# पुस्तक पढ़ने की प्रवृत्ति कम होना चिंताजनक : मनोजकांत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख मनोजकांत ने विद्यार्थियों में पुस्तकें पढ़ने की प्रवृत्ति कम होने पर चिन्ता व्यक्त की है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अच्छी पुस्तकें पढें और उनका उपयोग जीवन में करें।

मनोजकांत राष्ट्रधर्म कार्यालय राजेंद्र नगर लखनऊ में आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम 'पुस्तक चर्चा' में बोल रहे थे। साप्ताहिक परिचर्चा में उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसी पुस्तकें पढ़ने पर ध्यान देना चाहिए जो बहुश्रुत और बहुपठित हों। पुस्तक पढ़ने के क्रम में उसमें प्रस्तुत विचारों की प्रासंगिकता वैश्विक, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर परखना चाहिए।

पुस्तक चर्चा कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. जितेन्द्र कुमार ने प्रसिद्ध विचारक और लेखक डॉ. मनमोहन वैद्य की पुस्तक 'हम और यह विश्व' पर विशेष रूप से अपने विचार प्रकट किये। उल्लेखनीय है कि डॉ. जितेन्द्र कुमार इस पुस्तक की समीक्षा प्रतिष्ठित और लोकप्रिय मासिक पत्रिका-राष्ट्रधर्म में लिख चुके हैं। डॉ. जितेन्द्र कुमार ने कहा कि यह पुस्तक भारतवर्ष की उस सूक्ष्म अवधारणा का विश्लेषण करती है, जिसे हमारे प्राचीन ऋषियों ने प्रतिपादित किया और जिसे पीढ़ियों ने पुष्पित-पल्लवित किया। प्रस्तुत पुस्तक में लेखक ने धर्म, स्वत्व, हिन्दुत्व और सनातन जैसे जटिल विषयों की परतों को बड़ी सहजता से खोला है। डॉ. जितेन्द्र ने कहा कि 'हम और यह विश्व' इस मायने में अत्यधिक महत्त्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि इसमें सम्पूर्ण विश्व में भारतीय दर्शन, विचार पद्धति और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विषयों को अत्यन्त स्पष्टता और निर्भीकता से रखा गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त पुस्तक ऐसे लेखों का संग्रह है जो 2017 से 2025 के दौरान अलग-अलग समय पर लिखे गये तथा प्रमुख राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। पुस्तक को चार भागों में बाँटा गया है- संघ और समाज, भारत की आत्मा, असहिष्णुता का सच और प्रेरणा शाश्वत है। राष्ट्रधर्म के निदेशक डॉ. ओमप्रकाश ने चर्चा शुरू होने से पहले विषय को सारगर्भित तरीके से रखा। प्रभारी निदेशक सर्वेशचन्द्र द्विवेदी ने आभार प्रकट किया।

# पीडीए के लोगों से भाजपा सरकार में हो रहा खराब व्यवहार : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। हम समाजवादी लोग, पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) हिंदुस्तानियत पर खतरे को लेकर एकजुट हैं। हम लोग संघर्ष से पीछे हटने वाले नहीं है। हमारे लोगों के साथ बहुत खराब व्यवहार हो रहा है और यह सब सरकार के इशारे पर किया जा रहा है। इसमें सरकार के लोग शामिल हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोग शामिल हैं। यह आरोप समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लगाए। वे राजधानी लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि हम पीडीए समाज के लोगों के साथ खड़े हों, उनको न्याय दिलाएं। किसानों को लेकर एक बार फिर सपा अध्यक्ष ने हिमायत की और कहा कि हमने सबसे बड़ा फैसला लिया है। अक्सर ये देखते हैं कि उत्तर प्रदेश का किसान अपने भुगतान के लिए परेशान रहता है। खासकर गन्ना किसान। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर 24 घंटे के अंदर किसानों के गन्ने का भुगतान कराने का इंतजाम किया जाएगा। इस व्यव्यस्था को कैसे लागू करेंगे, वो भी तय कर लिया गया है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में जबसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है लगातार महिलाओं और बेटियों के खिलाफ घटनाएं बढ़ी हैं और इसलिए बढ़ी हैं कि मुख्यमंत्री यहां पर रुकते ही नहीं है। उनके साथ ही सब (प्रशासन) कहीं चले जाते हैं। आखिरकार जो सरकार दावा करती थी महिला सुरक्षा की, वो क्यों खोखली साबित हो रही है? उन्होंने इस दौरान गाजीपुर जनपद में नाबालिग लड़की की मौत के मामले पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से खराब है और कहीं भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने पार्टी की ओर से पीड़ित के परिजनों को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की बात कही। अखिलेश यादव ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले भाजपा के दावे पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आरक्षण देने का बिल संसद में पहले ही हो चुका है। भाजपा सरकार उसे तत्काल लागू करें, इसमें मोदी सरकार खुद देरी क्यों कर रही है? उनकी देरी से साफ है कि भाजपा महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती है।

# कौशल विकास से युवाओं का भविष्य होगा उज्ज्वल: अरमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल डिग्री कॉलेज में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन केंद्र का भव्य उद्घाटन पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरमान खान द्वारा किया गया। विद्यामणि स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से संचालित इस केंद्र के जरिए युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस अवसर पर कॉलेज के संस्थापक डॉ. डी.सी. श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ. वी.के. श्रीवास्तव, प्रोजेक्ट समन्वयक मोहम्मद शकील और डॉ. ब्रजमोहन श्रीवास्तव मौजूद रहे। कार्यक्रम में डॉ. रश्मि तिवारी, डॉ. सुशीला पांडे, डॉ रोली श्रीवास्तव, श्रीमती निक्की श्रीवास्तव, भावना सेठी, टी के चौधरी,राखी सिंह, नवेद आलम, संतोष कुमार, प्रकाशनी सहित अन्य प्रवक्ताओं एवं विद्यार्थियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विधायक अरमान खान जी ने कहा कि कौशल प्रशिक्षण से युवा आत्मनिर्भर बनेंगे।

# एनसीसी बटालियन सीतापुर में ड्रोन लैब का निरीक्षण

**❐ मेजर जनरल गौरव गौतम ने सराहा कैडेट्स का कौशल**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सीतापुर। मेजर जनरल गौरव गौतम, वीएसएम, एडीजी, एनसीसी निदेशालय (उत्तर प्रदेश), लखनऊ ड्रोन लैब का निरीक्षण करने हेतु आज दिनांक 27 अप्रैल 2026 को 22 यूपी बटालियन एनसीसी, सीतापुर पहुंचे। इस अवसर पर एडीजी ने बटालियन का दौरा किया एवं ड्रोन लैब सेटअप का अवलोकन किया।अपने दौरे के दौरान उन्होंने बटालियन में स्थापित ड्रोन लैब की संरचना, उपकरणों एवं प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने ड्रोन प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे कैडेट्स से भेंट की और उनसे प्रशिक्षण के अनुभवों के बारे में जानकारी प्राप्त की।कैडेट्स द्वारा ड्रोन संचालन, असेंबली एवं उसके विभिन्न उपयोगों से संबंधित जानकारी साझा की गई, जिसे सुनकर उन्होंने कैडेट्स के कौशल, आत्मविश्वास एवं तकनीकी समझ की सराहना की।एडीजी ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए आधुनिक तकनीक के महत्व पर बल दिया तथा उन्हें भविष्य में नवाचार एवं तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कैडेट्स को जीवन में सफलता के लिए मंत्र भी बताए, जिन पर विशेष रूप से ध्यान देने और उन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर ग्रुप कमांडर पुनीत श्रीवास्तव, वीएसएम, कमान अधिकारी कर्नल राजकुमार एच सिंह सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने कैडेट्स के उत्साह, अनुशासन एवं सीखने की लगन की प्रशंसा की।यह दौरा कैडेट्स के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।

# प्रधानमंत्री के गंगा एक्सप्रेस–वे उद्घाटन कार्यक्रम के चलते जिले के रूट डायवर्ट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**❐ आज शाम 06 बजे से 29 अप्रैल रात्रि 12 बजे तक रूट डायवर्ट**

शाहजहांपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा हरदोई में गंगा एक्सप्रेस-वे उद्घाटन कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसके चलते प्रशासन ने रूट डायवर्जन व्यवस्था की है। इसी क्रम में जनपद के थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र प्रवेश स्थल से गंगा एक्सप्रेस-वे पर आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। शाहजहांपुर से हरदोई कार्यक्रम स्थल जाने वाली बसें थाना अल्हागंज क्षेत्र के हुल्लापुर से याकूबपुर तिराहा होते हुए और जनपद फर्रुखाबाद की ओर जाने वाली बसें हुल्लापुर चौराहे से रूपापुर कट के माध्यम से गंगा एक्सप्रेस-वे से गंतव्य को जाएंगी। इस दौरान चार पहिया वाहनों के अलावा अन्य किसी भी प्रकार के भारी वाहन का आवागमन हुल्लापुर-रूपापुर मार्ग पर प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह शाहजहांपुर से हरदोई होकर लखनऊ जाने वाले भारी वाहनों को हरदोई चौराहे से डायवर्ट कर सीतापुर मार्ग से लखनऊ की ओर भेजा जाएगा। हुल्लापुर से हरदोई जाने वाले भारी वाहनों को याकूबपुर तिराहा, जलालाबाद से बरेली मोड़ होते हुए हरदोई बाईपास के रास्ते सीतापुर होते हुए लखनऊ भेजा जाएगा। थाना कांट क्षेत्र की कुर्रिया कलां चौकी से हरदोई जाने वाले भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित है। जबकि कार्यक्रम में जाने वाली बसें गंगा एक्सप्रेस-वे से होकर जाएंगी। चार पहिया वाहन हरदोई बाईपास से सेहरामऊ दक्षिणी होते हुए अथवा अल्हागंज-पाली मार्ग से मल्लावां के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रशासन के अनुसार, हुल्लापुर से हरदोई जाने वाले भारी वाहनों को हुल्लापुर चौराहे के पास फैमिली रेस्टोरेंट या टाइगर ढाबा पर रोका जाएगा। इधर, सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में देशी ढाबा पर शाहजहांपुर से हरदोई जाने वाले भारी वाहनों को रोक दिया जाएगा। बताया गया कि उक्त डायवर्जन प्लान 28 अप्रैल को शाम 06 बजे से 29 अप्रैल रात्रि 12 बजे तक प्रभावी रहेगा। प्रशासन ने आमजन से अपील की है।

## पुलिस से मारपीट, वीडियो वायरल, महिला समेत पांच गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना मदनापुर क्षेत्र में बारात के दौरान बुग्गी वाले से रूपए के लेन देन में हुए विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस से मारपीट की गई। इस मामले में पुलिस ने एक महिला समेत पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।बीती रात थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव हैदलपुर में बारात के दौरान बुग्गी वाले से रूपए के लेन देन में विवाद हो गया। सूचना पर पीआरवी में तैनात कांस्टेबल मोहित कुमार और होमगार्ड महेन्द्र पाल पहुंचे। इस दौरान बारातियों ने कांस्टेबल मोहित कुमार और होमगार्ड महेन्द्र पाल से गाली-गलौज कर मारपीट की, उनकी वर्दी फाड़ दी। यही नहीं, बॉडीवॉर्न कैमरा क्षतिग्रस्त कर दिया। इस मामले में कांस्टेबल मोहित कुमार की तहरीर पर पांच नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ संबधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। इसी क्रम में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हैदलपुर गांव से कांस्टेबल से मारपीट करने के आरोपी एक महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया।

# मिट्टी की जांच के लिए उचित समय, नमूना एकत्रित कर कराए परीक्षण

**❐ हरी खाद के लिए सनई, ढैचा, उड़द, मूंग या तिल का करे प्रयोग, जैव उर्वरकों को दे प्राथमिकता, घटेगी फसल की लागत**

**❐ कृषि विज्ञान केंद्र कटिया सीतापुर द्वारा जनपद सीतापुर के किसानों के लिए विशेष जागरूकता अभियान विभिन्न विकास खंडों एवं ग्राम पंचायतो मे चलाया जा रहा है**




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। जनपद के विकास खण्ड बिसवां के ग्राम डफरा में आज कृषि विज्ञान केन्द्र-द्वितीय (खठ्ठ्ख-त्र्क्र), कटिया, सीतापुर द्वारा 'उर्वरकों के संतुलित उपयोग' पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के आधुनिक गुर सिखाए।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं मृदा वैज्ञानिक डा0 सचिन प्रताप तोमर ने किसानों को रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग के प्रति सचेत किया। उन्होंने बताया कि जनपद की मिट्टी के स्वास्थ्य को देखते हुए रसायनों का बेतहाशा प्रयोग हानिकारक है और बिना मिट्टी परीक्षण के खाद डालना न केवल पैसों की बर्बादी है, बल्कि इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी क्षीण हो रही है। उन्होंने नैनो यूरिया प्लस की तकनीक पर जोर देते हुए बताया कि फसल की बोआई के 30-35 दिन बाद 4 मिली प्रति लीटर पानी के हिसाब से पत्तियों पर छिड़काव करने से उत्पादन में भारी वृद्धि होती है।

वहीं, विमल वर्मा एस0एफ0ए0 सीतापुर ने समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन और जैव उर्वरकों के प्रयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने फसल के बेहतर जमाव के लिए नैनो डी.ए.पी. के महत्व पर प्रकाश डाला और सलाह दी कि 5 मिली प्रति किलोग्राम बीज की दर से बीज उपचार करके ही बोआई करें, जिससे जड़ें मजबूत होती हैं।

किसानों को मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर ही पोषक तत्वों के प्रबंधन की सलाह दी गई। कार्यक्रम में रामनरेश, बनवारी लाल, दिलीप कुमार व वीरेन्द्र कुमार सहित कुल 32 किसानों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। वैज्ञानिकों ने किसानों की समस्याओं का समाधान करते हुए उन्हें 'कम लागत, अधिक उत्पादन' का मंत्र दिया।

## चोरी के ई-रिक्शा समेत एक गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना कोतवाली पुलिस ने चोरी के ई-रिक्शा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।26 अप्रैल को थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बिजलीपुरा निवासी मोहम्मद मोबीन पुत्र वसीम पे पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 अप्रैल को बंका घाट के पास से किसी अज्ञात ने उसका ई-रिक्शा चोरी कर लिया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उसकी तलाश शुरू की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खन्नौत नदी के किनारे शिव मंदिर के पास से चोरी के ई-रिक्शा समेत अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया अभियुक्त थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला मामूड़ी में दीवान दादा की मजार के पास रहने वाला जलालुद्दीन पुत्र नत्थू है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त जलालुद्दीन को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक विवेक कुमार और विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# सख्त पहरे में संपन्न हुई होमगार्ड परीक्षा–2026, परीक्षा केंद्रों पर रहे कड़े इंतजाम

**❐ डीएम-एसपी ने केंद्रों का लिया जायजा, सीसीटीवी से रखी गई कड़ी निगरानी**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। उप्र होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट 2026 के तीसरे और अंतिम दिन जनपद में 16 परीक्षा केंद्रों पर सोमवार को अभ्यर्थियों ने कड़ी सुरक्षा निगरानी में दोनों पाली की परीक्षा दी। इस दौरान दोनों पालियों में बुलाए गए 13056 में से 10052 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए जबकि 3004 ने गैर हाजिर रहकर परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने दोनों सत्रों की परीक्षा में भ्रमणशील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों (पॉलिटेक्निक स्कूल, जिला पंचायत इंटर कॉलेज कालाआम) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने परीक्षार्थियों हेतु भौतिक सुविधाओं-सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों को चैक किया व संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भी भ्रमणसील रहकर अपने सेक्टर के परीक्षा केंद्रों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया।

हर केंद्र पर मजिस्ट्रेट व इंस्पेक्टर की अगुवाई में भारी पुलिस बल व महिला सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में मेटल डिटेक्टर, फोटो स्कैनर, बायोमीट्रिक सत्यापन के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश कराया गया। परीक्षा संपन्न होने के बाद सभी ओएमआर शीट जमा कराने के बाद परीक्षार्थियों को केंद्र से बाहर जाने की अनुमति दी गई। दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### सकुशल संपन्न हुई परीक्षा, डीएम ने दी बधाई

जिले के 16 केंद्रों पर संचालित उप्र होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट 2026 परीक्षा शांतिपूर्ण, नकल विहीन, सकुशल, व्यवस्थित एवं निर्विघ्न संपन्न होने पर जहां एक और प्रशासन ने राहत की सांस ली। वहीं डीएम अंजनी कुमार सिंह ने परीक्षा को संपन्न कराने में अहम किरदार निभाने वाले परीक्षा के नोडल अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं कार्मिको को शुभकामनाएं दी।

# राजस्व कर्मियों की मनमानी: पैसे लेकर भी गलत तरीके से की भूमि की पैमाइश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निघासन , खीरी। तहसील निघासन के अंतर्गत ग्राम पंचायत बंगलहा तकिया में राजस्व विभाग के खेल का एक गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने लेखपाल और कानूनगो पर रिश्वत लेने और मिलीभगत कर भूमि की गलत पैमाइश करने का सनसनीखेज आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की मांग की है।

मजरा तकियापुरवा निवासी विजय पाल पुत्र चुरामणि ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी गाटा संख्या-452 की पैमाइश के लिए कानूनगो देशराज वर्मा और लेखपाल ज्योति प्रकाश वर्मा मौके पर आए थे। आरोप है कि राजस्व कर्मियों ने प्रार्थी को सूचना दिए बिना, उसके अन्य चार भाइयों की मौजूदगी में भूमि की गलत तरीके से पैमाइश कर दी, जिससे भाइयों के बीच भूमि का बंटवारा असमान हो गया।

**रिश्वत लेने और फर्जी आख्या लगाने का आरोप**

विजय पाल का आरोप है कि इस कार्य के लिए कानूनगो देशराज वर्मा ने उनसे 30,000 रुपये भी लिए थे, जिसके साक्ष्य प्रार्थी के पास मौजूद होने का दावा किया गया है। इसके बावजूद, कानूनगो द्वारा पोर्टल पर गलत और फर्जी आख्या लगा दी गई। प्रार्थी ने पहले भी 29 मार्च 2026 को मुख्यमंत्री पोर्टल और जिलाधिकारी को ऑनलाइन शिकायत की थी, लेकिन उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

**बंटवारे में भारी विसंगति**

प्रार्थना पत्र के अनुसार, कुल भूमि का बंटवारा इस प्रकार किया गया है कि किसी को 150 डिसमिल तो प्रार्थी को केवल 136 डिसमिल जमीन दी गई है। प्रार्थी का कहना है कि राजस्व कर्मियों ने विपक्षीगणों से मिलकर अपनी मनमानी की है और उन्हें उनके हक से वंचित रखा जा रहा है।

**जिलाधिकारी से उच्चाधिकारियों द्वारा जांच की मांग**

पीड़ित किसान ने जिलाधिकारी से निवेदन किया है कि इस मामले का संज्ञान लेते हुए उच्चाधिकारियों की एक टीम गठित की जाए, जो मौके पर जाकर पुनः निष्पक्ष पैमाइश कराए और प्रार्थी को उसकी भूमि पर कब्जा दिलाते हुए न्याय सुनिश्चित करे।

## बिसवां बार एसोसिएशन ने हर्षोल्लास से मनाया एडवोकेट प्रदीप कुमार सिंह का जन्मदिन

बिसवां, सीतापुर। बिसवां बार एसोसिएशन, बिसवां के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने संरक्षक, मार्गदर्शक व प्रेरणास्रोत निवर्तमान सह-अध्यक्ष,राज्य विधिक परिषद उत्तर प्रदेश एवं सदस्य,बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश का जन्मदिन हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ मनाया। बिसवां बार एसोसिएशन बिसवा के सचिव एडवोकेट नीरज कुमार श्रीवास्तव,वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट संतोष कठेरिया, एडवोकेट उपाध्यक्ष इंतिखाब आलम सिद्दीकी,कोषाध्यक्ष एडवोकेट अनमोल कन्हैया, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट प्रवीण यादव,कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट मोहित सैनी सहित, हाई कोर्ट की वरिष्ट अधिवक्ता अमृता सिंह समेत अन्य लोग एवं अधिवक्ता मौजूद रहे।

# डीएम व सीडीओ ने हनुमत धाम के सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण

**❐ डीएम ने 31 मई तक शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने आज मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी के साथ हनुमंतधाम का स्थलीय निरीक्षण किया और सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित हनुमतधाम के सौंदर्यीकरण (रिवर फ्रंट परियोजना) की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान बताया गया कि खन्नौत नदी के पक्का पुल से नए पुल नदी तट तक पक्की दीवार एवं पथ विकास के साथ हनुमतधाम के चारों ओर सौंदर्यीकरण कार्य लगभग 935.68 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है।

जिसका 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हनुमतधाम एवं नवीन पथ में प्रकाश व्यवस्था, लाइटिंग, शौचालय, छाया शेड, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक जनसुविधाओं का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। कहा कि यह कार्य पूर्ण होने के बाद हनुमतधाम से पक्का पुल तक यह पथ आपस में जुड़ जाएगा, जिससे लोग सुबह और सायंकाल वॉक कर सकेंगे। उन्होंने संबंधित कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए कि 31 मई तक हर हाल में सभी निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा बैठक




**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में 29 अप्रैल को जनपद हरदोई के मल्लावां में प्रस्तावित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में लाभार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने कार्यक्रम में शामिल होने वाले विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या और व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण की जाएं, ताकि कार्यक्रम में जाने वाले लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। आवागमन के लिए ससमय बसें अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचे। जाने वाले लाभार्थियों की सूची फोन नंबर के साथ बनाई जाए। सभी बसें 29 अप्रैल को प्रातः 5:30 बजे निर्धारित समय पर रवाना की जाएं। लाभार्थियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, परियोजना निदेशक अवधेशराम, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने की विद्युत विभाग की समीक्षा, निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में डीएम ने निर्धारित समय पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अभियंताओं और कर्मचारियों को तैनाती स्थल पर रात्रि विश्राम करने, फोन कॉल रिसीव करने तथा आमजन से बेहतर व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए। कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों के मोबाइल नंबर सुरक्षित रखें तथा ट्रांसफार्मर खराब होने या लाइन लॉस की सूचना मिलने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करें। उनहोंने मुख्य विकास अधिकारी को पंचायत घरों में विद्युत संबंधी शिकायतों के लिए 1912 हेल्पलाइन नंबर की वॉल पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत बिल संशोधन में किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में विद्युत चोरी एवं लाइन लॉस पर रोक लगाने के लिए विशेष टीम गठित कर गांवों में छापेमार अभियान चलाने, प्राथमिक विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों की शिफ्टिंग कराने तथा शेष आंगनबाड़ी केंद्रों में शीघ्र विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर, अधीक्षण अभियंता, एसडीओ, अवर अभियंता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसपी ने थाना पुवायां का किया निरीक्षण, लंबित विवेचनाओं का जल्द निस्तारण के निर्देश



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने सोमवार को थाना पुवायां का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था, बैरक, मालखाना, शास्त्रागार, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, कार्यालय अभिलेख, अपराध रजिस्टर, आगन्तुक रजिस्टर, जीडी, बीट बुक, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, टॉप-10 अपराधियों की सूची, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई, वारण्ट-समन की तामील, लंबित विवेचनाओं एवं अभियोगों की समीक्षा की और लंबित विवेचनाओं का जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी और अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर वहां पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों से बातचीत की तथा महिलाओं से संबंधित शिकायतों का संवेदनशीलता, प्राथमिकता एवं गोपनीयता के साथ त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि महिला पीड़िताओं के प्रति व्यवहार पूर्णतः सहानुभूतिपूर्ण, सम्मानजनक एवं विश्वास उत्पन्न करने वाला हो, जिससे वे निर्भीक होकर अपनी बात रख सकें। उन्होंने सीसीटीएनएस कक्ष का निरीक्षण करते हुए ऑनलाइन अभिलेखों के अद्यतन, डाटा फीडिंग की गुणवत्ता एवं समयबद्धता की समीक्षा की तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने को कहा। उन्होंने बीट प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्तियों, गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस बल को अनुशासन, समय पालन एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ ड्यूटी करने, आमजन के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने तथा पुलिस की सकारात्मक छवि को सुदृढ़ करने हेतु प्रेरित किया।

# सात वर्षीय मासूम से दरिंदगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, नीमगांव पुलिस ने भेजा जेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखीमपुर खीरी। जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे कड़े अभियान के तहत नीमगांव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक 7 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, थाना नीमगांव क्षेत्र के बेहजम निवासी धीर सिंह पुत्र चंद्रभाल सिंह पर एक 7 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म करने का जघन्य आरोप था। इस संबंध में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ मु0अ0सं0 152/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (उ.ग.ट्ट.) की धारा 65(2) और 5(द्व)/6 पॉक्सो (घ्एट्टग) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए टीम गठित की गई थी। क्षेत्राधिकारी मितौली के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम के नेतृत्व वाली टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए रविवार (26 अप्रैल) को अभियुक्त धीर सिंह को उसके गांव बेहजम से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक औपचारिकताएं पूरी कीं और सोमवार को आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

# भीषण गर्मी का तांडव: झुलसा रही लू, लखीमपुर खीरी में 'येलो अलर्ट' जैसे हालात

**❐ अस्पतालों में बढ़े डायरिया के मरीज; प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी, दोपहर 12 से 3 बजे तक घर में रहने की सलाह**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखीमपुर, खीरी। अप्रैल का महीना विदा होने की ओर है, लेकिन जाते-जाते सूरज की तपिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। जनपद लखीमपुर खीरी समेत आस-पास के इलाकों में गर्मी का प्रकोप अब जानलेवा होने लगा है।

आसमान से बरसती आग और थपेड़े मारती 'लू' (क्खथ्ऌ डथफ्द्ध) ने लोगों का घरों से निकलना दूभर कर दिया है। गर्मी के बढ़ते ग्राफ के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं पर भी दबाव बढ़ने लगा है, खासकर डायरिया और डिहाइड्रेशन के मामलों में भारी उछाल देखा जा रहा है।?मौसम विभाग और प्रशासन ने हीट वेव के खतरे को देखते हुए जिले में सतर्कता बढ़ा दी है। इस भीषण गर्मी को हल्के में न लें। तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती है। प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।?इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज?स्वास्थ्य विभाग ने हीट स्ट्रोक को 'मेडिकल इमरजेंसी' घोषित करते हुए लोगों को आगाह किया है। यदि किसी व्यक्ति में निम्नलिखित लक्षण दिखें, तो तुरंत सावधानी बरतें, अचानक तेज बुखार आना और चक्कर खाना।?जी मिचलाना, उल्टी होना या बेहोशी छाना।, पसीना आना बंद होना और शरीर का तापमान असामान्य रूप से बढ़ना। किसी भी आपात स्थिति में लापरवाही न बरतें और तुरंत 108 या 102 एंबुलेंस सेवा से संपर्क कर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुँचें।

# प्रभारी मंत्री ने की जनपदीय विकास कार्यों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ प्रभारी मंत्री ने रैंकिंग में सुधार कर जनपद को विकास कार्यों में प्रथम स्थान पर लाने के लिए प्रेरित भी किया

❐ धरातल पर कार्यों को नियमित रूप से चेक करने के निर्देश भी दिए।

बदायूँ। प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने सोमवार को विकास भवन सभागार में जनपदीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करने के लिए कहा तथा धरातल पर कार्यों को नियमित रूप से चेक करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने रैंकिंग में सुधार कर जनपद को विकास कार्यों में प्रथम स्थान पर लाने के लिए प्रेरित भी किया।प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा व जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को आंकड़ों को देने से पहले स्वयं चेक करने के लिए भी कहा तथा गर्मी के चलते गौ आश्रय स्थलों पर शासन की निर्देशों के क्रम में सभी समुचित व्यवस्थाएं कराने के निर्देश भी दिए। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को ग्रीष्म ऋतु में डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ने पर सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पताल में समुचित व्यवस्थाएं करने के लिए कहा, जिस पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोल्ड रूम बना लिए गए हैं। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को ग्रीष्म ऋतु के चलते बिजली की व्यवस्थाओं को सुधार करने के लिए कहा।जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि मार्च 2026 में जनपद को विकास कार्यों में 28वीं व राजस्व में 20वीं रैंक प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले सीएम डैशबोर्ड के 85 कार्यक्रमों की समीक्षा की जाती है। उन्होंने बताया कि मार्च 2026 में जनपद को 69 कार्यक्रमों में ए श्रेणी व 6 कार्यक्रमों में बी श्रेणी प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में नेडा को 5880 का लक्ष्य प्राप्त हुआ जिसमें से 1711 के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है वही मुख्यमंत्री आवास में वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त 1081 के लक्ष्य के सापेक्ष 872 आवासों को पूर्ण कर लिया गया है शेष का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, जिनको जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019-20 से अब तक 6172 आवास लाभार्थियों को उपलब्ध कराए गए हैं तथा वित्तीय वर्ष 26-27 के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत जनपद को वर्तमान वित्तीय वर्ष में 1600 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि इसके सापेक्ष तीन गुना आवेदन प्राप्त करें और लक्ष्य को पूर्ण करें। बैठक के दौरान वृद्धावस्था पेंशन, जिला पोषण कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना आदि कार्यक्रमों व योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि विद्युत उप केंद्रो व कार्यालय में विद्युत विभाग के अधिकारियों व कार्मिकों के नंबरों को अद्यतन कर लिया जाए। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में कुपोषित बच्चों को भर्ती कराकर उनको सुपोषित करने के निर्देश भी दिए। इससे पूर्व जनपद आगमन पर प्रभारी मंत्री जी को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिलाधिकारी ने बुके देखकर उनका स्वागत किया।इस अवसर पर जिला वन अधिकारी निधि चौहान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक कल्पना जायसवाल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ समदर्शी सरोज, प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीमोहन झा,सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चंदोला सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# दो अफसरों की हत्या के मामले में बड़ी कार्रवाई मुख्य आरोपी अजय प्रताप पर लगा रासुका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ जिलाधिकारी ने सोमवार को एसएसपी अंकिता शर्मा की रिपोर्ट के आधार पर इस कार्रवाई को मंजूरी दी

बदायूं। सैजनी गांव स्थित एचपीसीएल प्लांट में दो अफसरों की हत्या करने के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह पर बड़ी कार्रवाई की गई है। जेल में बंद आरोपी अजय प्रताप सिंह के खिलाफ प्रशासन ने रासुका के तहत कार्रवाई की है।

चर्चित दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी ने सोमवार को एसएसपी अंकिता शर्मा की रिपोर्ट के आधार पर इस कार्रवाई को मंजूरी दी। बीते 12 मार्च को प्लांट के दो अफसरों की हत्या के इस मामले में पांच आरोपी इस समय जेल में है। यह घटना 12 मार्च 2026 को हुई थी। अजय प्रताप सिंह ने मूसाझाग थाना क्षेत्र के सैजनी गांव स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बायोगैस प्लांट में घुसकर दो वरिष्ठ अधिकारी सुधार गुप्ता और हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से अजय प्रताप सिंह घायल हुआ था। पुलिस ने इस मामले में भी केस दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि यह वारदात एक आपराधिक षड्यंत्र का हिस्सा थी। इस मामले में मुनेंद्र विक्रम सिंह, धर्मेंद्र, अभय प्रताप सिंह उर्फ कल्लू और केशव उर्फ मिचकू सहित चार अन्य सह-आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह का आपराधिक इतिहास रहा है, जिसमें अवैध कब्जे और हिंसक घटनाएं शामिल हैं। प्रशासन ने उसकी लगातार आपराधिक गतिविधियों को समाज के लिए खतरा माना है। पुलिस जांच के दौरान यह भी सामने आया कि यह वारदात अकेले नहीं, बल्कि एक आपराधिक षड्यंत्र के तहत अंजाम दी गई थी। इस साजिश में शामिल मुनेंद्र विक्रम सिंह, धर्मेंद्र, अभय प्रताप सिंह उर्फ कल्लू और केशव को भी गिरफ्तार किया गया है। इन सभी सह-अभियुक्तों को जिला कारागार बदायूं भेजा जा चुका है। मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह का आपराधिक रिकॉर्ड भी गंभीर रहा है, जिसमें वर्ष 2016 में अवैध कब्जे और वर्ष 2026 में हत्या, हमला व पुलिस मुठभेड़ के मामले दर्ज हैं। प्रशासन ने अजय प्रताप सिंह की गतिविधियों को 'लोक व्यवस्था के लिए खतरा' मानते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत निरुद्ध करने का फैसला किया। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, आरोपी की गतिविधियां सामान्य कानून से नियंत्रित नहीं हो पा रही थीं। दोहरे हत्याकांड जैसी जघन्य घटना, पुलिस पर हमला और लगातार आपराधिक गतिविधियां रासुका लगाने के मुख्य आधार रहे। समाज में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा करने के कारण भी यह कदम उठाया गया। एसएसपी बताया कि एचपीसीएल दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह के खिलाफ पुलिस ने रासुका के तहत कार्रवाई की है। इस मामले में जल्द ही चार्जशीट भी कोर्ट में दाखिल करने की तैयारी चल रही है।

# डीएम ने की गंगा एक्सप्रेसवे उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ डीएम ने बताया कि इस अवसर पर जनपद के घटपुरी इंटरचेंज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि,गणमान्य लोग, आमजन व अधिकारीगण मौजूद रहेंगे

बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आगामी 29 अप्रैल को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा जनपद हरदोई में किये जा रहे गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण कार्यक्रम के परिपेक्ष में जनपद में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जनपद के घटपुरी इंटरचेंज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि,गणमान्य लोग, आमजन व अधिकारीगण मौजूद रहेंगे। जिलाधिकारी ने आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, मंच संचालन, प्रचार प्रसार, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था आदि विभिन्न व्यवस्थाओं पर एक-एक कर चर्चा की आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभाग अधिकारियों को दिए।इस अवसर पर जनपद हरदोई में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे जनपद मेरठ से प्रारंभ होकर जनपद प्रयागराज तक जाता है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 594 किलोमीटर है। उन्होंने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे का विस्तार मेरठ-बुलन्दशहर मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-334) पर जनपद-मेरठ के बिजौली ग्राम से प्रारम्भ होकर प्रयागराज बाईपास (राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19) पर जनपद-प्रयागराज के जुडापुर दाँदू ग्राम के समीप तक है। सम्बन्धित 12 जनपदों में 21 इण्टरचेंज है। उन्होंने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे जनपद मेरठ से प्रारंभ होकर जनपद प्रयागराज तक जाता है। बदायूं में यह एक्सप्रेस-वे लगभग 91 किलोमीटर का है जिसमें यह ब्यौर कासिमाबाद तहसील बिसौली से प्रारंभ होकर दातागंज के कुंडरा मजरा तक रहेगा। जनपद में तीन इंटरचेंज हैं जिसमें घटपुरी, बनकोटा (बिसौली) व डहरपुर (दातागंज) है। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जनगणना 2027 के संबंध में विकासखंड पवांसा में आयोजित हुआ कार्यशाला, प्रशिक्षण कार्यक्रम

❐ जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के तहत स्व-गणना (Self-Enumeration) की प्रक्रिया 7 मई 2026 से शुरू होकर 21 मई 2026 तक चलेगी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। मुख्य विकास अधिकारी सम्भल ने ग्राम खिरनी मोइनुद्दीनपुर विकासखंड पवांसा में जनगणना 2027 के संबंध में स्वगणना को प्रेरित करने के लिए कार्यशाला / प्रशिक्षण का आयोजन किया जिसमें ग्रामीण आजीविका मिशन की समस्त समूह सखियां, ग्रामवासी,सहायक विकास अधिकारी ग्राम विकास, ब्लॉक मिशन मैनेजर एवं अन्य पंचायत कर्मी उपस्थित रहे । मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षण में बताया कि उत्तर प्रदेश में जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के तहत स्व-गणना (Self-Enumeration) की प्रक्रिया 7 मई 2026 से शुरू होकर 21 मई 2026 तक चलेगी। जिसमें प्रत्येक ग्रामवासी https: //se. census. gov.in पर जाकर 16 भाषाओं में से अपनी भाषा चुनकर दिए प्रश्नों का उत्तर देकर स्वगणना कर सकता है गणना पूर्ण होने पर उसे मोबाइल पर SEID प्राप्त होगी जिसको जब जनगणना अधिकारी/प्रगणक घर आए तो बस उन्हें ट्रक क्रक दिखाना है । आपको दुबारा जानकारी नहीं देनी । इस प्रकार समय की बचत एवं सूचनाओं की सटीकता के साथ जनगणना का कार्य प्रभावी ढंग से संपादित किया जा सकेगा ।

## कार चालक की गोली मारकर हत्या, कार के अंदर सीट पर मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

शाहजहांपुर। थाना पुवायां क्षेत्र में बुकिंग पर गए कार चालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। चालक का शव कार के अंदर खून से लथपथ मिला। जबकि कार की पिछली सीट के पायदान पर तमंचा पड़ा मिला। जिसमें कारतूस का खोखा फंसा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच में जुटी है।थाना आरसी मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला दलेलगंज में नई बस्ती के रहने वाले कुलदीप राठौर अपनी कार को बुकिंग पर चलाते थे। रविवार रात कुलदीप पुवायां क्षेत्र के एक सैदापुर गांव में बुकिंग पर कार ले जाने की बात कहकर घर से निकले थे। सोमवार सुबह पुवायां थाना क्षेत्र के बड़ागांव में वीरमपुर-सदापुर रोड पर खेत में उनकी कार मिली, कार के अंदर चालक सीट पर कुलदीप का शव पड़ा था, कुलदीप की पीठ पर गोली लगी थी। जबकि पिछली सीट के पायदान पर एक तमंचा पड़ा था, जिसमें कारतूस का खोखा फंसा था। सूचना पर पुवायां पुलिस के साथ एसपी ग्रामीण और पुवायां सीओ ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

## डीएम ने किया जेल का निरीक्षण

**बदायूं , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सोमवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां स्वास्थ्य केंद्र, पाकशाला आदि में की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा समय पूर्व रिहाई के प्रकरणों के संबंध में आहूत समीक्षा बैठक में प्रकरणों पर विचार विमर्श भी किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## डीईओ ने किया ईवीएम व वीवीपीएटी गोदाम का निरीक्षण

**बदायूं , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने अधिकारियों , मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम व वीवीपीएटी वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण किया। ईवीएम व वीवीपीएटी पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। वेयरहाउस मे 24 घंटे सुरक्षा बल तैनात रहते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए तथा सीसीटीवी कैमरा के संचालन की स्थिति को देखा। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने की गई व्यवस्थाओं पर अपना संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## 20 मई तक माटीकला कारीगर व शिल्पकार पुरस्कार हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**बदायूं , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार, द्वारा अवगत कराया गया कि माटीकला विधा के परम्परागत कारीगरों/माटीकला शिल्पियो को पुरस्कृत करने हेतु मण्डल स्तरीय माटीकला पुरस्कार योजना में प्रजापति समाज के शिल्पकारो तथा कामगारों के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। माटीकला पुरस्कार योजना में आवेदन करने हेतु आवेदक अपना ऑनलाइन पंजीकरण उ0प्र0 माटीकला बोर्ड की वेवसाइट फ्द्धद्वथप्द्धद्मथद्यथथ्धथन्द.द्धद्व पर जाकर ऑनलाइन आवेदन 20 मई 2026 तक कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि ऑन लाइन आवेदन के उपरान्त हार्ड कापी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। माटीकला पुरस्कार योजना में मण्डल स्तरीय प्रतिभागियों का चयन, चयन समिति द्वारा किया जायेगा। विस्तृत जानकारी हेतु माटीकला पुरस्कार योजना में आवेदन करने हेतु कार्यालय जिला माटीकला/ग्रामोद्योग अधिकारी, मो0-शहबाजपुर, निकट पुरानी चुंगी, बरेली रोड़ बदायूँ से सम्पर्क किया जा सकता है।

## डीएम की अध्यक्षता में जनपद में विद्युत आपूर्ति व स्मार्ट मीटर शिकायतों के निराकरण को लेकर बैठक सम्पन्न



**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने एवं स्मार्ट मीटर से संबंधित प्राप्त हो रही शिकायतों के प्रभावी निराकरण हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विद्युत कटौती न की जाए,साथ ही, स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों का समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली के बारे में व्यापक रूप से जागरूक किया जाए तथा बिलिंग से संबंधित किसी भी समस्या का त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत निवारण के लिए एक प्रभावी तंत्र विकसित किया जाए, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के बैलेस पॉजिटिव रखने पर बिजली दरों में 2 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट मिलती है। उपभोक्ता 'यूपीपीसीएल ऐप' के जरिए अपनी दैनिक खपत और बैलेंस को लाइव ट्रैक कर सकते है अथवा यूपीपीसीएल की वेबसाइट पर जाकर अपना खाता स्वयं रिचार्ज कर सकते हैं। स्मार्ट प्रीपेड मीटर, पोस्टपेड मीटर की तरह ही कार्य करता है। उपभोक्ता साइबर फ्रॉड से बचने के लिए केवल यूपीपीसीएलटी या यूपीपीसीएलए हेडल वाले एसएमएस पर ही भरोसा करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यदि प्रीपेड स्मार्ट मीटर से संबंधित कोई भी शिकायत प्राप्त होती है तो उसका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, विद्युत संबंधी उपकरणों में आग लगने की घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार, अधिशासी अभियंता अनिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बदायूं में की फखरे अहमद शोबी ने पीडीए पंचायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। प्रदेश में चुनावी सरगर्मियां तेज हो रही है इसी कारण समाजवादी पार्टी भी अपने नेताओं से हर जिले हर विधानसभा में पी डी ए पंचायत करा रहे हैं इसी क्रम में आज बदायूं विधानसभा में वरिष्ठ नेता फखरे अहमद शोबी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बाघोल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया इसमें सभी समाज के लोग मौजूद रहे सभी कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि को संविधान पुस्तक भेंट की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फखरे अहमद शोबी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दलित पिछड़े अल्पसंख्यक मजदूर किसान आदिवासी और दबे हुए लोगों की आवाज बनकर प्रदेश में हर मुद्दे पर जनता के साथ खड़े है पूरे हिंदुस्तान का किसान परेशान हाल है उसको ना तो बराबर खाद मिल रही है और ना ही बराबर बिजली हर किसी काम में दलाल सक्रिय है हमारी सरकार बनती है तो हम किसानों को पर्याप्त रूप में खाद और बिजली देंगे द्य और किसानों पर लगाए हुए सारे कर्ज को माफ कर दिए जाएगा जनता 2022 में परिवर्तन करना चाहती है आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है। इसके अलावा मोद प्रकाश पाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए संचालन आमिर सुल्तानी ने किया। इस मौके पर डाल चन्द्र मौर्य,छोटे लाल मीना, राकेश फौजी मीना,विनोद मौर्य बूथ अध्यक्ष,जगदीश शर्मा,प्रभा शंकर मौर्य बूथ अध्यक्ष, शयो राज मीना,सतीश मीना,राम बाबू सागर,राजाराम दिवाकर, हिमांशु,राम मोहन सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रसूता के सीने पर बैठकर कराया प्रसव, नवजात की मौत, नर्सिंग होम सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। निजी स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही का एक बेहद गंभीर और संवेदनशील मामला सामने आया है। कादरचौक स्थित राधिका नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान कथित तौर पर प्रसूता के सीने पर बैठकर जबरन डिलीवरी कराने की कोशिश की गई, इससे नवजात की मौत हो गई। कादरचौक स्थित राधिका नर्सिंग होम में प्रसूता के सीने पर बैठकर जबरन डिलीवरी कराने की कोशिश की गई। इससे नवजात की मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमओ डॉ. श्रीमोहन झा ने नर्सिंग होम को सील करने के आदेश दिए हैं। साथ ही कादरचौक सीएचसी में इलाज किए बगैर प्रसूता को नर्सिंग होम भेजने पर वहां के प्रभारी (एमओआईसी) डॉ. अवधेश राठौर को हटाकर ककराला स्थानांतरित कर दिया है। कादरचौक क्षेत्र के ग्राम ललसी नगला निवासी छोटेलाल ने बताया कि पत्नी कृष्णा को प्रसव पीड़ा होने पर रविवार को सीएचसी कादरचौक में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि वहां तैनात एएनएम शशिलता और दाई बबीता ने एमओआईसी से बात कर किसी बड़े सरकारी अस्पताल भेजने के बजाय उन्हें निजी नर्सिंग होम भेज दिया। परिजनों का कहना है कि नर्सिंग होम पहुंचने पर 15 हजार रुपये जमा कराए गए और जच्चा-बच्चा की पूरी जिम्मेदारी लेने का भरोसा दिया गया। सूचना पर पहुंचे उझानी के एसडीएम और सीओ के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नर्सिंग होम का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि अस्पताल में न तो पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं थीं और न ही कोई प्रशिक्षित डॉक्टर मौजूद था। परिजनों के मुताबिक प्रसव के दौरान नर्सिंग होम की एक महिला ने प्रसूता के सीने पर बैठकर पेट को दबाया। इससे नवजात की मौत हो गई। जब परिजनों ने इसका विरोध किया तो स्टाफ ने उन्हें धमकाया। वहीं पुलिस ने पति छोटेलाल की तहरीर पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सीओ उझानी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मामले में डीएम के निर्देश पर एसडीएम और एसीएमओ के नेतृत्व में टीम जांच कर रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी और रिपोर्ट भी दर्ज होगी। सीएमओ डॉ. श्रीमोहन झा ने बताया कि संबंधित नर्सिंग होम पंजीकृत जरूर था, लेकिन वहां कोई योग्य डॉक्टर मौजूद नहीं था और मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए कादरचौक के एमओआईसी डॉ. अवधेश कुमार राठौर को तत्काल प्रभाव से हटाकर ककराला भेज दिया गया है, जबकि ककराला के प्रभारी को कादरचौक में तैनात किया गया है।

# गोला शहर को जाम से आज़ादी का रोडमैप तैयार, कॉरिडोर संग चौड़ी सड़कों का खाका

❐ सीडीओ अभिषेक कुमार, विधायक अमन गिरी ने उतारी जमीनी हकीकत, बाईपास से शहर में एंट्री होगी आसान

❐ सीडीओ-विधायक सड़क पर उतरे, नापी हकीकत, अब शहर को मिलेगी रफ्तार की नई पहचान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर । छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ अब जल्द ही संकरी गलियों और जाम के झंझट से राहत की ओर बढ़ता दिख रहा है। कॉरिडोर निर्माण के साथ शहर को नई रफ्तार देने के लिए प्रशासन ने बड़ा मास्टरस्ट्रोक चला है।

गोला शहर में बढ़ते यातायात दबाव और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गोला गोकर्णनाथ में सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण की दिशा में सीडीओ अभिषेक कुमार ने अहम पहल की है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने विधायक अमन गिरी और पीडब्ल्यूडी अफसरों के साथ खुद सड़कों पर उतरकर गोला शहर का मुआयना किया और चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण व फोर लेन सड़क का ब्लूप्रिंट तैयार किया।निरीक्षण के दौरान सीडीओ और विधायक ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ मिलकर कई प्रमुख मार्गों के विकास का विस्तृत ब्लूप्रिंट तैयार किया। योजना के तहत वर्तमान में 7 मीटर चौड़े विकास चौराहे से खुटार मार्ग को चार लेन में विकसित किया जाएगा। इसके अलावा नानक चौकी से शिवम चौराहा, मिल गेट से विकास चौराहा, विकास चौराहे से तहसील और विकास चौराहे से गोला-शाहजहांपुर मार्ग को टू लेन विद पक्के शोल्डर के साथ बनाया जाएगा, जिससे यातायात सुगम और सुरक्षित हो सके।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रेलवे, नगर पालिका क्षेत्र में आने वाले रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन मार्ग के चौड़ीकरण व सुधार पर भी चर्चा की। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को रेलवे विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक एनओसी प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।शहर की तंग सड़कों और बढ़ते यातायात के दबाव को देखते हुए तैयार यह प्लान आने वाले दिनों में गोला के लिए गेमचेंजर साबित हो सकता है। अफसरों ने उन प्रमुख मार्गों को चिन्हित किया, जहां चौड़ीकरण की सबसे ज्यादा जरूरत है, ताकि श्रद्धालुओं और आमजन को सुगम आवागमन मिल सके।इसी के साथ एक और बड़ी राहत की तैयारी भी की गई है। सीडीओ, विधायक ने लखीमपुर-अलीगंज मार्ग को सीधे गोला शहर से जोड़ने के लिए नए बाईपास सड़क का भी चिन्हांकन किया है, प्रारंभिक सूचना के अनुसार यह चिन्हित बाईपास (राष्ट्रीय राजमार्ग 730 से गोला रेलवे ओवरब्रिज के पूर्व से दाहिने साइड निकट 135 राजमार्ग सीतापुर अलीगंज गोला तक) है। खास बात यह है कि गन्ना सीजन के दौरान जब सड़कों पर ट्रैक्टर-ट्रॉली और भारी वाहनों का दबाव बढ़ जाता है, तब भी यह बाईपास बड़ी राहत साबित होगा और शहर की रफ्तार थमने नहीं देगा।

## हिन्दू हिन्दू भाई भाई के नारों से गुंजा कादर चौक

बदायूँ। सोमवार को विश्व हिंदू महासंघ बदायूं द्वारा एक गौ माता के सम्मान में संगोष्ठी प्रिंस देव शर्मा की अध्यक्षता में कादर चौक बदायूं में रखी गई इस संगोष्ठी में प्रिंस देव शर्मा मंडल प्रभारी मंडल बरेली ने कार्यक्रम का संचालन किया और मुख्य अतिथि के रूप में संदीप कुशवाह प्रदेश अध्यक्ष गोरक्षा रहे। कार्यक्रम के दौरान संदीप कुशवाह ने अपने वक्तव्य में गौ माता को राष्ट्रमाता बनाने का संकल्प कार्यकर्ताओं को दिलाया व गौ हत्या रोकने का सभी कार्यकर्ताओं से वचन दिया कार्यक्रम में प्रिंस देव शर्मा ने अपने युवा साथियों को अपने वक्तव्य से मोह लिया उन्होंने कहा कि मैं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज का अनुयाई हूं व उन्हें अपना आदर्श मानता हूं मरते दम तक हिंदुत्व को आगे बढ़ने का कार्य करता रहूंगा साथ ही सभी युवा साथियों से वह माता बहनों से कहा की अब जात-पात की लड़ाई करना बंद करें और महाराज जी के आदेश अनुसार उन्होंने कहा की जात पात की करो विदाई हिंदू हिंदू भाई-भाई इन सभी बातों को सुनकर कादर चौक में उमड़ी भीड़ ने तालिया से वी जय श्री राम के नारों से पूरे पंडाल को गूंजायमान कर दिया इस कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री सुखराम दास जी प्रदेश मंत्री परमात्मा दास जी जिला अध्यक्ष गौ रक्षा दूर विजय सिंह शाक्य विनोद सिंह जिला प्रभारी गोरखा भूदेव सिंह बबलू शर्मा राजीव सिंह भोजराज सिंह रूप बसंत कुलदीप शर्मा अमित पाठक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## 1 से 15 अप्रैल, 2026 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा' के अंतर्गत, स्वच्छता और साफ-सफाई के प्रति जागरूकता अभियान का आयोजन



**रायबरेली।** 1 से 15 अप्रैल, 2026 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा' के अंतर्गत, स्वच्छता और साफ-सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कई आउटरीच कार्यक्रम और आंतरिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन आउटरीच कार्यक्रमों के तहत एक वृद्धाश्रम, मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के स्कूल और एक सरकारी स्कूल का दौरा किया गया। वृद्धाश्रम में चादरें और एक समय का भोजन वितरित किया गया, साथ ही एक स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। स्कूलों में शैक्षिक सामग्री और स्टेशनरी किट बांटे गए। दोनों स्कूलों के विद्यार्थियों को एक लघु-नाटिका (स्किट) के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।संस्थान में विभिन्न प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं, जैसे नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता और हाउसकीपिंग कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिता। निबंध प्रतियोगिता में सुश्री ललिता शुक्ला और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता में सुश्री प्रतिभा ने क्रमशः प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में श्री करण ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। स्वच्छता के मानकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नर्सिंग बैचों के बीच 'स्वच्छ कमरा प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया, जिसमें सुश्री अलीशा यादव और सुश्री ज्योति चौधरी ने संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार जीता। स्वच्छता पखवाड़े में अपने योगदान के लिए श्री सौरभ कुमार (हिंदी अधिकारी), श्री सूरज कुमार विश्वकर्मा (सहायक अभियंता) और श्री शौर्य शुक्ला, सहायक लेखा अधिकारी को 'प्रशंसा प्रमाण पत्र' प्रदान किए गए। कार्यकारी निदेशक, डॉ. अमिता जैन ने अपने संबोधन में संस्थान में इस 'स्वच्छता उत्सव' को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी विजेताओं, पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं और आयोजकों की सराहना की।

# इटियाथोक में बीडीओ, एपीओ व प्रधानों के लिए दुधारू पशु बनी मनरेगा योजना!

❐ बगाही,हरदाईभटपुरवा,रमवांपुर नायक,सिंहवांपुर व सिसई बहलोलपुर ग्राम पंचायतों में उड़ाई जा रहीं शासनादेश की धज्जियां




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जिले के इटियाँथोक विकास खंड में मनरेगा योजना बेपटरी हो चुकी है और यहां भ्रष्टचार अप नी चरम सीमा पर है।बीडीओ एपीओ व तकनीकी सहायक से लेकर अन्य जिम्मेदार अधिकारी जान-बूझकर आंखें बंद किए हुए हैं।सरकारी धन की बं दरबांट का आलम यह है कि फर्जी मस्टर रोल के जरिए केंद्र सरकार की इस अतिमहत्वाकांक्षी योज ना को पलीता लगाया जा रहा है।यहां जिम्मेदार अधिकारियों,कर्मचारियों व ग्राम प्रधानों के लिए यह योजना दुधारू पशु साबित हो रही है।इटियाथोक ब्लॉक की ग्राम पंचायत रमवांपुर नायक में मनरेगा फर्जी श्रमिकों का खेल बदस्तूर जारी है।ग्राम पंचा यतो में सड़क पटाई, नाला खुदाई, तालाब सौंदरीकरण का कार्य मस्टर रोल में दिखाया जा रहा हैजो कि धरातल पर एक भी श्रमिक दिखाई नहीं देते हैं जो भी कार्य हुआ वह पहले हुआ है अब उ समें बड़ा खेल हो रहा है,जिससे हकीकत से पर्दा उठ गया है।इसी तरह ग्राम पंचायत बगाही,हरदाई भटपुरवा,सिसई बहलोलपुर,सिंहवांपुर गांव में भ्र ष्टाचार के आगे मनरेगा योजना का दम घुट रहा है।ऐसे में यह खुलासा हो रहा है कि श्रमिकों के फर्जीवाड़े का खेल इटियाथोक विकास खंड में बेखौफ जारी है।जिस तरह से इटियाथोक ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार व्यात है व ह सिस्टम पर सवाल खड़ा करता है।ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है बल्कि कार्यवाही के नाम सिर्फ खानापूर्ति कर जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लिया जा ता है।थ्ऐसे में इस योजना का लाभलोगों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण इसके लिए खंड विकास अधिकारी,सचिव और तकनीकी सहायक को ज्या दा जिम्मेदार बता रहे हैं।इस संबंध में सीडीओ अं किता जैन का कहना है कि मामले की जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।ग्राम पंचायतों में फर्जी मस्टर रोल तैयार कर मनरेगा योजना के तहत ता लाब खुदाई,नाला सफाई व चकमार्गों पर मिट्टी प टाई का कार्य दिखाकर धन की बंदरबांट की जा रही है हद तो यह है कि यहां एक दिन में कहीं 73 कहीं 44 कहीं 42 तो कहीं 24 श्रमिकों को हाजि री लगाई जा रही है।वहीं दूसरी तरफ सूत्र बताते हैं कि धरातल पर सिर्फ नाम मात्र श्रमिक ही काम क रते हैं।इस कारनामे को अंजाम देने में सिर्फ प्रधान व एपीओ ही जिम्मेदार नहीं है,बल्कि ब्लॉक के अफसर,सचिव,एपीओ की भी इसमें बराबर की हि स्सेदारी बताई जाती है।बेरोजगारों को रोजगार मु हैया कराने के नाम पर बगाही हरदाईभटपुरवा रम वांपुर नायक,सिंहवांपुर व सिसई बहलोलपुर के प्र धान ने अपने रसूख से मनरेगा योजना को पलीता लगाने का ऐसा जाल बुन रखा है जिससे भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा कहा जा सकता है,वही गांव वालों का आरोप है कि इटियाथोक ब्लॉक के बीडीओ ने मातहतों को मनरेगा योजना में लूट करने की खुली छूट दे रखी है। ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी व क कर्मचारी भी अपनी नौकरी को दांव पर लगाकर इ स लूट में शामिल बताए जाते है।इससे स्पष्ट है कि अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से ए क ही फोटो को बार-बार इस्तेमाल करके मनरेगा में हेराफ़ेरी की जा रही है।इसके साथ ही पारदर्शि ता के लिए बनाया गया एनएमएमएस ऐप को भी भ्रष्टाचार का मजबूत हथियार बना लिया गया है।

बताते हैं कि पंचायतों के निर्माण कार्य की मॉनीट रिंग करने वाले अधिकारी पोर्टल पर दर्ज फोटो व मस्टर रोल की जांच नहीं करते हैं,जबकि इस तरह का फर्जीवाड़ा करने में सहयोग कर रहे हैं,सबूत हो ने के बाद भी जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिका री कार्रवाई करने को तैयार नहीं है।इससे भी गड़ बड़ी करने वालों के हौसले बुलंद है और यह लगा तार मनरेगा योजना को पलीता लगा रहे हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत,परिजनों ने लगाया मारपीट का आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र के रमगढ़िया गांव में एक 18 वर्षीय हिमांशु यादव की संदिग्ध प रिस्थितियों में मौत हो गई है,परिजनों ने गांव के ही रमन दुबे पर हिमांशु को घर से बुलाकर ले जाने और मारपीट कर फेंकने का गंभीर आरोप लगाया है,घटना 23 अप्रैल की बताई जा रही है हिमांशु या दव की गोंडा के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान आज मौत हो गईं है। परिजनों ने बताया कि 23 अप्रैल को गंभीर रूप से घायल हिमांशु को स ड़क किनारे पड़ा पाया गया था, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था।मृतक हिमांशु के चचेरे भाई संदीप यादव ने जानकारी दी कि हि मांशु 23 अप्रैल, 2026 को मुंबई से घर लौटा था। उसी दिन दोपहर में गांव के रमन दुबे उसे घर से बु लाकर ले गए थे।शाम तक हिमांशु घर नहीं लौटा।काफी खोजबीन के बाद, गांव के ओमप्रकाश की सूचना पर हिमांशु यादव विसुही नदी जाने वाले रा स्ते पर गंभीर रूप से घायल और बेहोशी की हाल त में मिले।परिजन उन्हें तुरंत घर लाए और हालत नाजुक होने पर गोंडा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।हिमांशु के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं,जिससे आशंका जताई जा रही है कि उन के साथ योजनाबद्ध तरीके से मारपीट की गई थी। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी और उसके परिवार द्वारा उन्हें पुलिस में शिकायत न करने की धमकी दी जा रही थी।इटियाथोक को तवाल कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मृतक हिमांशु यादव और जि स पर आरोप लगाया जा रहा है,वह रमन दुबे दोनों नशेड़ी थे।कोतवाल के अनुसार, हिमांशु का लीवर और शरीर के अन्य अंग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके थे।निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था।परिजनों के आरोपों के आधार पर सभी बिंदु ओं पर गहन जांच की जा रही है।

# सीएचसी विशेश्वरगंज में 19 किशोरियों को लगा एचपीवी का टीका



❐ सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दिशा में अहम कदम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर) से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर जागरूकता और टीकाकरण अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज सीएचसी विशेश्वरगंज में एक विशेष पहल करते हुए 19 किशोरियों को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) का जीवनरक्षक टीका लगाया गया। स्वास्थ्य विभाग के इस कदम को क्षेत्र की किशोरियों और महिलाओं के सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक बड़ी और सकारात्मक पहल माना जा रहा है।आज चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत टीकाकरण के साथ-साथ अस्पताल परिसर में मौजूद महिलाओं और उनके अभिभावकों को सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, कारण और इसके बचाव के प्रति विस्तार से जागरूक किया गया। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने और क्षेत्र में जागरूकता फैलाने में बीपीएम ममता मिश्रा व बीसीपीएम धर्मेंद्र मिश्रा की विशेष भूमिका रही। उनके साथ-साथ चिकित्सकों, एएनएम, स्टाफ नर्स और आशा कार्यकर्ताओं ने भी लोगों को इस टीकाकरण अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर सीएचसी विशेश्वरगंज के अधीक्षक डॉ. कुणाल मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली एक जानलेवा बीमारी है, लेकिन समय रहते एचपीवी का टीका लगवाने से इस बीमारी को काफी हद तक रोका जा सकता है। डॉ. मिश्रा ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों के बेहतर और स्वस्थ भविष्य के लिए आगे आएं और किसी भी तरह की भ्रांतियों से दूर रहकर उन्हें यह टीका अवश्य लगवाएं। स्थानीय ग्रामीणों और लाभार्थियों के अभिभावकों ने सीएचसी अधीक्षक और स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की है।

# शादी की खुशियां मातम में बदली: पेड़ गिरने से दूल्हे के भाई समेत दो युवकों की दर्दनाक मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। चलती बाइक पर अचानक पीपल का विशा लकाय पेड़ गिर गया। जब तक बाइक पर सवार दोनों युवक संभल पाते पेड़ उनके सिर पर गिर पड़ा। दोनों के सिर के बल पेड़ के नीचे दब गए। एक का सिर तो बुरी तरह कुचल गया, दूसरे की गर्दन की हड्डी टूट गई।मौके पर ही दोनों की मौत हो गई।राहगीरों ने दोनों के शवों को पेड़ के नीचे से निकालने की कोशिश की, पर।सूचना पर पुलिस पहुंची।कटर मशीन मंगाई गई।करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ को काटकर दोनों के शव निकाले गए।पेड़ को सड़क से हटाकर याता यात सामान्य कराया गया।पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन शवों की हालत देखकर बदहवास हो गए।इनमें से एक युवक के सगे छोटे भाई की कल ही 28 अप्रैल को शादी होनी थी। वह अपने ममेरे भाई के साथ शादी के सामानों की शॉपिंग करने बाजार जा रहा था। दोनों की मौत से शादी वाले घर में मातम पसरा हुआ है,घटना जिला मुख्यालय से 32 किलोमीटर दूर नवाबगंज-तरबगं ज मार्ग पर पिपरी गांव के पास की है।नवाबगंज थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत धौरहरा घाट के सीर पुरवा निवासी काशीराम यादव के बड़े बेटे दुर्गेश यादव की मंगलवार, 28 अप्रैल को शादी होनी है। घर में रिश्तेदार जुटे हुए हैं टेंट सजा हुआ है।दादा राम संवारे यादव ने बताया- दुर्गेश का छोटा भाई रिंकू (17) अपने मौसेरे भाई अमित यादव (18) पुत्र




नकछेद यादव निवासी भोपतपुर, हन्नाटायर, नवाबगंज थाना के साथ शादी के लिए तेल-पूजन और कपड़े का सामान लेने बाइक लेकर घर से सुबह करीब साढ़े 11 बजे निकला था।घर से दो किलोमीटर दूर ही पहुंचे थे कि नवाबगंज-तरबगंज मार्ग पर पिपरी गांव के पास परमहंस प्राथमिक विद्यालय के ठीक सामने दोपहर करीब सवा 12 बजे अचानक एक पीपल का विशालकाय पेड़ बा इक पर गिर गया।इससे पहले कि दोनों संभल पा ते पेड़ के नीचे दब गए।रिंकू का सिर कुचल गया, जबकि अमित की गर्दन की हड्डी टूट गई।

### पेड़ को हिला तक ना पाए राहगी-पुलिस

मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों को बाहर निकालने की कोशिश की पर पेड़ भारी होने के कारण नहीं निकाल सके।स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची। जानकारी मिलने पर हम लोग भी पहुंचे।प र पेड़ को हिला तक नहीं पाए।पुलिस ने कटर म शीन मंगाई।काफी मशक्कत के बाद करीब दोपहर दो बजे पेड़ को बीच से काटकर दोनों के शवों को बाहर निकाला गया।हमसे तो हमारे दोनों पोतों का चेहरा तक नहीं देखा गया।इस दौरान करीब दो घं टे तक नवाबगंज-तरबगंज मार्ग पर ट्रैफिक बाधित रहा।रोड के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।पुलिस ने पेड़ को काटकर यातायात सामान्य कराया।दो छात्र थे घरों के बीच दूरी एक किलोमी टर अमित के चचेरे भाई राम देव यादव ने बताया- आज दुर्गेश के घर में तेल पूजन का कार्यक्रम था। अमित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ही आया था।तभी रिंकू कुछ सामान लाने के लिए उसे अपने साथ बाइक से बाजार लेकर चला गया।रिंकू और अमित दोनों अभी पढ़ाई कर रहे थे।दोनों के घरों के बीच की दूरी महज एक किलोमीटर है।स्थानीय बोले- कई दिनों से थी पेड़ हटाने की मांग स्थानीय लोगों ने बताया- जिस पीपल के पेड़ के कारण यह हादसा हुआ, वह बेहद पुराना और जर्जर था।रोड के ठीक किनारे था।आए दिन हादसे का खतरा ब ना रहता था।बारिश-आंधी में अक्सर पेड़ की टह नियां टूट गिरती रहती थीं।कई बार प्रशासन से इसे हटाने की मांग की जा चुकी थी। अगर पहले हटा दिया गया होता,तो शायद दोनों युवक जिंदा होते। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंपे जाएंगे शव नवाबगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया-पेड़ गि रने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई थी। दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमॉर्टम के बाद शवों को उनके परिजनों को,सौं प दिया जाएगा।

# जनगणना को लेकर प्रगणकों एवं सुपरवाइजर कार्मिकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। ब्लॉक सभागार में सोमवार को आगामी जनगणना को लेकर प्रगणकों एवं सुपरवाइजर कार्मिकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला फील्ड ट्रेनर हिमांशु कनौजिया, सचिन शुक्ला, विवेक कुमार गुप्ता और अरुण कुमार वर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में लेखपालों और शिक्षकों ने भाग लेकर जनगणना संबंधी प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। आपको बता दें कि, प्रशिक्षण सत्र में जिला फील्ड ट्रेनर हिमांशु कनौजिया ने बताया कि, जनगणना कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए प्रत्येक पर्यवेक्षक को छह प्रगणकों का नेतृत्व सौंपा गया है। ये सभी प्रगणक गांव-गांव जाकर जमीनी स्तर पर घर-घर डेटा संग्रहण का कार्य करेंगे। उन्होंने सभी कार्मिकों को सटीक और पारदर्शी तरीके से आंकड़े एकत्र करने के निर्देश दिए, ताकि जनगणना की प्रक्रिया त्रुटिरहित पूरी हो सके। हालांकि, प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अव्यवस्थाएं भी सामने आईं। प्रतिभागियों को परोसा गया भोजन खराब गुणवत्ता का और बदबूदार होने के कारण असंतोष का कारण बन गया। इससे नाराज प्रशिक्षुओं ने भोजन का बहिष्कार कर दिया और उसे ब्लॉक सभागार के एक कोने में एकत्रित कर विरोध जताया। प्रशिक्षुओं का कहना था कि, इतने महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम में मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने मांग करी कि, भविष्य में ऐसे आयोजनों में व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि कर्मचारियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम के समापन पर अधिकारियों ने प्रशिक्षण की उपयोगिता पर जोर देते हुए जनगणना कार्य को गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न करने का आह्वान किया।

# जनसुनवाई में एसपी विनीत जायसवाल ने सुनीं फरियादें त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा सोमवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई आयो जित कर आमजन की समस्याएं सुनी गई।जनसुन वाई के दौरान दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं एसपी के समक्ष रखा,जिनका पुलि स अधीक्षक ने गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लिया।

एसपी ने संबंधित राजपत्रित अधि कारियों एवं थाना प्रभारियों को दूरभाष के माध्यम से निर्देशित किया कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों का स्थली य निरीक्षण कर निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और प्रत्येक फरियादी को न्याय दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शि कायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लाप रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने अधिकारि यों से कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में संवे दनशीलता और जवाबदेही बनाए रखें,जिससे आ मजन का पुलिस व्यवस्था पर भरोसा और मजबूत हो। इस पहल से फरियादियों में संतोष दिखा और लोगों ने पुलिस अधीक्षक की जनसुनवाई व्यवस्था की सराहना की।जनसुनवाई के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच संवाद स्थापित करने की यह पहल जनहित में प्रभावी साबित हो रही है।

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने मेडिकल कॉलेज में मनाया कन्या जन्मोत्सव

❐ गर्भवती महिलाओं की भरी गोद बच्चों को वितरित किये उपहार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच । उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त), उ.प्र. राज्य महिला आयोग श्रीमती अपर्णा यादव ने जनपद के एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान महर्षि बालार्क चिकित्सालय के एम.सी.एच. विंग का निरीक्षण कर महिलाओं को प्रदान की जा रही चिकित्सकीय सेवाओं एवं सुविधाओं, चिकित्सालय की साफ-सफाई का जायज़ा लिया।

श्रीमती यादव ने वार्ड सं. 201, अल्ट्रासाउण्ड कक्ष व टीकाकरण कक्ष का निरीक्षण करते हुए मौजूद चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ तथा मरीज़ो एवं तीमारदारों से जानकारी प्राप्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एम.एम.एम. त्रिपाठी व प्रभारी प्राचार्य डॉ. मलिक शहनवाज़ को निर्देश दिया कि चिकित्सालय में आने वाली महिलाओं को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. शिवांगी, कान, नाक गला रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.के. वर्मा, प्रबन्धक रिज़वान अली व जिला प्रोबेशन अधिकारी मो. खालिद मौजूद रहे।

चिकित्सालय के निरीक्षण के उपरान्त ‍ल्लसशक्त बेटियां, सशक्त बहराइचङ्क की थीम पर आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का उपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने केक काटकर शुभारम्भ किया। श्रीमती यादव ने स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में जन्मी बेटियों को उपहार भेंट कर अभिभावकों को बेटियों के जन्म पर बधाई दी। इस अवसर पर श्रीमती यादव ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा संतुलित आहार किट का वितरण भी किया। श्रीमती यादव ने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं का आहवान किया कि महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याणार्थ प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य ने कहा यह केवल उत्सव नहीं बल्कि सामाजिक जागरूकता का संदेश है कि बेटियां बोझ नहीं, अभिमान हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज बहराइच सदैव कन्या संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति समर्पित रहा है। इस अवसर पर ,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच ,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पुलिस विभाग के अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, अन्य चिकित्सक, मीडिया प्रभारी, हॉस्पिटल मैनेजर, नर्सिंग अधीक्षिका तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नानपारा टैक्स बार एसोसिएशन की लखनऊ अधिवेशन में सक्रिय भागीदारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच । नानपारा टैक्स बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के सदस्यों ने दी यूपी टैक्स बार एसोसिएशन रजिस्टर्ड, वाराणसी (उ0प्र0) द्वारा आयोजित 49वें वार्षिक अधिवेशन एवं 280वीं कार्यकारिणी सभा में प्रतिभाग कर संगठनात्मक मुद्दों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह अधिवेशन 26 अप्रैल को लखनऊ स्थित एक होटल में आयोजित हुआ, जिसमें प्रदेशभर के अधिवक्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति हरिवीर सिंह रहे। इस अवसर पर प्रान्तीय अध्यक्ष रमेश प्रसाद जायसवाल, प्रान्तीय महासचिव देवेन्द्र कुमार शर्मा, निवर्तमान अध्यक्ष सौरभ सिंह गहलोत तथा प्रान्तीय कोषाध्यक्ष उदयवीर सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिवेशन में संगठन की मजबूती के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।अधिवेशन में प्रदेश के 75 जिलों की 117 टैक्स बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सदस्यों ने भाग लिया। नानपारा टैक्स बार एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष अभिषेक मिश्र (एडवोकेट), महासचिव सौरभ मदेशिया (एडवोकेट), उपाध्यक्ष अभय श्रीवास्तव (एडवोकेट) तथा संयुक्त सचिव धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव (एडवोकेट) ने अधिवेशन में भाग लेकर नानपारा इकाई का प्रतिनिधित्व किया।

## हाईस्कूल एवं इण्टर परीक्षा के परिणाम में त्रुटि सुधार के लिये छह मई तक करें आवेदन

अमेठी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम तेइस अप्रैल को घोषित किया जा चुका है।परीक्षार्थियों के शैक्षिक विवरणों में संशोधन के लिये बोर्ड ने अंतिम अवसर प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि कई बार अवसर दिये जाने के बावजूद यदि किसी छात्र छात्रा के अंकपत्र में नाम, माता पिता के नाम की वर्तनी, जन्मतिथि, फोटो या अन्य विवरण में कोई त्रुटि रह गई है, तो उसे ठीक कराने के लिए यह अंतिम मौका है। इसका उद्देश्य छात्रों और अभिभावकों को भविष्य में होने वाली असुविधा से बचाना है। डीआईओएस ने बताया कि संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन कर निर्धारित प्रारूप एवं मैन्युअल डाउनलोड करेंगे।इसके बाद आवश्यक संशोधन स्पष्ट रूप से अंकित कर, स्वयं सत्यापित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक से अनुमोदन प्राप्त करेंगे। अनुमोदन के बाद विद्यालय द्वारा सभी आवश्यक अभिलेखों एवं साक्ष्यों के साथ आवेदन को पुनः पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा। यह पोर्टल सत्ताइस अप्रैल से छह मई सायं छह बजे तक सक्रिय रहेगा। निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन करना अनिवार्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी विद्यालय द्वारा समय सीमा के भीतर संशोधन हेतु आवेदन नहीं किया जाता और बाद में प्रमाणपत्र जारी होने के पश्चात संशोधन की मांग की जाती है, तो संबंधित विद्यालय के खिलाफ शासनादेश के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## भीषण गर्मी में अग्निकांड का खतरा: प्रशासन ने जारी की सख्त एडवाइजरी

सीतापुर । अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा ग्रीष्म ऋतु में अग्निकाण्ड की घटनाओं को न्यूनीकृत किये जाने हेतु एडवाइजरी जारी की गयी है, जिसमें आग से बचाव के उपाय में घर की वायरिंग की समय-समय पर जांच कराएं, आई.एस.आई. मार्क वाले उपकरणों का ही उपयोग करें। एक ही सॉकेट में अधिक उपकरण न लगाए। गैस सिलेंडर को सीधा रखें, पाइप एवं रेगुलेटर की नियमित जांच करें। रसोई में अग्निशमन यंत्र अवश्य हो। घर में छोटे बच्चों को माचिस व लाइटर से दूर रखे। सोते समय सभी विद्युत उपकरण बंद कर दें। प्रत्येक दुकान/प्रतिष्ठान में अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप से रखे। फायर एक्सटिंग्विशर की वैधता की नियमित जांच करें। विद्युत तारों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित रखें, अवैध कनेक्शन से बचे।

# नवागंतुक सीडीओ ने मीडिया बन्धुओं के साथ की परिचयात्मक बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । नवागन्तुक मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता आईएएस बृहस्पतिवार को पदभार ग्रहण करने के उपरान्त आज विकास भवन सभागार में मीडिया बन्धुओं के साथ परिचात्मक बैठक की। श्री धनवंता ने बताया कि वह राजस्थान के मूल निवासी हैं तथा प्रारम्भिक शिक्षा वहीं से प्राप्त की है।

वर्ष 2022 बैच के आईएएस अधिकारी श्री धनवंता जनपद में तैनाती से पूर्व आजमगढ़ जनपद में ज्वाइण्ट मजिस्ट्रेट के रूप में कार्यरत रहे है। उन्होंने मीडिया बन्धुओं से अपेक्षा की कि आमजन की समस्याओं को जिला प्रशासन तक पहुंचाने तथा सरकार व जिला प्रशासन द्वारा कराये जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने में सेतु की भूमिका का निर्वाचन करें। नवागंतुक सीडीओ श्री धनवंता ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं विकासपरक योजनाओं को शासन की मंशानुरूप धरातल पर क्रियानवित कराना उनकी शीर्ष प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के मार्गदर्शन तथा अधीनस्थ अधिकारियों के समन्वय एवं सहयोग से आकांक्षी जनपद बहराइच के विकास लिए उनके द्वारा प्रयास किया जायेगा। श्री धनवंता ने मीडिया बन्धुओं से सहयोग की अपेक्षा करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं का हक, हर हाल में दिलाएंगे: ओम प्रकाश राजभर

❒ अखिलेश यादव राजनीतिक घटनाओं को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत कर जातीय संघर्ष कराना चाहते हैं: प्रभारी मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। महिला आरक्षण के मुद्दे पर विपक्षी दलों के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को जोरदार शक्ति प्रदर्शन करते हुए सड़कों पर उतरकर आक्रोश व्यक्त किया। भाजपा महिला नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जन-आक्रोश महिला सम्मेलन, पैदल मार्च और पुतला दहन के माध्यम से कांग्रेस व समाजवादी पार्टी की कथित महिला विरोधी मानसिकता को बेनकाब किया।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में जिले के प्रभारी एवं पंचायती राजमंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण आधी आबादी का अधिकार है और इसे दिलाने के लिए एनडीए पूरी मजबूती से संघर्ष करेगा। उन्होंने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस और सपा ने न केवल महिला आरक्षण का विरोध किया, बल्कि देश की करोड़ों माताओं-बहनों के साथ विश्वासघात किया है। मंत्री राजभर ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर गाजीपुर की घटना को लेकर जातीय तनाव भड़काने का आरोप लगाते हुए कहा कि अखिलेश यादव राजनीतिक घटनाओं को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत कर जातीय संघर्ष कराना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव केवल चुनिंदा मामलों में ही संवेदना जताते हैं, जबकि अन्य मामलों में चुप्पी साध लेते हैं। प्रियंका गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस लंबे समय तक सत्ता में रही,लेकिन 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू नहीं कर सकी।भाजपा सरकार ऐतिहासिक कदम उठा रही है तो विपक्ष विरोध की राजनीति कर रहा है।पंचायत चुनाव के सवाल पर मंत्री ने स्पष्ट किया कि मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है और न्यायालय के निर्णय के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।इसके बाद खुर्शीद क्लब स्थित अटल सभागार में आयोजित जन-आक्रोश महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री राजभर ने कहा कि जब भी महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने की बात आती है, विपक्षी दल भ्रम और झूठ का सहारा लेकर उन्हें रोकने का प्रयास करते हैं। जिला मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम के बाद मंत्री ओमप्रकाश राजभर, जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह,शहर विधायक विनोद सिंह,राज प्रसाद उपाध्याय,राजेश गौतम, प्रवीन कुमार अग्रवाल,योगेंद्र प्रताप सिंह, कार्यक्रम जिला संयोजक विजय त्रिपाठी के नेतृत्व में महिलाओं ने खुर्शीद क्लब से तिकोनिया पार्क तक विशाल पैदल मार्च निकाला। हाथों में तख्तियां और तिरंगा लिए महिलाओं ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और कलेक्ट्रेट गेट पर राहुल गांधी व अखिलेश यादव का पुतला दहन कर आक्रोश प्रकट किया।

## 27 अप्रैल को गौ-सम्मान दिवस घोषित करने की मांग



सुल्तानपुर। गौमाता के संरक्षण और संवर्धन को लेकर राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट कर्मवीर सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिला संयोजक उदय प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों ने ज्ञापन के जरिए कुल 9 मांगें रखीं। इनमें प्रमुख रूप से हर वर्ष 27 अप्रैल को गौ-सम्मान दिवस घोषित करने, गो-पालक किसानों को प्रति गोवंश प्रोत्साहन राशि देने तथा प्रदेश की सभी गौशालाओं में भोजन और चिकित्सा व्यवस्था को और सु.ढ़ करने की मांग शामिल है। उन्होंने कहा कि गौवंश की सुरक्षा और संरक्षण केवल धार्मिक ही नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक .ष्टि से भी महत्व-पूर्ण है। यदि सरकार गो-पालकों को प्रोत्साहन दे और गौशालाओं की व्यवस्थाएं मजबूत करे, तो इससे किसानों को राहत मिलेगी और गौवंश की बेहतर देखभाल सुनिश्चित हो सकेगी।

# गौ सम्मान को लेकर सड़कों पर उतरे लोग, 'राष्ट्रमाता' का दर्ज़ा देने की मांग तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ जिले भर में प्रदर्शन, तहसीलों पर सौंपे गए ज्ञापन; कड़े कानून बनाने की उठी आवाज

पीलीभीत। जनपद में सोमवार को गौ सेवा और संरक्षण को लेकर बड़ा जनआंदोलन देखने को मिला। ‌ल्गौ सेवा अभियानङ्क के तहत जिले की विभिन्न तहसीलों में सैकड़ों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और गाय को 'राष्ट्रमाता' का दर्ज़ा देने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भी सौंपे गए पूरनपुर में तिरंगा चौक से निकली जनजागरण यात्रा में बड़ी संख्या में गौ सेवक, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए हाथों में तिरंगा और धार्मिक ध्वज लिए लोग नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए तहसील पहुंचे यात्रा के दौरान ल्गौ माता का मान बढ़ाओ, राष्ट्रमाता का दर्ज़ा दिलाओङ्क जैसे नारों से पूरा माहौल गूंज उठा तहसील परिसर में पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया इसके बाद तहसीलदार और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन में गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने, गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और गौ संरक्षण के लिए सख्त कानून बनाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही प्रदर्शनकारियों ने यह भी मांग उठाई कि गौशालाओं की स्थिति में सुधार किया जाए, आवारा पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए और गौ तस्करी पर प्रभावी रोक लगाई जाए उनका कहना था कि भारतीय संस्कृति में गाय का विशेष महत्व है और उसे सम्मान देने के लिए ठोस कदम उठाना जरूरी है इसी क्रम में कलीनगर तहसील में भी बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को दोहराया और सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की कार्यक्रम के दौरान कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे वक्ताओं ने कहा कि यह केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक सरोकार से जुड़ा मुद्दा है, जिस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

## ट्रैफिक इंस्पेक्टर की वर्दी वाली बदजुबानी

सुलतानपुर। रोज-रोज की गाली-गलौज से तंग आकर च्त्व और होमगार्ड के जवानों का सब्र टूट गया और उन्होंने सीधे पुलिस कप्तान के आवास का घेराव कर दिया। सवाल सीधा है जब कानून के रखवाले ही भाषा की मर्यादा भूल जाएं तो बाकी सिस्टम से क्या उम्मीद की जाए। मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाइए कि सूचना मिलते ही ब्व सिटी को मौके पर दौड़ना पड़ा। उन्होंने पहुंचकर किसी तरह हालात को संभाला। जवानों का प्रार्थना पत्र लिया और कार्रवाई का भरोसा दिया।वही पुराना आश्वासन वाला फार्मूला जिससे अक्सर फाइलें तो चलती हैं, लेकिन नतीजे नहीं। अब बड़ा सवाल ये है कि क्या ये मामला भी सिर्फ कागजों में दब जाएगा, या वाकई उस इंस्पेक्टर पर कार्रवाई होगी।

# संजय गांधी पार्क का लोकार्पण, शहर को मिला नया खूबसूरत तोहफा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर के लोगों के लिए आज का दिन खास रहा नगर पालिका परिषद द्वारा नए सिरे से सजाए-संवारे गए संजय गांधी पार्क का लोकार्पण केंद्रीय राज्यमंत्री और पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद जी ने फीता काटकर किया जैसे ही पार्क का उद्घाटन हुआ, वहां मौजूद लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

कार्यक्रम की शुरुआत बड़े ही सादे और गरिमामय तरीके से हुई मंत्री जी ने सबसे पहले पार्क में बच्चों के लिए बने हिस्से का उद्घाटन किया, जिससे अब छोटे-छोटे बच्चे सुरक्षित और अच्छे माहौल में खेल सकेंगे। इसके बाद उन्होंने पार्क में लगी भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा व्यक्त की पार्क में एक खास व्यवस्था भी की गई है समाजसेवी संदीप खंडेलवाल जी के भाई की याद में यहां निशुल्क ठंडे पानी शीतल जल सेवा की सुविधा शुरू की गई है मंत्री जी ने इसका भी उद्घाटन किया गर्मी के मौसम में यह सुविधा लोगों के लिए काफी राहत देने वाली साबित होगी।इस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों को भी बुलाया गया था, जिससे माहौल और भी जीवंत हो गया मंत्री जी ने बच्चों को अपने हाथों से उपहार देकर उनका उत्साह बढ़ाया। बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी इस मौके पर कई बड़े नेता और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे विधायक बाबूराम पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, विधान परिषद सदस्य डॉ. सुधीर गुप्ता समेत कई लोग कार्यक्रम में शामिल हुए नगर पालिका के अधिकारी, सभासद और शहर के अन्य सम्मानित लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों का कहना है कि इस पार्क के बन जाने से अब शहर में एक अच्छी और साफ-सुथरी जगह मिल गई है, जहां परिवार के साथ समय बिताया जा सकता है बच्चों के लिए खेलने की व्यवस्था, बैठने के लिए साफ जगह और हरियाली इसे और खास बनाती है कुल मिलाकर, संजय गांधी पार्क अब पूरनपुर के लोगों के लिए घूमने-फिरने और सुकून के पल बिताने की एक बेहतरीन जगह बन गया है।

# सुप्रसिद्ध बाबा त्रेतानाथ शिव मंदिर के जीर्णोद्धार की उठी मांग



❒ केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के समक्ष पहुंचा मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। भाजपा नेता अचलेन्द्र मिश्रा 'अचल' ने पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सिंहपुर खंडेपुर स्थित सुप्रसिद्ध बाबा त्रेतानाथ शिव मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण कराए जाने की मांग उठाई है।इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री, भारत सरकार एवं पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद श्री जितिन प्रसाद को पत्र सौंपकर मंदिर के विकास कार्य को शीघ्र शुरू कराने का अनुरोध किया।भाजपा नेता अचलेन्द्र मिश्रा ने बताया कि बाबा त्रेतानाथ शिव मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन हेतु पहुंचते हैं। मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण से न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को भी बढ़ावा मिलेगा।वहीं केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य को शीघ्र कराने का आश्वासन दिया है।

# महिलाओं और ग्रामीणों को किया गया जागरूक

❒ हेल्पलाइन नंबरों और सुमंगला योजना की दी गई जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अखंडनगर, सुलतानपुर । नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्राम अखंड नगर में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपनिरीक्षक .ष्णा शुक्ला, दीवान राकेश राजपूत और महिला होमगार्ड सोना देवी के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने गांव की महिलाओं, बालिकाओं और आम नागरिकों को उनके अधिकारों, आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपनिरीक्षक .ष्णा शुक्ला ने बताया कि संकट के समय त्वरित सहायता प्राप्त करने के लिए सरकार ने कई टोल-फ्री नंबर जारी किए हैं, जिनकी जानकारी हर नागरिक को होनी चाहिए ताकि विषम परिस्थितियों में उनका लाभ उठाया जा सके। हेल्पलाइन नंबरों के अलावा, महिला होमगार्ड सोना देवी ने उपस्थित महिलाओं को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना बेटियों के जन्म से लेकर उनकी उच्च शिक्षा तक आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इसका मुख्य उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना, बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देना और समाज में उनके प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना है। कार्यक्रम के अंत में दीवान राकेश राजपूत सहित पूरी टीम ने महिलाओं से अपील की कि वे निडर बनें, अपने अधिकारों को पहचानें और किसी भी परेशानी में पुलिस का सहयोग लें। इस जागरूकता अभियान में गांव की दर्जनों महिलाओं, युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पुलिस की इस पहल की सराहना की।

# कामता दीक्षित अध्यक्ष एवं आलोक सिंह मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा इकाई तिलोई का त्रैवार्षिक निर्वाचन सम्पन्न तिलोई

अमेठी। क्षेत्र के कस्बा शंकरगंज स्थित जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा इकाई तिलोई का त्रैवार्षिक निर्वाचन एवं अधिवेशन सम्पन्न हुआ जिसमें कामता दीक्षित अध्यक्ष तो आलोक सिंह मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुये। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ तिलोई के निर्वाचन का कार्यक्रम निर्धारित समयानुसार पर्यवेक्षक राजेश तिवारी एवं आशुतोष शुक्ला की देखरेख में सम्पादित किया गया।नामांकन समय सीमा तक कामता दीक्षित अध्यक्ष, आलोक कुमार सिंह मंत्री, संतोष कुमार शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष,अंकित श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष एवं विजय कुमार सविता संयुक्त मंत्री पद पर नामांकन पत्र प्राप्त हुये। समस्त नामांकन पत्र वैध रहे एवं पद पर एक ही नामांकन पत्र दाखिल होने की स्थिति में सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये।निर्वाचन के पश्चात अधिवेशन का कार्यक्रम हुआ जिसमें बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने नवनिर्वाचित कार्यसमिति को बधाई देते हुये अपना पूर्ण सहयोग एवं समर्थन प्रदान करने का आश्वासन दिया।शिक्षक संघ के जिला मंत्री अरुण कुमार सिंह एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशांक शुक्ला ने सभा को सम्बोधित करते हुये एकता बनाये रखने का आवाहन किया अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष कामता प्रसाद दीक्षित ने अतिथियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया।निर्वाचन में तिलोई विकास क्षेत्र में कार्यरत एक सौ चौवालिस शिक्षकों सदस्यों ने प्रतिभाग़ किया।समस्त निर्वाचित कार्यकारिणी को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ तिलोई के अध्यक्ष संतोष तिवारी द्वारा बधाई दी गई है।इस अवसर पर प्रमुख रूप से सतीश कुमार शर्मा, विजय सिंह,गिरजेश सिंह, अश्वनी पाठक,प्रशांत सिंह, सुनील गुप्ता, वीरेश भारती, मान सिंह,विनोद सिंह,अवनीश त्रिपाठी, राजेश कुमार,सुशील कुमार बाजपेई,ममता सिंह, रश्मि सिंह, प्रतिभा सिंह अन्य लोग मौजूद रहें।

# परिषदीय विद्यालयों में नामांकन और बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ायें शिक्षक : अर्जुन सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ गौरीगंज में परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

अमेठी। विकास क्षेत्र गौरीगंज के परिषदीय विद्यालयों के समस्त प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन आज विभा मैरिज लॉन गौरीगंज में किया गया। बैठक का शुभारम्भ खण्ड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह, डायट मेंटर अखिलेश केसरवानी ने किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने विद्यालयों में नामांकन के सापेक्ष छात्र उपस्थिति बढ़ाने, शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

डायट मेंटर अखिलेश केसरवानी ने नामांकन के अनुरूप अधिक से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ साथ संदर्शिका (डायरी/रिकॉर्ड) के नियमित प्रयोग पर बल दिया।राकेश मिश्रा ने टीएलएम, प्रिंट रिच सामग्री एवं अन्य शैक्षिक सामग्री के उपयोग से कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता बताई।बैठक में प्रस्तुत एजेंडा के अनुसार रूप से छात्र उपस्थिति की अद्यतन स्थिति एवं यू-डायस डेटा अपडेट, स्कूल चलो अभियान, आउट-ऑफ-स्कूल बच्चों का चिन्हांकन व नामांकन, एसएमसी बैठकों का आयोजन, आंगनबाड़ी, बालवाटिका में नामांकन, उपस्थिति व गतिविधियों का संचालन, साप्ताहिक गतिविधियां, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, स्वच्छता एवं सेनेटरी पैड उपलब्धता विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान व ट्रैकिंग,खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां, खेल कार्यक्रमों व इको क्लब गतिविधियों का संचालन अधिगम स्तर की नियमित समीक्षा, गैप एनालिसिस एवं सुधारात्मक कार्य,डिजिटल संसाधनों का उपयोग, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब व डिजिटल लाइब्रेरी का प्रभावी प्रयोग,विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यय की समीक्षा किया एआरपी प्रमोद तिवारी ने 'स्कूल रेडीनेस' कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए साप्ताहिक गतिविधियों के नियमित आयोजन पर बल दिया। अरविंद पाण्डेय ने शैक्षिक कैलेंडर पर जोर दिया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने समस्त प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया कि वे नामांकन बढ़ाने के साथ-साथ छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा विभागीय योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करें। बैठक में प्रमुख रूप से एआरपी विष्णु कांत, बद्री विशाल, हरिकेश, विवेक शुक्ला,आलोक तिवारी, अश्विनी द्विवेदी, रोहित सिंह, वसीम, महेंद्र लल्लन अनुपम सचिन श्रीवास्तव, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालय में इनवर्टर किया दान, प्रधानाध्यापिका ने जताया आभार



पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड मरौरी के प्राथमिक विद्यालय सैदपुर में बाला जीआईटीआई के संरक्षक हरिओम चौधरी ने सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की। उन्होंने अपने जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय को इनवर्टर दान किया, ताकि बच्चों को गर्मी में बिजली कटौती के दौरान पढ़ाई में परेशानी न हो।हरिओम चौधरी ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में सहयोग करना सबसे बड़ा पुण्य है। परिषदीय विद्यालयों में संसाधनों की कमी रहती है। ऐसे में समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर मदद करनी चाहिए। इनवर्टर लगने से अब कंप्यूटर कक्ष, स्मार्ट क्लास और पंखे निर्बाध चल सकेंगे। बच्चों को गर्मी से राहत मिलेगी और पठन-पाठन सुचारू रहेगा।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रीति सिंह ने हरिओम चौधरी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि उनके इस सहयोग से विद्यालय का शैक्षिक माहौल बेहतर होगा। भीषण गर्मी और अघोषित बिजली कटौती में बच्चों को काफी दिक्कत होती थी। अब इनवर्टर से बड़ी राहत मिलेगी। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ और बच्चों ने हरिओम चौधरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने भी उनके इस कार्य की सराहना की। प्रधानाध्यापिका ने अन्य लोगों से भी विद्यालय के विकास में सहयोग की अपील की, ताकि नौनिहालों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## महिला शिक्षक संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ पीलीभीत की जिला अध्यक्ष डॉ अनीता तिवारी के नेतृत्व में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभा मिश्रा, महामंत्री डॉ0आराधना कश्यप आदि के साथ जनगणना ड्यूटी के संबंध में जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से दिव्यांग,असाध्याय एवं गंभीर रूप से अस्वस्थ शिक्षकों, गर्भवती एवं बीमार तथा छोटे बच्चों की देखभाल कर रही माताओं को जनगणना ड्यूटी से मुक्त रखने का अनुरोध किया गया। जिन शिक्षक शिक्षिकाओ एवं कार्मिकों के सेवानिवृत्ति में केवल दो वर्ष बचे हैं उन्हें भी जनगणना ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। शिक्षकों पर अनावश्यक कार्यभार ना डाला जाए।जनगणना कार्य में संलग्न शिक्षकों को उचित मानदेय दिया जाए एवं शिक्षकों को प्रतिकर अवकाश प्रदान किया जाना चाहिए।जनगणना कार्य के दौरान शिक्षकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## सरस्वती विद्या मंदिर पुरनपुर में ग्रे यूनिफॉर्म प्रतियोगिता, विद्यार्थियों ने दिखाया अनुशासन और आत्मविश्वास

पुरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पुरनपुर में ल्ग्रे यूनिफॉर्म प्रतियोगिताङ्क का आयोजन बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ किया गया कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने इसमें भाग लेकर अपनी सुसज्जित वेशभूषा और आत्मविश्वास से सभी को प्रभावित किया कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, एकरूपता, अनुशासन और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना था निर्णायकों ने बच्चों का मूल्यांकन यूनिफॉर्म की सफाई, पहनने के तरीके, जूते-मोजों की स्थिति, बालों की साज-सज्जा और समग्र व्यक्तित्व के आधार पर किया। परिणाम इस प्रकार रहे है।जूनियर बॉयज (6-8) में गौरवंश प्रथम, शिखरदीप अग्निहोत्री द्वितीय और निलेश वर्मा तृतीय रहे सीनियर बॉयज (9-12) में अपार गुप्ता प्रथम, आराध्य चौहान गुप्ता द्वितीय और अथर्व गुप्ता तृतीय रहे जूनियर गर्ल्स (6-8) में रितिका पांडे प्रथम, आरोही सिंह द्वितीय और पलकदीप कौर तृतीय रहीं सीनियर गर्ल्स (9-12) में सृष्टि बाबर प्रथम, अनुष्का द्वितीय और नव्या गुप्ता तृतीय रहीं कार्यक्रम विद्यालय के शिक्षा प्रभारी मोहित अवस्थी की देखरेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ जबकि संयोजन प्रवेश ने संभाला प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने अपने संबोधन में कहा कि यूनिफॉर्म विद्यार्थियों के अनुशासन और विद्यालय की पहचान का प्रतीक होती है। अंत में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों में अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ाने में काफी प्रेरणादायक साबित हुआ है।

## केंद्रीय मंत्री पहुचे परशुराम चौक अर्पित की पुष्पांजली



पुरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं स्थानीय सांसद, जितिन प्रसाद ने घुंघचिहाई चौराहे पर स्थित भगवान श्री परशुराम चौक पर पहुंचकर भगवान परशुराम जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजली अर्पित की। केंद्रीय राज्य मंत्री ने प्रतिमा की भव्यता एवं सुंदरता की प्रशंसा की। इस अवसर पर उनके साथ विधायक बाबूराम पासवान , नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा तहसील अध्यक्ष हरगोविंद वाजपेई, तहसील महामंत्री नवनीत मिश्रा, नगर अध्यक्ष गौरव पांडेय , रजनीश पांडेय , गोपाल मिश्रा,अनुपम पांडेय, अश्वनी शुक्ला, मनमोहन शुक्ला, मानस शुक्ला ,राजू भार्गव, विनय शुक्ला, विवेक तिवारी , अचल मिश्रा सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे है।

## डीएम इंद्रजीत सिंह का औचक निरीक्षण, सफाई व्यवस्था पर कड़ा रुख



सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवागत जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने नगर पालिका क्षेत्र के कई वार्डों का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था की हकीकत परखी। उनके अचानक दौरे से नगर पालिका प्रशासन में हड़कंप मच गया और कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। डीएम ने सीताकुंड और सिविल लाइन वार्ड में पहुंचकर कूड़ा निस्तारण, नालियों की सफाई और स्वच्छता व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी लालचंद सरोज, सफाई इंस्पेक्टर अधूलिका सिंह समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ निर्देश दिए कि शहर में नियमित और प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा डीएम ने नगर पालिका कार्यालय का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की, जिससे अधिकारियों में बेचैनी देखी गई। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी की सक्रियता की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि अब शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार होगा। औचक निरीक्षण से यह संकेत मिला है कि प्रशासन अब स्वच्छता को लेकर सख्त रवैया अपनाने के मूड में है।

## एसपी ने साइबर कार्यशाला में स्कूली बच्चों को पढ़ाया जागरूकता का पाठ



अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा राजर्षि रणन्जय सिंह इन्सटीट्यूट आफ मैनेजमेन्ट एन्ड टेक्नोलॉजी कालेज में साइबर कार्यशाला के माध्यम से छात्र छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में जागरुक किया गया।थाना क्षेत्र मुंशीगंज के राजर्षि रणन्जय सिंह इन्सटीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एन्ड मैनेजमेन्ट कालेज जनपद अमेठी में साइबर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा कालेज के बी टेक व एमबीए के छात्र-छात्राओं व उपस्थित शिक्षकों को साइबर जगत में होने वाले वित्तीय व गैर वित्तीय साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से उदाहरण के माध्यम से समझाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्र छात्राओं को सोशल मीडिया अकाउंट्स पर टू स्टेप वेरिफिकेशन लागू करने और अनजान व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट से बचने की सलाह दी गई व इस दौरान डेमो के लिये एक छात्रा को बुलाकर उसके मोबाइल फोन से और अधिकृत रूप से इंस्टॉल किये जाने वाले ऐप और उसके माध्यम से व्यक्तिगत डेटा चोरी के बारे में बताया गया व क्यू आर कोड के माध्यम से भुगतान करते समय सावधानी बरतने और केवल विश्वसनीय स्रोतों से ही लेनदेन करने पर जोर दिया गया।साइबर अपराध व डिजिटल अरेस्ट एवं उससे बचने के तरीके और ऐसी घटना होने पर उसके सम्बंध में रिपोर्टिंग प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होने पर तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर संपर्क करें अथवा स्थानीय थाने पर सूचना देने हेतु बताया गया।कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्रों से संवाद किया गया जिसमें छात्रों द्वारा विभिन्न साइबर अपराध के बारे में प्रश्न पूछे गये जिसका एसपी द्वारा उत्तर देते हुये विस्तार से जानकारी देकर बताया गया।इस कार्यशाला का उददेश्य युवाओं के भीतर 'डिजिटल साक्षरता व साइबर जागरुकता' को बढ़ावा देना है ताकि वे तकनीक का लाभ तो उठा सकें, लेकिन इसके खतरों से भी सुरक्षित रहें।कार्यक्रम में छात्र छात्राओं सहित शिक्षकगण और पुलिस के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# आप को बड़ा झटका

पंजाब में विधानसभा चुनाव से सिर्फ दस महीने पहले, राज्यसभा के सात सांसदों द्वारा आम आदमी पार्टी का साथ छोड़ने से पार्टी का संकट गहराता नजर आ रहा है। बगावती तेवरों वाले तीन राज्यसभा सदस्यों राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने पार्टी में विभाजन की घोषणा करते हुए कहा है कि उच्च सदन में आप के दो-तिहाई सांसद यानी दस में सात सदस्यों ने एक गुट के रूप में भारतीय जनता पार्टी में विलय करने का निर्णय कर लिया है। हाल के महीनों में खासे मुखर रहने वाले राघव चड्ढा को राज्यसभा में आप के उपनेता पद से हटाये जाने के बाद उनके द्वारा शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोलने के बाद तो विभाजन के संकेत मिलने शुरू हो गए थे। विडंबना यह है कि राज्यसभा में राघव चड्ढा के स्थान पर आप के उप नेता की जगह लेने वाले अशोक मित्तल ने भी उनका ही साथ दिया है। इसमें दो राय नहीं कि बीते साल दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथों मिली करारी हार के बाद आम आदमी पार्टी के लिये यह सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है। एक समय था कि राघव चड्ढा को आम आदमी पार्टी में नई पीढ़ी का ऊर्जावान प्रतीक चेहरा माना जाता रहा है। अब वे ही आप नेतृत्व पर पार्टी के मूलभूत आदर्शों से पीछे हटने का आरोप लगा रहे हैं। राघव व पार्टी के अन्य बागी सांसदों ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी जनसरोकारों को प्राथमिकता देने के बजाय निजी लाभ को तरजीह दे रही है। उनके निशाने पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ही हैं। जिन्हें पंजाब में मान सरकार की बागडोर दिल्ली से संचालित करने वाला माना जाता रहा है। जैसा कि आपेक्षित था, आबकारी नीति मामले में मुश्किल में फंसे और अदालती लड़ाई लड़ रहे केजरीवाल ने इन सांसदों पर विश्वास तोड़ने और पंजाब की जनता से छल करने का आरोप लगाया है। केजरीवाल ने आप से अलग होने वाले सांसदों पर पंजाब के लोगों के साथ विश्वासघात करने वाला बताया है। वहीं दूसरी ओर भाजपा भी केजरीवाल के निशाने पर है, जिस पर उन्होंने सुनियोजित साजिश करके आम आदमी पार्टी को कमजोर करने का आरोप लगाया है। वास्तव में भाजपा सीमावर्ती राज्य पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी जड़ें मजबूत करने की कवायद में जुटी है। इसी कड़ी में भगवा पार्टी ने हाल के वर्षों में पंजाब के कई कांग्रेसी नेताओं को अपने पाले में करने में कामयाबी पायी है। निश्चित रूप से राज्य सभा में आप के दो तिहाई सांसदों का टूटकर भाजपा में मिलना आम आदमी पार्टी के लिये बड़ी चुनौती है। जिसके चलते पंजाब में अपनी खोई जमीन पाने के लिये पार्टी को एकजुट करके आगे बढ़ने की बड़ी चुनौती सामने खड़ी है। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि आप के कुछ और नेता आगामी दिनों में भाजपा का दामन थाम लें। लेकिन यहां सवाल आप सुप्रीमो पर उठ रहे हैं कि क्या उन्होंने इन नेताओं को राज्यसभा का टिकट देते वक्त पार्टी की रीति-नीतियों की कसौटी पर परखा था या फिर पार्टी की आर्थिक प्राथमिकताओं को ही उनकी योग्यता मान लिया गया था। जाहिर है ये लोग सार्वजनिक जीवन में बहुत चर्चित चेहरे होने के बजाय आर्थिक रूप से समृद्ध लोग रहे हैं। जब चयन में आर्थिक प्राथमिकताएं होती हैं तो चयनित सदस्यों के निर्णय में भी लाभ-हानि का गणित ही प्रभावी रहता है। यहां सवाल कुछ सासंदों के कारोबारी छिद्रों पर सरकारी एजेंसियों का दबाव का भी है, जिन पर पिछले दिनों कार्रवाई भी हुई थी। अनुमान लगाये जा रहे हैं कि शायद इस कार्रवाई के बाद विभिन्न कारोबार से जुड़े अन्य सांसद भी दबाव में आ गए। उन्होंने केंद्र में सत्तारूढ़ राजग की धुलाई मशीन से गुजरना ज्यादा सुरक्षित महसूस किया। बहरहाल, इस घटनाक्रम ने अन्य राज्यों में विपक्षी दलों के लिये भी खतरे की घंटी बजा दी है। निश्चय ही इंडी गठबंधन के लिये अपने दलों को एकजुट रखना आने वाले दिनों चुनौती साबित हो सकता है।

# परवरिश की जंग में हार मानती जिंदगी

आजकल अधिकांश एकल परिवार हैं उनमे भी न्यूक्लियर यानि एक या दो बच्चे इस स्थिति में कुछ पिता अपने बच्चों से अधिक अपेक्षा बना लेते हैं और उन का कैरियर संवारने के लिए बचपन से ही इस तरह की सख्ती करते हैं जो बच्चों को भीतर तक मर्माहत कर देती है उनका बचपन छीन लेती है नतीजा यह निकलता है कि कई बार बच्चे अभिभावकों के दबाव के चलते मानसिक बीमारी से ग्रसित हो जाते हैं उनका स्वाभाविक विकास रुक जाता है और कई बार वह बागी होकर एंग्री यंगमेन बन जाते हैं और कुछ अधिक संवेदनशील बच्चे इस कदर टूट जाते हैं कि वह आत्मघाती कदम उठा कर अपनी जीवन लीला ही समाप्त कर देते हैं जैसे कि कानपुर के एक युवा वकील ने किया जब पिता के कर्कश अपमान जनक व्यवहार के साथ जद्दोजहद में युवा वकील इतना अधिक टूट गया कि उसने भरी कचहरी में पांचवी मंजिल से छलांग लगा कर जीवन को अलविदा कह दिया। उत्तर प्रदेश के कानपुर में कानपुर कचहरी में अधिवक्ता प्रियांशु श्रीवास्तव ने पांचवीं मंजिल से छलांग लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। प्रियांशु ने यह आत्मघाती कदम अपने पिता राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव की कथित सख्ती और मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर उठाया। मृतक ने आत्महत्या से ठीक पहले व्हाट्सएप पर दो पन्नों का स्टेटस नोट साझा किया था। इस नोट में उन्होंने बचपन की कड़वी यादों और वर्तमान की बंदिशों का विस्तार से जिक्र किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और व्हाट्सएप स्टेटस को जांच का मुख्य आधार बनाया है। युवा वकील प्रियांशु श्रीवास्तव के आत्महत्या मामले ने देश भर में सनसनी मचा दी है। कानपुर कोर्ट की पांचवी मंजिल से छलांग लगाने वाले युवा वकील का सुसाइड नोट इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, गुरुवार को दोपहर बाद युवा वकील ने कोर्ट भवन की पांचवी मंदिर से छलांग लगा दी थी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इससे पहले उसने सोशल मीडिया एकाउंट पर स्टेटस पर दो पेज का सुसाइड नोट अपलोड किया। इसमें उसने अपने पिता राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव के जुल्म की इंतेहा को दर्ज किया। प्रियांशु श्रीवास्तव कानपुर के बर्रा आठ वरुण विहार का रहने वाला था। उसके पिता राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव भी कानपुर कोर्ट में वकील थे। 23 वर्षीय प्रियांशु ने वर्ष 2025 में डीसी लॉ कॉलेज से कानून की डिग्री हासिल की। इसके बाद वह अपने पिता के साथ ही कानपुर कोर्ट में वकालत करने लगा। गुरुवार दोपहर 12:05 बजे उसने सुसाइड नोट लिखा। इसके तीन घंटे बाद कोर्ट भवन की पांचवी मंजिल से छलांग लगा दी। जिस कानपुर कोर्ट भवन में यह घटना घटी,वहां कोर्ट भवन के पीछे की ओर खिड़कियां बनी हुई हैं। उनके चारों तरफ जाली लगाई है। यहां एक सिरे पर जाली नहीं है। प्रियांशु वहीं जाकर ऊपर बैठ गया था। करीब 10 मिनट तक वहीं बैठा रहा। इसके बाद वह पीछे की तरफ कूद गया। उसके नीचे गिरते ही तेज आवाज ने हर किसी को चौंका दिया। पांचवी मंजिल पर मौजूद वकील और अन्य लोग हैरान रह गए। कोर्ट भवन में तेज धमाके के साथ आवाज हुई तो वकील नीचे की ओर भागे। प्रियांशु जहां गिरा वहां कोई आता-जाता नहीं है। उधर जाने का रास्ता भी बंद रहता है। बार एंड लॉयर्स के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। चैनल को खुलवाया गया। इसके बाद सभी मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद वहां जिला जज अनमोल पाल भी न्यायिक अधिकारियों के साथ पहुंच गए। पुलिस और फोरेंसिक टीम भी घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची। घटनास्थल से सबूत जुटाए गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। पुलिस का कहना है कि सुसाइड नोट में युवा वकील ने पिता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवा वकील ने सुसाइड नोट में लिखा है कि उसके ऊपर 5-6 साल की उम्र से ही जुल्म किया जा रहा है। मैंगो जूस वाली कहानी भी साझा की। वकील ने लिखा कि बात-बात पर पिता मेरी पिटाई करते थे। हमेशा मेरी बुराई ही होती थी। हमेशा नीचा दिखाया जाता है। इसलिए अब इस जिंदगी को खत्म कर रहा हूं। पिता के खिलाफ

**उत्तर प्रदेश के कानपुर में कानपुर कचहरी में अधिवक्ता प्रियांशु श्रीवास्तव ने पांचवीं मंजिल से छलांग लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। प्रियांशु ने यह आत्मघाती कदम अपने पिता राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव की कथित सख्ती और मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर उठाया। मृतक ने आत्महत्या से ठीक पहले व्हाट्सएप पर दो पन्नों का स्टेटस नोट साझा किया था। इस नोट में उन्होंने बचपन की कड़वी यादों और वर्तमान की बंदिशों का विस्तार से जिक्र किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और व्हाट्सएप स्टेटस को जांच का मुख्य आधार बनाया है। युवा वकील प्रियांशु श्रीवास्तव के आत्महत्या मामले ने देश भर में सनसनी मचा दी है। कानपुर कोर्ट की पांचवी मंजिल से छलांग लगाने वाले युवा वकील का सुसाइड नोट इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, गुरुवार को दोपहर बाद युवा वकील ने कोर्ट भवन की पांचवी मंदिर से छलांग लगा दी थी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इससे पहले उसने सोशल मीडिया एकाउंट पर स्टेटस पर दो पेज का सुसाइड नोट अपलोड किया। इसमें उसने अपने पिता राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव के जुल्म की इंतेहा को दर्ज किया। प्रियांशु श्रीवास्तव कानपुर के बर्रा आठ वरुण विहार का रहने वाला था। उसके पिता राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव भी कानपुर कोर्ट में वकील थे। 23 वर्षीय प्रियांशु ने वर्ष 2025 में डीसी लॉ कॉलेज से कानून की डिग्री हासिल की। इसके बाद वह अपने पिता के साथ ही कानपुर कोर्ट में वकालत करने लगा। गुरुवार दोपहर 12:05 बजे उसने सुसाइड नोट लिखा। इसके तीन घंटे बाद कोर्ट भवन की पांचवी मंजिल से छलांग लगा दी। जिस कानपुर कोर्ट भवन में यह घटना घटी,वहां कोर्ट भवन के पीछे की ओर खिड़कियां बनी हुई हैं। उनके चारों तरफ जाली लगाई है। यहां एक सिरे पर जाली नहीं है। प्रियांशु वहीं जाकर ऊपर बैठ गया था। करीब 10 मिनट तक वहीं बैठा रहा। इसके बाद वह पीछे की तरफ कूद गया। उसके नीचे गिरते ही तेज आवाज ने हर किसी को चौंका दिया। पांचवी मंजिल पर मौजूद वकील और अन्य लोग हैरान रह गए। कोर्ट भवन में तेज धमाके के साथ आवाज हुई तो वकील नीचे की ओर भागे। प्रियांशु जहां गिरा वहां कोई आता–जाता नहीं है। उधर जाने का रास्ता भी बंद रहता है। बार एंड लॉयर्स के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। चैनल को खुलवाया गया।**

आक्रोश जताने वाले युवा वकील ने लिखा, 'लव यू मम्मी...'। युवा वकील प्रियांशु ने अपने सुसाइड नोट में 6 साल की उम्र में हुए अत्याचार की कहानी भी साझा की है। इसमें उसने लिखा कि मुझे यह बताने में काफी शर्म महसूस हो रही है। उसने लिखा कि 6 साल के उम्र में फ्रिज में रखे आम के जूस को पीने के चलते मेरे पिता ने मुझे निर्वस्त्र कर घर के बाहर भगा दिया था। हमारे प्रति उनका ऐसा रवैया हमेशा बना रहा। वह हमेशा मुझे बेइज्जत करते रहते थे। वकील ने सुसाइड नोट में लिखा है कि मैं मानता हूं कि हर माता-पिता को शुरू से ही सख्त रवैया अपनाया जाना चाहिए। इससे बच्चों का भविष्य संवर सकता है लेकिन अगर आप अपने बच्चों पर इतनी ज्यादा सख्ती करेंगे तो बच्चों को हर पल घुटन महसूस होने लगेगी। परीक्षा के एक दिन पहले अगर सिलेबस पूरा तैयार नहीं है तो पीटने लगते थे। हर समय, हर मिनट नजर रखते थे। एक-एक मिनट का हिसाब लेते थे। यह मानसिक प्रताड़ना ही है। इस प्रकार के टॉर्चर से मैं अब अधिक समय तक नहीं जी सकता हूं। इसलिए, मैंने यह कदम उठाने का निर्णय लिया। प्रियांशु ने सुसाइड नोट में दावा किया कि बचपन में मारपीट और घर से भगाए जाने की घटना के बाद भी पिता नहीं थमे। बड़ा होने पर भी पिता उसके साथ अलग व्यवहार करते रहे। लगातार उसे मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी। पिता बार-बार उसे बेइज्जत करते थे। पीटने लगते थे। इसने प्रियांशु को अंदर तक तोड़ दिया। वह मानसिक तौर पर टूट गया था। उसने अपने सुसाइड नोट में लिखा भी कि मेरा यह निवेदन है कि मेरी लाश को मेरे पापा छू भी न पाएं। भगवान करे ऐसा पिता किसी को भी न मिले। इससे पिता के प्रति उसके मन की भावनाओं को समझा जा सकता है। यह दुखद घटना उन अभिभावकों की आंखे खोलने के लिए सबक है जो अपने सपनों को जबरन अपने बच्चों पर थोपते है और जरा जरा सी बात पर दूसरे लोगों के सामने उन्हें अपमानित लहजे से प्रताड़ित करते हैं। आज इक्कीसवीं सदी का दौर है इसमे उन्नीसवीं बीसवीं सदी का अशिक्षित मानसिक शारीरिक प्रताड़ना देने वाला दौर नही चल सकता। आज के किशोर युवा बहुत संवेदनशील है वह थोड़े से दुर्व्यवहार पर ही बिखर सकते हैं,टूट सकते हैं। इस लिए बालकों,किशोरों और नवयुवाओं के साथ सभ्यता से मित्रवत मार्गदर्शन करना चाहिए न कि यातना भरा दुर्व्यवहार। आज प्रियांशु का पिता वह अभागा पिता है जिसने खुद अपने गलत व्यवहार के चलते अपने भविष्य को मौत के मुंह में जाने के लिए मजबूर कर दिया। बेशक उनकी सोच बेटे को बेहतर कैरियर देने और समाज में सफल इंसान बनाने की रही होगी लेकिन यकीनन उनका तरीका अक्षम्य और अमानवीयता भरा बर्बर रहा जिसका दर्द लेकर एक होनहार युवा ने मौत को गले लगा लिया और पिता की बुढ़ापे की लाठी खत्म हो गई। -मनोज कुमार अग्रवाल

# राजनीति में क्यों लांघी जा रही भाषा की मर्यादा

**रोहित कौशिक**

हाल ही में 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों में जुबानी तीर भी खूब चले। जुबानी तीर जब भाषा की मर्यादा लांघ जाएं तो राजनेताओं को यह सोचने की जरूरत है कि हम किस दिशा में जा रहे हैं। देश और दुनिया में पिछले 10 साल से राजनीति का स्तर गिरता जा रहा है। लगातार भाषा की मर्यादाएं लांघी जा रही हैं। हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तमिलनाडु में प्रधानमंत्री को कथित तौर पर आतंकवादी कहा। हालांकि बाद में उन्होंने सफाई देते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी लोगों और राजनीतिक पाष्टयों को डरा रहे हैं। मैंने कभी नहीं कहा कि वे आतंकवादी हैं। ई.डी., आयकर विभाग और सी.बी.आई. छापेमारी कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री को आतंकी कहने के मामले में चुनाव आयोग से खरगे की शिकायत की थी। इसके बाद महाराष्ट्र के मंत्री नीतिश राणे ने कहा कि इस देश में सिर्फ एक आतंकवादी है और वो है राहुल गांधी, जो पाकिस्तान की भाषा बोलता है। इसके साथ ही एक चुनावी रैली में गृहमंत्री अमित शाह ने भी ममता बनर्जी के लिए गलत लहजे में बात की। अगर हम पिछले 4-5 महीने के राजनेताओं के वक्तव्यों पर गौर करेंगे तो गंदी भाषा के अनेक उदाहरण सामने आ जाएंगे। सार्वजनिक जगहों पर यह गंदी भाषा वे लोग बोल रहे हैं, जो अपनी अपनी पार्टी में या फिर सरकार में जिम्मेदार पदों पर हैं। सवाल यह है कि क्या गंदी भाषा के बिना राजनीति नहीं हो सकती? मल्लिकार्जुन खरगे एक वरिष्ठ राजनेता हैं और देश की सबसे पुरानी पार्टी के अध्यक्ष हैं। क्या उन्हें प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहना शोभा देता है? इस मुद्दे पर कांग्रेस के समर्थक यह कह सकते हैं कि भाजपा के लोग सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बारे में अक्सर गंदी भाषा का इस्तेमाल करते रहते हैं। पं. नेहरू को भी बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। इसलिए अगर खरगे ने प्रधानमंत्री के बारे में गलत शब्द बोल दिया तो क्या हो गया। तो क्या इस आधार पर मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहना उचित है? निश्चित रूप से नहीं। अगर दूसरों के संस्कार ठीक नहीं, तो क्या हमें भी अपने संस्कार उन जैसे ही कर लेने चाहिएं? निश्चित रूप से पं. नेहरू, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बारे में आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया जाता है। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबंध में भी आपत्तिजनक भाषा बरती जाती है। कई बार कांग्रेस भी भाजपा को स्वयं ही एक मुद्दा पकड़ा देती है और भाजपा कई दिनों तक उस पर उछल-कूद करती रहती है। सवाल यह नहीं कि किस राजनीतिक दल के नेता ने कब किस प्रकार की अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया, सवाल यह है कि अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया ही क्यों गया? इस दौर में राजनेता जोश और अतिरेक में आकर राजनीति की मूल भावना को तिलांजलि दे रहे हैं। राजनीति अपनी ठसक या हनक दिखाने का माध्यम बना दी गई है। राजनेताओं को यह समझना चाहिए कि राजनीति में अहंकार का कोई स्थान नहीं होता लेकिन इस दौर की राजनीति में राजनेताओं में अहंकार बढ़ता जा रहा है। यहां बात भाजपा, कंाग्रेस या फिर किसी एक दल की नहीं, सभी राजनेताओं के संस्कार की है। तो क्या आज की राजनीति संस्कारहीन हो गई है? कुछ भी हो, राजनेताओं को भाषा की मर्यादा का ख्याल तो रखना ही चाहिए। तभी वरिष्ठ राजनेता नई पीढ़ी के राजनेताओं को राजनीति का सही पाठ पढ़ा और राजनीतिक शुचिता को भी महत्व दे पाएंगे। राजनीति में स्वयं को ईमानदार और दूसरों को पापी साबित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जो राजनीति के मूल चरित्र को कठघरे में खड़ा कर रही है। इस दौर में मुद्दों पर बात कम हो गई है और व्यक्तिगत बातों पर ज्यादा ध्यान केनद्रित किया जा रहा है। इस सारी प्रक्रिया में सबसे दुखद यह है कि धीरे-धीरे राजनीति में नफरत की भावना बढ़ती जा रही है। इस दौर में साम्प्रदायिक राजनीति को ही असली राजनीति समझ लिया गया है। यही कारण है कि धर्म के नाम पर राजनीति में इंसानियत खत्म होती जा रही है। राजनीति के इस नकारात्मक भाव के लिए आम जनता में भी कोई हलचल या गुस्सा नहीं है। आम जनता ने इसे ही अपनी नियति समझ लिया है, बल्कि कई बार तो आम जनता राजनीति की बदलती धारा में स्वयं ही शामिल हो जाती है। यही कारण है कि इस दौर में मूल समस्याओं के लिए होने वाले आन्दोलन कमजोर हो गए हैं। कुछ कुटिल राजनेता और समाज के कुछ ठेकेदार मिलकर एक ऐसा वातावरण बना रहे हैं, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों और धर्मों के लोगों के बीच आपसी विश्वास कम हुआ है।

## सेहत मंत्र

# जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द को कम करता है जायफल

जायफल रसोई में इस्तेमाल होने वाली एक महत्वपूर्ण स्पाइस है। इसे दुनियाभर में विभिन्न व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता है। यह खाद्य पदार्थों में मिठास लाता है। जायफल न सिर्फ भोजन के स्वाद को बढ़ाता है, बल्कि इससे खाने से काफी अच्छी महक आती है। यूं तो आप भी जायफल का इस्तेमाल अपने भोजन में करते होंगे, लेकिन क्या आप इससे होने वाले फायदों से वाकिफ हैं। अगर आप हर दिन अत्यधिक तनाव का सामना करते हैं तो आपको जायफल का सेवन अवश्य करना चाहिए। जायफल में मिरिस्टिसनि और एलिमिसिन पाया जाता है, यह कपांउड दिमाग को रिलैक्स करने का काम करते हैं। इतना ही नहीं, जायफल में मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर सेरोटोनिन और डोपामाइन को बढ़ावा देने की क्षमता होती है। जिसके कारण आप तनाव व अवसाद से आसानी से बाहर आ सकते हैं। इसके लिए आप थोड़ा सा जायफल पाउडर लेकर उसे आंवला के रस में मिलाकर सेवन करें। जायफल का सेवन आपके मस्तिष्क की कार्यक्षमता को भी बेहतर बनाता है। दरअसल, जायफल में मिरिस्टिसनि और मैकलिगनन होता है, जो मानव के मस्तिष्क और उसकी मेमोरी पावर को बूस्टअप करने का काम करता है। इतना ही नहीं, जायफल एकाग्रता और ध्यान केन्द्रति करने की क्षमता में भी सुधार करता है। इसके लिए आप हर रात सोने से पहले एक गिलास गर्म पानी में जरा सा जायफल का पाउडर मिक्स करके इसका सेवन करें। जिन लोगों को रात में ठीक तरह से नींद न आने की समस्या होती है, उनके लिए जायफल किसी रामबाण से कम नहीं है। यह अनिद्रा के लिए एक नेचुरल रेमिडी है। दरअसल, जायफल में मैग्नीशियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। मैग्नीशियम मस्तिष्क में तंत्रिका तनाव को कम करने और सेरोटोनिन के उत्पादन को बढ़ावा देने में मदद करता है। इसके लिए आप हर रात सोने से पहले एक गिलास दूध में चुटकी भर जायफल पाउडर, बादाम व इलायची डालकर सेवन करें।

## धर्म मंत्र

# यदि आप आर्थिक तंगी से हैं परेशान तो करें गुरुवार का व्रत

अगर आप आर्थिक तंगी से परेशान हैं या घर में किसी लड़की की शादी नहीं हो पा रही हैं तो ऐसे में गुरुवार का व्रत फायदेमंद होगा। तो आइए हम आपको गुरुवार व्रत का नियम, महत्व तथा उद्यापन विधि के बारे में बताते हैं। अगर आप अपनी परेशानी को कम करने के लिए गुरुवार का व्रत रखना चाहते हैं तो पौष मास को छोड़ कर किसी भी महीने के शुक्ल पक्ष के गुरुवार से व्रत प्रारम्भ कर सकते हैं। किसी भी शुभ काम की शुरूआत करने के लिए शुक्ल पक्ष उत्तम रहता है इसलिए गुरुवार का व्रत भी शुक्ल पक्ष से ही प्रारम्भ करें। गुरुवार का दिन भगवान विष्णु का होता है इसलिए विष्णु जी को प्रसन्न करने के लिए आप गुरुवार का व्रत रख सकते हैं। गुरुवार का व्रत बहुत आसान और प्रभावकारी होता है। इसके लिए बहुत कम सामान की जरूरत होती है। पूजा करने के लिए केले का पेड़, विष्णु भगवान की फोटो, चने की दाल, गुड़, हल्दी और हवन करने के लिए उपले इत्यादि। गुरुवार को सुबह जल्दी उठकर स्नान कर साफ कपड़े पहनें। उसके बाद पूजा घर की सफाई कर हाथ में चावल और पीले फूल लेकर 16 बृहस्पतिवार व्रत रखने का संकल्प करें। एक छोटा पीला कपडा विष्णु भगवान को चढ़ाएं और लोटे के जल में गुड़, चने की दाल डालकर विष्णु भगवान को स्नान कराएं। उसके बाद पीले फलों का भगवान को भोग लगाएं। इसके बाद कथा पढ़े और आरती करें। उसके बाद लोटे में बचे पानी को केले के पेड़ में डाल दें। साथ ही ध्यान रखें कभी भी बृहस्पतिवार के दिन केले का सेवन न करें। बचे हुए प्रसाद में गुड़ और चने की दाल गाय को खिलाएं इससे आपको बहुत पुण्य मिलेगा।

## पर्यटन



# दुनिया की सबसे बड़ी तोप जयबाण देख कर आप रह जाएंगे दंग

पहियों पर रखी हुई दुनिया की सबसे बड़ी तोप जयबाण देखनी है तो चले आये जयपुर के समीप जयगढ़ किले पर। मुझे कुछ दिन पूर्व इसे देखने का मौका मिला। मेरे साथ सैकड़ों सैलानी आश्चर्य के साथ इसे निहार रहे थे। एक फ्रांस के पर्यटक से पूछ लिया हाऊ यू फील तो बोला उठा क्याइट वन्डरफुल। यह तोप वास्तव में जयगढ़ दुर्ग की शान और पर्यटकों के आकर्षण का विशेष केंद्र है। लाखो पर्यटकों की पसंद जयबाण तोप का निर्माण 1720 ई. में जयपुर के मिर्ज़ा राजा जयसिंह द्वारा मुगल राजा मोहमद शाह के समय करवाया गया था। विश्व की सबसे बड़ी यह तोप जयगढ़ किले के डूंगर दरवाजे की बुर्ज पर स्थित है। अधिक बवजन होने से इसे कभी किले से बाहर नहीं ले जाया गया और न कभी यह किसी युद्ध में काम मे लाई गई। यह दुनिया में सबसे प्रसिद्ध तोप है। जयबाण एक दोपहिया गाड़ी पर स्थित है। पहियों व्यास में 4.5 फीट हैं। गाड़ी परिवहन के लिए दो हटाने योग्य अतिरिक्त पहिये लगाए गए हैं। इन पहियों का व्यास 9.0 फुट हैं। इस तोप से 100 किलोग्राम गनपाउडर से बना 50 किलोग्राम वजन का गोले दागा जा सकते था। तोप की बैरल की लंबाई 20.2 फीट है और इसका वजन 50 टन है। बैरल के आगे की ओर नोक के निकट परिधि 7.2 फीट है और पीछे की 9.2 फीट है। बैरल के बोर का व्यास 28 सेमी है और छोर पर बैरल की मोटाई 21.6 सेमी है। बैरल के पीछे की तरफ मोटाई धीरे-धीरे बढ़ जाती है। बैरल पर दो कड़ियाँ है जो कि एक क्रेन की सहायता से इसे उठाने के लिए उपयोग की जाती थीं। बैरल पर आगे की ओर पुष्प आकृति है और केंद्र में मोर की एक जोड़ी बनाई गई है। पीछे की ओर बतख की एक जोड़ी दिखाई देती है। इस तोप को एक बार ही परीक्षण-फायरिंग के लिए चलाया गया था तो जयपुर से करीब 35 किमी दूर स्थित चाकसू नामक कस्बे में गोला गिरने से एक तालाब बन गया था। इस तोप को बनाने के लिए जयगढ़ दुर्ग में ही एक कारखाना बनवाया गया था। इसकी नाल भी यहीं पर विशेष तौर से बनाए सांचे में ढाली गई थी। लोहे को गलाने के लिए भट्टी भी यहां बनाई गई। इसके प्रमाण जयगढ में आज भी मौजूद है। इस कारखाने में और भी तोपों का निर्माण हुआ। विजयदशमी के दिन इस तोप की विशेष पूजा की जाती है। यहां के तोप ढालने के कारखाने में बनी अनेक छोटी-बड़ी करीब दो दर्जन से अधिक तोपों को एक संग्रहालय बना कर प्रदर्शित किया गया हैं।

# उद्यमियों, व्यापारियों एवं श्रमिक हितों के प्रकरणों का प्राथमिकता से हो समाधान : डीएम

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वाणिज्य बंधु, उद्योग बंधु एवं श्रम बंधु समितियों की संयुक्त बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वाणिज्य बंधु, उद्योग बंधु एवं श्रम बंधु समितियों की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापार, उद्योग एवं श्रमिक हितों से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि उद्यमियों, व्यापारियों एवं श्रमिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे जनपद में सुगम व्यापारिक एवं औद्योगिक वातावरण विकसित हो सके।

बैठक में सर्वप्रथम जिला वाणिज्य बंधु समिति के अंतर्गत शहर की यातायात व्यवस्था, बाजार प्रबंधन, पार्किंग एवं अतिक्रमण से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शहर के प्रमुख मार्गों पर पूर्व से लागू वन-वे व्यवस्था को कड़ाई से प्रभावी कराया जाए, जिससे यातायात सुचारु बना रहे और जाम की स्थिति न उत्पन्न हो।



उन्होंने ई-रिक्शा संचालन को सुव्यवस्थित करने हेतु प्रमुख चौराहों पर स्थान चिन्हित कर वहीं से सवारी बैठाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही परिवहन निगम की बसों को केवल निर्धारित स्थलों से ही सवारी बैठाने के निर्देश दिए, ताकि सड़क किनारे अव्यवस्थित ठहराव के कारण यातायात प्रभावित न हो। जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र में बेतरतीब विद्युत तारों, अतिक्रमण एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी व्यापारी बंधुओं से शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने में प्रशासन को सहयोग देने की अपील की।

इसके उपरांत जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक में जनपद में औद्योगिक निवेश, निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों तथा औद्योगिक क्षेत्रों की अवस्थापना संबंधी प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि निवेश से जुड़े सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत शासन की मंशा के अनुरूप त्वरित कार्यवाही की जाए। बैठक में यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड में फायर स्टेशन एवं अनावासीय भवन निर्माण, अवशेष सड़कों, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, विद्युत कार्य एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। औद्योगिक क्षेत्र माती में सड़क निर्माण एवं जल निकासी हेतु नाला निर्माण से जुड़े प्रकरणों पर भी चर्चा की गई। बैठक में उद्यमियों द्वारा उठाए गए लंबित प्रकरणों पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए तथा स्पष्ट किया कि औद्योगिक विकास से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में जॉइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम नवाबगंज सुश्री गुंजिता अग्रवाल, प्रशिक्षु आईएएस श्री विद्यांशु शेखर झा सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण, व्यापारी एवं उद्यमी प्रतिनिधि तथा श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### श्रम बंधु समिति में श्रमिक हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा

श्रम बंधु समिति की बैठक में श्रमिकों के कल्याण, श्रम कानूनों के अनुपालन, औद्योगिक इकाइयों में श्रमिक सुविधाओं तथा श्रमिक हितों से संबंधित विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रमिकों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा श्रमिक कल्याण योजनाओं का लाभ पात्रों तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जाए।

# बाराबंकी में पर्यटन विकास हेतु 702 लाख की 10 परियोजनाएं स्वीकृत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। प्रदेश सरकार द्वारा जनपद बाराबंकी के विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन महत्व के स्थलों के विकास हेतु राज्य योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 702 लाख रुपये लागत की 10 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सीएनडीएस कार्यदायी संस्था को सौंपी गई है। सभी कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को शीघ्र लाभ मिल सके।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जनपद के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में स्वीकृत परियोजनाओं में कुर्सी क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध काली मंदिर के लिए 90 लाख रुपये, दरियाबाद क्षेत्र के अलियाबाद स्थित सर्वेश्वर महादेव मंदिर के लिए 55 लाख रुपये, हैदरगढ़ क्षेत्र के ठाकुर राधाकृष्ण महाराज मंदिर हसवापुर (खैरा कन्नकू) के लिए 59 लाख रुपये, रामनगर स्थित कोटवाधाम जगजीवन दास मंदिर के लिए 150 लाख रुपये, आवास विकास कॉलोनी कोठी डीह स्थित स्वामी चेतना जी महाराज शिवा योगपीठ योग आश्रम के लिए 86 लाख रुपये तथा जैदपुर ब्लॉक मसौली स्थित ज्वालामुखी मंदिर के लिए 70 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

इसी क्रम में हैदरगढ़ क्षेत्र के जलालपुर स्थित नैपुरा घाट गोमती नदी मंदिर परिसर में इंटरलॉकिंग हेतु 48 लाख रुपये, फतेहपुर विकासखंड के ग्राम गौरा सैलक स्थित गंगापुर घाट सुमली नदी तट पर बहुउद्देशीय सुविधाओं हेतु 48 लाख रुपये, रामनगर क्षेत्र के कालभैरव मंदिर श्रीनाथ बाबा, शहादगंज मजरे लालपुर के विकास हेतु 48 लाख रुपये तथा हैदरगढ़ के ग्राम बेहटा स्थित बाबा टीकाराम तीर्थ स्थल पर बहुउद्देशीय स्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 48 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश के आस्था एवं विरासत स्थलों का सुनियोजित कायाकल्प किया जा रहा है। इन स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं के विकास से श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। जिलाधिकारी श्री ईशान प्रताप सिंह ने कहा कि स्वीकृत परियोजनाओं को जनपद प्रशासन द्वारा सतत मॉनिटरिंग के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया है कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, उपयोगिता और सौंदर्यीकरण के मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि विकसित होने वाले ये स्थल जनपद की धार्मिक-पर्यटन पहचान को नई ऊंचाई प्रदान कर सकें।

# यातायात व्यवस्था सुधार को लेकर डीएम ने किया पैदल स्थलीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जाम प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा, वन-वे, ई-रिक्शा संचालन एवं अतिक्रमण नियंत्रण पर दिए निर्देश**



बाराबंकी, । शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारु एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री ईशान प्रताप सिंह ने सोमवार सायंकाल पटेल तिराहा, पुराना बस स्टैंड, छाया चौराहा, नेबलेट चौराहा तथा धनोखर क्षेत्र सहित जाम प्रभावित स्थानों का पैदल स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने यातायात अवरोध के कारणों, सड़क किनारे अतिक्रमण, ई-रिक्शा संचालन, वेंडिंग जोन की स्थिति तथा चौराहों पर यातायात दबाव की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर के प्रमुख मार्गों पर पूर्व से लागू वन-वे व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू कराया जाए तथा जाम प्रभावित क्षेत्रों में यातायात प्रबंधन के लिए समन्वित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने ई-रिक्शा संचालन को सुव्यवस्थित करने हेतु प्रमुख चौराहों पर स्थान चिन्हित कर वहीं से सवारी बैठाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क किनारे अनियंत्रित ठहराव एवं अव्यवस्थित पार्किंग को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा।

छाया चौराहा एवं वेंडिंग जोन क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जाम प्रभावित क्षेत्रों में सड़क किनारे संचालित प्रतिष्ठानों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर यातायात सुधार के लिए व्यावहारिक एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि शहर को जाममुक्त, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन, व्यापारी एवं आमजन सभी की सहभागिता आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अतिक्रमण नियंत्रण, यातायात संकेतकों, पार्किंग प्रबंधन एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े बिंदुओं पर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सुश्री गुंजिता अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका श्री संजय शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हीटवेव अलर्ट: योगी सरकार ने स्कूलों पर किया फोकस, एमडीएम के साथ बच्चों की सुरक्षा का फुल प्लान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों में विशेष व्यवस्था, बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता
- ❒ मध्याह्न भोजन के माध्यम से पोषण और स्वास्थ्य सुरक्षा पर फोकस
- ❒ दवाओं की आपूर्ति से लेकर डेटा आधारित रणनीति तक, हर स्तर पर तैयारी
- ❒ विद्यालयों में हीटवेव से बचाव के उपाय, समयबद्ध गतिविधियां और स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े दिशा-निर्देश लागू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बढ़ती गर्मी और हीटवेव के खतरे को देखते हुए योगी सरकार ने स्कूलों और बच्चों पर ध्यान केंद्रित कर दिया है। बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रदेश के सभी विद्यालयों में विशेष सुरक्षा इंतजाम लागू कर दिए गये हैं, जबकि मध्याह्न भोजन (एमडीएम) व्यवस्था को बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण सुरक्षा से जोड़ते हुए जमीनी स्तर पर मजबूत किया गया है।

योगी सरकार ने इस भीषण गर्मी के दौरान स्कूलों को पढ़ाई के केंद्र के साथ-साथ बच्चों की सुरक्षा के प्राथमिक केंद्र बना दिये हैं। इसी के अंतर्गत विद्यालयों में हीटवेव से बचाव के उपाय, समयबद्ध गतिविधियां और स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े दिशा-निर्देश लागू किए गये हैं। मध्याह्न भोजन को इस पूरी रणनीति में अहम भूमिका दी गई है। बच्चों को गर्मी के प्रभाव से बचाने के लिए पोषण और स्वास्थ्य को जोड़ते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रहीं हैं। गर्मी के दौरान सरकार का फोकस इसे केवल भोजन योजना तक सीमित न रखकर स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रभावी माध्यम के रूप में उपयोग करने पर है। स्वास्थ्य विभाग को ओआरएस, ग्लूकोज, इलेक्ट्रोलाइट्स, आयरन की गोलियों और प्राथमिक उपचार किट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए आयरन की पिंक गोलियां वितरित करने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए आयरन की नीली गोलियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश हैं। स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों तक इनकी आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है। दवाओं की निर्धारित समयानुसार खुराक सुनिश्चित कराने के लिए शिक्षकों को भी सहयोग करने के निर्देश हैं। इस वर्ष प्रदेश के अधिकांश जनपदों में 44 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंचे तापमान और बढ़ती हीटवेव अवधि को देखते हुए सरकार ने पहले से ही व्यापक तैयारी लागू की है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में शिक्षकों को पिछले कई वर्षों के तापमान के उतार-चढ़ाव की विश्लेषणात्मक सारणी के माध्यम से इसकी गंभीरता से भी अवगत कराया गया है। इसके साथ ही प्रदेश के सभी जनपदों में नियमित समीक्षा और मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और समय पर राहत सुनिश्चित की जा सके।

### हीटवेव से बचाव के उपाय

❒ दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में बाहर निकलने से बचें ❒ पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस या तरल पदार्थ लेते रहें ❒ हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनें❒ सिर को टोपी/गमछे से ढककर रखें ❒ धूप में खेलकूद या ज्यादा शारीरिक गतिविधि से बचें ❒ चक्कर, कमजोरी या उल्टी जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत आराम करें और चिकित्सा लें ❒ स्कूलों में बच्चों को छायादार स्थान और पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## शाकुम्भरी देवी कॉरिडोर में मानक के अनुरुप कार्य न करने पर प्रमुख सचिव ने जतायी नाराजगी

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर स्थित मां शाकुम्भरी देवी सिद्धपीठ मंदिर में निर्माणाधीन पर्यटन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत बाउंड्री वॉल का कार्य मानक के अनुरूप न पाए जाने पर प्रदेश के प्रमुख सचिव ने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को इसे एक माह के भीतर ठीक कराने के निर्देश दिए।

नोडल अधिकारी एवं प्रमुख सचिव, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग उत्तर प्रदेश शासन तथा जनपद के नोडल अधिकारी रविंद्र ने सोमवार को मां शाकुम्भरी देवी सिद्धपीठ मंदिर में निर्माणाधीन पर्यटन विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यटन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सोविनियर शॉप, टॉयलेट ब्लॉक, टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर और मल्टीलेवल पार्किंग की भौतिक प्रगति का जायजा लिया।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने डूब क्षेत्र में किया अतिक्रमण विरोधी अभियान, 25,000 वर्ग मीटर भूमि मुक्त

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बिसरख डूब क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर सोमवार को प्राधिकरण ने इस क्षेत्र में अवैध निर्माणों को ढहाने की प्रक्रिया शुरू की। इस अभियान के तहत लगभग 25,000 वर्ग मीटर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव द्वारा सोमवार को कार्रवाई के संबंध में जानकारी साझा की गई,जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि, कई कालोनाइज़र डूब क्षेत्र में बाउंड्री बनाकर अवैध प्लॉटिंग करने की कोशिश कर रहे थे। प्राधिकरण ने इसपर कड़ी नजर रखते हुए कार्रवाई की और डूब क्षेत्र में किसी भी प्रकार के निर्माण को रोका। बिसरख के खसरा नंबर 333 और 334 की ज़मीन पर अतिक्रमण की कार्रवाई की गई, जहां अवैध रूप से कालोनी काटी जा रही थी। ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण सहन नहीं किया जाएगा।'' उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी ज़मीन को खरीदने से पहले प्राधिकरण से पूरी जानकारी प्राप्त करें, ताकि वे किसी भी अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसा लें। सीईओ एनजी रवि कुमार ने भी स्पष्ट किया कि जो लोग अवैध निर्माण कर रहे हैं, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की टीम ने बिसरख के अलावा तिलपता, रोजा याकूबपुर खेड़ा चौगानपुर, चिपियाना बुजुर्ग जैसे अन्य क्षेत्रों में भी अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया है और यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। प्राधिकरण की टीम ने इन अवैध कॉलोनाइज़र्स को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने फिर से अवैध निर्माण करने की कोशिश की, तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण का उद्देश्य है कि ग्रेटर नोएडा के विकास को व्यवस्थित और योजना के तहत किया जाए, ताकि यहां के नागरिकों को सुरक्षित और सुविधाजनक जीवन मिल सके।

# गंगा एक्सप्रेसवे: मेरठ से प्रयागराज तक हर जिले में बदलेगा विकास का स्वरूप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ हर जिले की स्थानीय विशेषताओं को उद्योग और बाजार से जोड़ने का माध्यम बनेगा गंगा एक्सप्रेसवे
- ❒ 12 आईएमएलसी नोड्स प्रत्येक जिले में अलग-अलग सेक्टर पर हैं केंद्रित
- ❒ क्षेत्रीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने पर योगी सरकार का फोकस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर को आर्थिक विकास से जोड़ने की नीति के तहत गंगा एक्सप्रेसवे अब एक इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर (आईएमएलसी) के रूप में विकसित हो रहा है। इस एक्सप्रेसवे कम इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल तेज आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि हर जिले की स्थानीय विशेषताओं को उद्योग और बाजार से जोड़ने का माध्यम बन रहा है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित किए जा रहे 12 आईएमएलसी नोड्स प्रत्येक जिले में अलग-अलग सेक्टर पर केंद्रित हैं, जिससे क्षेत्रीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सके।

गंगा एक्सप्रेसवे का प्रारंभिक बिंदु मेरठ के बिजौली गांव से है, जो दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से जुड़कर राष्ट्रीय राजधानी से सीमलेस कनेक्टिविटी प्रदान करता है। यह कनेक्टिविटी मेरठ को डेटा सेंटर, वेयरहाउसिंग और स्पोर्ट्स गुड्स इंडस्ट्री के बड़े हब के रूप में विकसित कर रही है। दिल्ली की निकटता के कारण यहां लॉजिस्टिक्स और ई-कॉमर्स सेक्टर तेजी से विस्तार कर रहा है, जिससे रोजगार और निवेश दोनों में वृद्धि हो रही है। हापुड़ में एक्सप्रेसवे गढ़मुक्तेश्वर (ब्रजघाट) को सीधे जोड़ता है, जिससे धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलेगी। यहां विशेष इंटरचेंज विकसित किए गए हैं, ताकि पर्यटकों की आवाजाही आसान हो सके। साथ ही, यह क्षेत्र आलू और अन्य फसलों के लिए प्रसिद्ध है, जिसके चलते कोल्ड स्टोरेज और फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित किए जा रहे हैं। इससे किसानों को बेहतर मूल्य और बाजार उपलब्ध होगा। बुलंदशहर की सबसे बड़ी ताकत इसकी लोकेशन है, जो जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बेहद करीब है। इससे यह जिला एक प्रमुख सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित हो रहा है। यहां बड़े इंडस्ट्रियल क्लस्टर और डेयरी आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। अमरोहा अपने पारंपरिक ढोलक और लकड़ी के हस्तशिल्प के लिए देशभर में पहचान रखता है, लेकिन गंगा एक्सप्रेसवे के जुड़ने के साथ यह पहचान अब वैश्विक बाजारों तक विस्तार लेने जा रही है। बेहतर और तेज कनेक्टिविटी से यहां के उत्पाद सीधे बड़े शहरों और अंतर्राष्ट्रीय निर्यात चैनलों तक पहुंच सकेंगे, जिससे स्थानीय कारीगरों की आय और बाजार दोनों का दायरा बढ़ेगा। इसके साथ ही आम और गन्ना उत्पादन की मजबूत आधारभूमि वाले इस जिले में एग्रो-प्रोसेसिंग यूनिट्स को प्रोत्साहन मिल रहा है, जो अमरोहा को हस्तशिल्प के साथ-साथ फूड प्रोसेसिंग का उभरता हुआ इंडस्ट्रियल हब बना रहा है। संभल, जो अब तक सीमित कनेक्टिविटी के कारण विकास की दौड़ में पीछे था, गंगा एक्सप्रेसवे के साथ तेजी से उभरते आर्थिक नक्शे पर अपनी जगह बना रहा है। यहां के प्रसिद्ध 'हॉर्न और बोन' क्राफ्ट को अब आधुनिक लॉजिस्टिक्स और बेहतर ट्रांसपोर्ट नेटवर्क के जरिए सीधे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से जोड़ा जा रहा है। इससे न सिर्फ उत्पादों की पहुंच बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय कारीगरों को बेहतर दाम, स्थायी रोजगार और वैश्विक पहचान मिलने का रास्ता भी खुलेगा। संभल अब परंपरा से प्रगति की ओर निर्णायक कदम बढ़ा रहा है। बदायूं में गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित हो रही विशाल इंडस्ट्रियल टाउनशिप जिले की तस्वीर बदलने की दिशा में निर्णायक कदम है। बेहतर और तेज कनेक्टिविटी ने यहां उद्योगों के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे सामाजिक क्षेत्रों में भी निजी निवेश को तेजी दी है। नए कॉलेज, अस्पताल और सर्विस सेक्टर के विस्तार के साथ बदायूं अब पारंपरिक पहचान से आगे बढ़कर एक उभरते हुए शहरी और आर्थिक केंद्र के रूप में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करा रहा है।




शाहजहांपुर में 3.5 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी का निर्माण इस जिले को रणनीतिक दृष्टि से नई पहचान दे रहा है, जहां आवश्यकता पड़ने पर फाइटर जेट्स की लैंडिंग संभव होगी। गंगा एक्सप्रेसवे के साथ यह संयोजन न सिर्फ सुरक्षा के लिहाज से अहम है, बल्कि विकास के नए द्वार भी खोल रहा है। साथ ही, यहां स्थापित किए जा रहे कौशल विकास केंद्र स्थानीय युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण देकर उन्हें औद्योगिक अवसरों से जोड़ रहे हैं, जिससे शाहजहांपुर तेजी से आत्मनिर्भर और सशक्त आर्थिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। हरदोई से गुजरता गंगा एक्सप्रेसवे का सबसे लंबा हिस्सा इसे इस मेगा कॉरिडोर का रणनीतिक केंद्र बना देता है। यहां प्रस्तावित नॉलेज पार्क और टेक्सटाइल पार्क जिले को औद्योगिक पहचान देने की दिशा में बड़े कदम हैं, जो निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगे। वहीं बेहतर और तेज कनेक्टिविटी से किसानों के लिए भी बड़ा बदलाव आएगा। अब उनकी उपज दिल्ली और लखनऊ की मंडियों तक रिकॉर्ड समय में पहुंच सकेगी, जिससे लागत घटेगी और मुनाफा बढ़ेगा। उन्नाव अब लखनऊ और कानपुर के साथ मिलकर एक सशक्त ह्लट्राई-सिटी इकोनॉमिक मॉडलङ्क के रूप में उभर रहा है, जो पूरे क्षेत्र को औद्योगिक और व्यावसायिक गति देने जा रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे की बेहतर कनेक्टिविटी से खासतौर पर कानपुर के लेदर उद्योग को बड़ा लाभ मिलेगा। अब तैयार उत्पाद तेजी से राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच सकेंगे, जिससे निर्यात, निवेश और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

रायबरेली में लालगंज रेलवे कोच फैक्ट्री के आसपास एंसिलरी (थद्गद्दद्यद्यथन्भ) इंडस्ट्रीज का तेजी से विस्तार हो रहा है, जिससे एक मजबूत औद्योगिक इकोसिस्टम आकार ले रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे से मिली बेहतर कनेक्टिविटी ने इस विकास को नई गति दी है। अब यह जिला प्रमुख हाईवे और औद्योगिक कॉरिडोर से सीधे जुड़कर निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य बन रहा है। परिणामस्वरूप, यहां नए उद्योग, सप्लाई चेन यूनिट्स और रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं, जो रायबरेली को एक उभरते औद्योगिक हब के रूप में स्थापित कर रहे हैं। प्रतापगढ़ का प्रसिद्ध आंवला अब गंगा एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी के साथ वैश्विक बाजारों तक तेजी से पहुंचने को तैयार है। फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स को मिल रहे प्रोत्साहन से यहां एग्रो-वैल्यू चेन मजबूत हो रही है, जिससे उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग और निर्यात क्षमता में बड़ा इजाफा होगा। इसके साथ ही, एक्सप्रेसवे इंटरचेंज के आसपास रियल एस्टेट और वाणिज्यिक गतिविधियों का तेजी से विस्तार हो रहा है, जो प्रतापगढ़ को एग्रो-बेस्ड इंडस्ट्रियल हब के रूप में नई पहचान दे रहा है। प्रयागराज के जुदापुर डांडू गांव पर गंगा एक्सप्रेसवे का समापन इस शहर को कनेक्टिविटी के नए शिखर पर पहुंचा रहा है। कुंभ और माघ मेले जैसे वैश्विक आयोजनों के दौरान अब श्रद्धालुओं को जाम और लंबी यात्रा से राहत मिलेगी, जबकि हाई कोर्ट और विश्वविद्यालयों से जुड़े लोगों के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश से आवागमन बेहद सहज हो जाएगा। इसके साथ ही यहां प्रस्तावित विशाल कमर्शियल हब प्रयागराज को आस्था के साथ-साथ व्यापार और सेवाक्षेत्र का भी मजबूत केंद्र बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा।





# पंजाब किंग्स का विजय रथ रोकने के लिए कुछ खास करना होगा राजस्थान रॉयल्स को

एजेंसी

मुल्लांपुर। पिछले कुछ मैचों में अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं कर पाने वाले राजस्थान रॉयल्स को मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अगर पंजाब किंग्स का अजेय रथ रोकना है तो रन बनाने के लिए जूझ रहे कप्तान रियान पराग को आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा।




रिकी पोंटिंग का मुख्य कोच का पद संभालने और श्रेयस अय्यर के कप्तान बनने के बाद पंजाब किंग्स में आमूलचूल बदलाव देखने को मिले हैं और उसने तब से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले साल उसकी टीम उप विजेता रही थी और इस साल उसने शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया है। विराट कोहली ने वर्षों तक अपनी शानदार निरंतरता के दम पर 'लक्ष्य का पीछा करने में माहिर यानी चेज़-मास्टर' का तमगा अपने नाम किया था और अब अय्यर भी उसी राह पर हैं। कप्तान और बल्लेबाज के रूप में उन्होंने बेहद दबाव वाली परिस्थितियों में सराहनीय धैर्य का प्रदर्शन करते हुए पंजाब किंग्स के टूर्नामेंट में अब तक अजेय रहने में अहम भूमिका निभाई है। अय्यर ने शानदार कप्तानी की है, लेकिन उनकी पूरी टीम ने एकजुट होकर अपना योगदान दिया है। पंजाब किंग्स ने पिछले सत्र में आईपीएल के इतिहास के सबसे कम स्कोर का बचाव किया था और अब उसने नयी दिल्ली में शनिवार को भीषण गर्मी के बावजूद रिकॉर्ड 265 रन के लक्ष्य को बेहद आसानी से हासिल कर लिया था। पंजाब किंग्स की सात मैचों में छह जीत (एक मैच बारिश के कारण रद्द) प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की विस्फोटक सलामी जोड़ी की बदौलत संभव हो पाई हैं। इन दोनों ने दिल्ली के खिलाफ पावरप्ले में 116 रन बनाकर अपनी टीम को कोटला में रिकार्ड लक्ष्य हासिल करने में मदद की। उस मैच में पंजाब किंग्स के गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई थी, लेकिन बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों और सीमा रेखा छोटी होने के कारण उन्हें ज्यादा दोषी नहीं ठहराया जा सकता। पंजाब किंग्स अपने इस घरेलू मैदान पर इस सत्र का अपना आखिरी मैच खेलेगा। उसकी टीम अपने आखिरी तीन घरेलू मैच धर्मशाला में खेलेगी, इसलिए उम्मीद की जा रही है कि परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ होने के कारण वह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी अपना विजय अभियान जारी रखने में सफल रहेगी। राजस्थान रॉयल्स ने टूर्नामेंट की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन पहले चार मैच जीतने के बाद उसने अपनी लय खो दी है। युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन टीम निरंतरता बनाए रखने में सफल नहीं रही है। उसने अब तक जो आठ मैच खेलें हैं उनमें कप्तान पराग का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है जिससे उसके मध्य क्रम पर दबाव बन रहा है। पराग ने अभी तक आठ पारियों में केवल 88 रन बनाए हैं।

# लैंगर ने सुपर ओवर में पूरन को भेजने के फैसले का बचाव किया

एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने आईपीएल मैच के सुपर ओवर में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्टार स्पिनर सुनील नारायण का सामना करने के लिए निकोलस पूरन को भेजने के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि टीम प्रबंधन ने खराब फॉर्म में होने के बावजूद वेस्टइंडीज के इस विस्फोटक बल्लेबाज को सबसे अच्छा विकल्प माना। पूरन इस सत्र में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं और उनका उच्चतम स्कोर 22 रन रहा है। वह सुपर ओवर में नारायण की पहली गेंद पर आउट हो गए। एलएसजी ने सुपर ओवर में केवल एक रन बनाया। केकेआर ने केवल एक गेंद पर जीत हासिल कर ली। लैंगर से जब मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस संबंध में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''अच्छा सवाल है। हमें पता था कि सुनील नारायण गेंदबाजी करेंगे और अगर आप निकी (निकोलस पूरन) का रिकॉर्ड देखें, तो वह सुनील नारायण को क्रिकेट जगत में किसी भी अन्य बल्लेबाज की तुलना में अधिक बेहतर समझते हैं। इसलिए हमें लगा कि वही सबसे अच्छा विकल्प हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे पता है कि उन्होंने अभी तक अपनी फॉर्म हासिल नहीं की है और निकी खुद भी यह बात मानेंगे, लेकिन हमने सोचा था कि अगर कोई सुपर ओवर में अच्छा प्रदर्शन कर सकता है, तो वह निकी पूरन ही हैं। आप अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों पर ही भरोसा करते हैं। अगर आप सभी आंकड़ों को देखें तो नारायण को निकी से बेहतर कोई नहीं खेलता। दुर्भाग्य से इस बार ऐसा नहीं हो पाया। नारायण ने इससे पहले टी20 क्रिकेट में जो पहला सुपर ओवर (2014 में कैरेबियाई प्रीमियर लीग में) किया था, उस समय भी पूरन बिना रन बनाए आउट हो गए थे। लैंगर ने कहा, ''पिछले कुछ वर्षों में शायद ही कोई पूरन से बेहतर टी20 खिलाड़ी विश्व में हो। इससे पता चलता है कि वह भी इंसान हैं। आत्मविश्वास का दिखावा नहीं किया जा सकता। हम सभी कोशिश करते हैं। आप आत्मविश्वास से भरे दिख सकते हैं, लेकिन आत्मविश्वास सही प्रक्रियाओं को अपनाने से आता है। एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत ने भी सुपर ओवर में पूरन को बल्लेबाजी के लिए चुनने के फैसले का बचाव किया था। पंत ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा था, ''हमने सुपर ओवर के बल्लेबाजों को लेकर चर्चा की और तब निकोलस पूरन का नाम सामने आया। हो सकता है कि वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में न हों, लेकिन ऐसी मुश्किल परिस्थिति में आप अपने मंझे हुए खिलाड़ी पर भरोसा करेंगे। लैंगर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम काली मिट्टी की पिच के अनुरूप खुद को ढाल नहीं पाई। उन्होंने कहा, ''यह निराशाजनक है। पिछले मैच के बाद मैंने कहा था कि मुझे लाल मिट्टी वाला विकेट बहुत अच्छा लगा था। उसमें तेजी और उछाल थी। क्रिकेट के लिए यह वाकई रोमांचक होता है। आज हम काली मिट्टी की पिच के अनुकूल नहीं ढल पाए। यह पिच धीमी थी और उस पर गेंद नीची रह रही थी।

# सिंधू ने बीडब्ल्यूएफ परिषद के सदस्य के रूप में काम शुरू किया

एजेंसी

होर्सेंस (डेनमार्क)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की परिषद के सदस्य के रूप में अपना कार्यकाल शुरू कर दिया है और उन्होंने दुनिया भर के खिलाड़ियों के मसलों को उठाने का वादा किया। बैडमिंटन की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक सिंधू ने दिसंबर में बीडब्ल्यूएफ खिलाड़ी आयोग की अध्यक्ष के रूप में चुने जाने के बाद बीडब्ल्यूएफ परिषद में पूर्ण मतदान का अधिकार हासिल कर लिया है। सिंधू आधिकारिक तौर पर 2025 के आखिर में परिषद में शामिल हुई थी। उन्होंने 25 अप्रैल को यहां वार्षिक आम बैठक में पहली बार हिस्सा लिया और इस तरह से उनके कार्यकाल की शुरुआत हुई। सिंधू ने इस अवसर पर कहा, ''विश्व बैडमिंटन महासंघ के यह जिम्मेदारी निभाना और दुनिया भर के खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए वास्तव में सम्मान और सौभाग्य की बात है। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा, 'बैडमिंटन ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मुझे खुशी है कि मुझे इस क्षमता से भी खेल की सेवा करने का मौका मिल रहा है। विश्व बैडमिंटन महासंघ की परिषद विश्व स्तर पर बैडमिंटन को रणनीतिक दिशा प्रदान करने और उसके संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बीडब्ल्यूएफ के अध्यक्ष खुनयिंग पटामा लीस्वदत्रकुल ने सिंधू का परिषद में स्वागत करते हुए कहा, ''पीवी सिंधू ने पिछले कई वर्षों से कोर्ट पर असाधारण कौशल, शालीनता और अपने जज्बे का शानदार प्रदर्शन किया है। अब वह हमारे खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व रहेगी। इस तरह की आदर्श खिलाड़ी का परिषद में होना बहुत अच्छा है।

# लंबे समय तक बने रहने वाले रिकॉर्ड की सूची

एजेंसी

नयी दिल्ली। कीनिया के सबास्टियन सावे रविवार को लंदन में दो घंटे से कम समय में मैराथन दौड़ पूरी करने वाले इतिहास के पहले खिलाड़ी बन गए। 'भाषा' यहां पर ऐसे ही कुछ रिकॉर्ड की सूची दे रहा है जो लंबे समय तक बने रहे।

एथलेटिक्सः पुरुष मैराथन (42.195 किमी): कीनिया के सबास्टियन सावे ने 26 अप्रैल, 2026 को लंदन मैराथन में 1:59:30 (एक घंटा, 59 मिनट, 30 सेकंड) के समय के साथ आधिकारिक तौर पर दो घंटे की बाधा पार कर दी। उन्होंने 2023 में कीनिया के केल्विन किप्टम द्वारा बनाए गए 2:00:35 के तीन साल पुराने विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा। छह मई, 1954 को, ब्रिटिश धावक रोजर बैनिस्टर ने ऑक्सफोर्ड में तीन मिनट 59.40 सेकंड के तत्कालीन विश्व रिकॉर्ड समय के साथ चार मिनट से कम समय में एक मील दौड़ने वाले पहले खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने एक ऐसे मनोवैज्ञानिक अवरोध को खत्म कर दिया था जिसे पहले असंभव माना जाता था। हालांकि उनका विश्व रिकॉर्ड केवल 46 दिनों तक ही कायम रहा, क्योंकि 21 जून 1954 को ऑस्ट्रेलिया के जॉन लैंडी ने 3:58:00 के समय के साथ इसे अपने नाम कर दिया था। भारत के सावन बरवाल ने अप्रैल 2026 में रॉटरडैम में पुरुषों की मैराथन का 48 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने दो घंटे, 11 मिनट और 58 सेकंड का समय लिया और शिवनाथ सिंह के 1978 में बनाए गए 2:12:00 के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा।

पुरुषों की लंबी कूदः अमेरिकी खिलाड़ी माइक पॉवेल ने 1991 में 8.95 मीटर की छलांग लगाकर 23 साल पुराना विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था, जो उनके हमवतन बॉब बीमन के 1968 में बनाए गए 8.90 मीटर के रिकॉर्ड से बेहतर था।

पुरुषों की पोल वॉल्टः यूक्रेन के सर्गेई बुबका का 1993 में बनाया गया 6.15 मीटर का आखिरी विश्व रिकॉर्ड 21 साल तक कायम रहा, जिसे फ्रांस के रेनॉड लाविलनी ने 2014 में 6.16 मीटर के साथ तोड़ा। स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस (6.31 मीटर) 2020 से वर्तमान विश्व रिकॉर्ड धारक हैं।

महिलाओं की 400 मीटर (इनडोर दौड़): नीदरलैंड की फ़ेमके बोल ने 19 फरवरी, 2023 को 49.26 सेकंड का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने तब 49.59 सेकंड के 41 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा था, जिसे 1982 में तत्कालीन चेकोस्लोवाकिया की जारमिला क्राटोचविलोवा ने बनाया था।

महिला मैराथनः ब्रिटिश धाविका पाउला रेडक्लिफ का 2:15:25 का विश्व रिकॉर्ड 16 साल तक कायम रहा, जिसे 2019 में कीनिया की ब्रिगिड कोसगेई (2:14:04) ने तोड़ा। वर्तमान विश्व रिकॉर्ड 2:09:56 है, जिसे कीनिया की रूथ चेपनगेटिच ने 2024 में बनाया था।

क्रिकेटः वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी गैरी सोबर्स की 1958 में पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई नाबाद 365 रन की टेस्ट पारी का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड 36 वर्षों तक कायम रहा, जिसे 1994 में उनके हमवतन ब्रायन लारा ने इंग्लैंड के खिलाफ 375 रन बनाकर तोड़ दिया था।

ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन ने 2003 में 380 रन बनाकर लारा के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया था, लेकिन वेस्टइंडीज के दिग्गज खिलाड़ी ने एक साल बाद 400 रन बनाकर इस उपलब्धि को फिर से हासिल कर लिया था।

बैडमिंटनः पुलेला गोपीचंद ने 2001 में ऑल इंग्लैंड ओपन का खिताब जीतकर 21 साल के अंतराल के बाद प्रकाश पादुकोण की 1980 की उपलब्धि को दोहराया। भारतीय पुरुष टीम ने 2022 में टूर्नामेंट के 73 साल के इतिहास में पहली बार थॉमस कप जीता।

अप्रैल 2026 में आयुष शेट्टी बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने। उनसे पहले 1965 में दिनेश खन्ना ने यह उपलब्धि हासिल की थी। इस तरह से किसी भारतीय खिलाड़ी ने 61 साल बाद यह मुकाम हासिल किया।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने 2023 में पुरुष युगल में भारत का पहला एशियाई चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक जीता। ऐसा 1965 में दिनेश खन्ना के एकल स्वर्ण पदक जीतने के 58 साल बाद हुआ।

अप्रैल 2018 में किदाम्बी श्रीकांत पुरुष एकल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने। वह 1980 में प्रकाश पादुकोण के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी थे। इस तरह से उन्होंने 38 साल का इंतजार खत्म किया था।

# पारी को खत्म करना एक समस्या रही है : गिल

एजेंसी



चेन्नई। गुजरात टाइटन्स ने रविवार को यहां आईपीएल मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर एक बड़ी जीत दर्ज की, लेकिन कप्तान शुभमन गिल ने स्वीकार किया कि पारी को खत्म करना एक समस्या रही है और उनकी टीम को आगे चलकर खेल के इस पहलू में सुधार करने की जरूरत होगी। गुजरात टाइटन्स ने सीएसके को आठ विकेट से हराय। मैच के बाद गिल ने कहा, ''भारत के इस हिस्से में इस तरह की जीत हासिल करके बहुत खुशी हुई। आखिरी चार या पांच ओवरों को छोड़कर, यह एक पूर्ण प्रदर्शन था। उन्होंने कहा, ''अगर मुझे आलोचना करनी हो तो पारी को खत्म करना एक समस्या रही है। हमें इस मामले में बेहतर करने की जरूरत है। गिल ने कहा कि जब उन्होंने टॉस जीता तो वह थोड़े असमंजस में थे कि गेंदबाज़ी करें या बल्लेबाजी। लेकिन गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया जिसमें कगिसो रबाडा ने 25 रन देकर तीन विकेट लिए। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। गिल ने कहा, ''हमने पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी की। गिल ने सुदर्शन की शानदार बल्लेबाजी की भी तारीफ़ की।, ''वह हमेशा फॉर्म में थे। बात बस क्रीज पर समय बिताने की थी। चेन्नई के सुदर्शन ने कहा कि उन्हें अपनी पिछली पारी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ़ 100 रन) से काफी आत्मविश्वास मिला। उन्होंने कहा, ''मैं बस पिछली पारी के आत्मविश्वास को इस पारी में लाना चाहता था। मुझे लगा कि पिच थोड़ी बेहतर हो गई है, लेकिन पहले छह ओवर मुश्किल थे। शुबी (शुभमन गिल) ने एक जबरदस्त छोटी पारी खेली। सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने कहा कि उनकी टीम ने बहुत ज्यादा विकेट गंवा दिए और चेपॉक की पिच पर कुछ शॉट खेलना मुश्किल था। उन्होंने कहा, ''कभी-कभी मुझे इस तरह से आकलन करना पसंद नहीं आता, लेकिन पहली पारी में यह चुनौतीपूर्ण था। गेंद रुककर आ रही थी और उछाल भी ऊपर-नीचे हो रहा था। हमने बहुत ज्यादा विकेट गंवा दिए, लेकिन कुछ शॉट खेलना मुश्किल था।

# बल्ले और गेंद के बीच बराबरी का मुकाबला होना चाहिए: होल्डर

एजेंसी

चेन्नई। रनों की बरसात वाले इस सत्र में बल्ले और गेंद के बीच सही संतुलन की वकालत करते हुए गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर उनकी जैसी शानदार जीत वाले मुकाबले ज्यादा संतोषजनक होते हैं क्योंकि ये गेंदबाजों को भी खेल में वापस लाते हैं। इस सत्र में जहां 200 से ज्यादा का स्कोर बनाना आम बात हो गई है, वहीं रविवार दोपहर यहां हुए मैच में टाइटन्स का सीएसके को सात विकेट पर 158 रन पर रोकने का शानदार प्रयास था। होल्डर ने अपनी टीम की आठ विकेट की जीत के बाद कहा, ''यह थोड़ा अजीब है। कल आपने देखा कि 264 और 228 रन का पीछा किया गया। और फिर आज हमने उन्हें 158 रन पर रोक दिया। एक क्रिकेट प्रेमी के तौर पर, आप बस बल्ले और गेंद के बीच बराबरी का मुकाबला देखना चाहते हैं। कागिसो रबाडा ने 25 रन देकर तीन विकेट झटककर शानदार गेंदबाजी की जिससे गुजरात टाइटन्स ने छोटे से लक्ष्य का पीछा 16.4 ओवर में ही कर लिया। होल्डर ने चार ओवर में सिर्फ 22 रन दिए लेकिन कोई विकेट नहीं लिया। उन्होंने कहा कि रबाडा और बाकी गेंदबाजों के लिए योजना बहुत सीधी थी। उन्होंने कहा, '' रबाडा के लिए मेरा संदेश सीधा था, बस अच्छी लेंथ पर गेंद डालते रहो और बहुत छोटी गेंद फेंकने से बचो। कागिसो एक विश्व-स्तरीय गेंदबाज हैं और आज उन्होंने यह साबित भी कर दिया। उन्होंने मैच की शुरुआत में ही माहौल बनाने का श्रेय रबाडा और मोहम्मद सिराज को दिया। होल्डर ने कहा, ''रबाडा और सिराज ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और शुरुआत में ही विरोधी टीम के लिए काफी मुश्किलें खड़ी कर दीं। जब आप बेहतरीन गेंदबाजी के सामने एक बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश कर रहे होते हैं तो यह हमेशा ही एक मुश्किल काम होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### केकेआर के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना

**लखनऊ।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के विकेटकीपर बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी पर 'ऑब्स्ट्रक्शन ऑफ द फील्ड' (क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाना) दिए जाने के बाद गुस्सा दिखाने के कारण उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमैरिट अंक भी जोड़ा गया है। रघुवंशी को रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ खेले गए आईपीएल मैच के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने दोषी पाया गया। उन्होंने केकेआर की पारी के पांचवें ओवर में घटी घटना के बाद पवेलियन लौटते समय गुस्से में सीमा रेखा पर अपने बल्ला मारा था और डग आउट में अपना हेलमेट फेंका था। केकेआर ने सुपर ओवर में यह मैच जीता था। आईपीएल में बयान में कहा, ''केकेआर के विकेटकीपर बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी पर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेले गए आईपीएल मैच के दौरान खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन का दोषी पाया गया है और उन पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। बयान के अनुसार, ''इसके अलावा उनके खाते में एक डिमैरिट अंक भी जोड़ा गया है। इसमें कहा गया है, ''रघुवंशी को आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरणों या पोशाक, मैदानी उपकरणों आदि को नुकसान पहुंचाने से जुड़ा है। रघुवंशी ने मैच रेफरी द्वारा लगाए गए जुर्माने को स्वीकार कर लिया है।

### शेवरोन चैंपियनशिप जीतकर दुनिया की नंबर एक महिला गोल्फर बनी नेली कोर्डा

**ह्यूस्टन।** अमेरिका की नेली कोर्डा शेवरोन चैंपियनशिप जीतकर फिर से दुनिया की नंबर एक महिला गोल्फर बन गई हैं। कोर्डा ने चौथे और आखिरी दौर में दो अंडर 70 के स्कोर के साथ पांच शॉट की जीत हासिल की और अपने करियर का तीसरा मेजर खिताब जीता। उन्होंने कुल 18 अंडर 270 का स्कोर बनाया। यह उनकी एलपीजीए में 17वीं और विश्व स्तर पर 21वीं जीत थी। इससे यह 27 वर्षीय अमेरिकी स्टार अगस्त के बाद पहली बार महिला विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर वापसी करने में सफल रही। कोर्डा ने न केवल शुरू से अंत तक बढ़त बनाए रखी, बल्कि किसी अन्य खिलाड़ी ने उनके सामने चुनौती पेश ही नहीं की।

### एआई भारतीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र को गति देगा यह कोई खतरा नहीं है: नैसकॉम चेयरमैन

**नयी दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के शीर्ष संगठन नैसकॉम के चेयरमैन श्रीकांत वेलामकन्नी ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) भारतीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए खतरा नहीं है, बल्कि यह इसके विकास को गति देगा और रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। नैसकॉम (नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज) के शीर्ष नेतृत्व की जिम्मेदारी ऐसे समय में श्रीकांत वेलामकन्नी ने संभाली है, जब भारतीय आईटी उद्योग भू-राजनीतिक अस्थिरता और कृत्रिम मेधा (एआई) से उत्पन्न बदलाव जैसी दोहरी चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा, एआई भारत के प्रौद्योगिकी उद्योग को गति देगा। यह हमारे प्रौद्योगिकी उद्योग के लिए कोई खतरा नहीं है। यह सबसे महत्वपूर्ण बात है। अगर इसे सही तरीके से समझा जाए, तो हम बहुत अच्छी स्थिति में हैं क्योंकि पहला, इससे प्रदर्शन में काफी सुधार होगा। दूसरा, इस उद्योग के भविष्य को लेकर भरोसा और मजबूत होगा। प्रौद्योगिकी उद्योग का भविष्य बहुत उज्ज्वल है और मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि नैसकॉम में मेरे कार्यकाल के दौरान दुनिया इसे पहचाने। हाल ही में टीसीएस ने घोषणा की कि वित्त वर्ष 2025-27 में कंपनी लगभग 25,000 'फ्रेशर्स' की भर्ती करने की योजना बना रही है, जबकि अन्य आईटी कंपनियों में या तो कर्मचारियों की संख्या में कमी देखी गई है या वे सीमित भर्ती की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। टीसीएस ने यह भी बताया कि उसका यह भर्ती लक्ष्य वित्त वर्ष 2025-26 में किए गए लगभग 44,000 'फ्रेशर्स' की भर्ती की तुलना में कम है। वेलामकन्नी ने भर्ती में आई कमी को स्वीकार किया, लेकिन एआई से प्रेरित प्रौद्योगिकी उद्योग की वृद्धि को लेकर आशावाद भी जताया। उन्होंने कहा कि इससे आगे चलकर प्रतिभा की मांग में वृद्धि होगी। वेलामकन्नी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में टीसीएस के कर्मचारियों की संख्या में शुद्ध वृद्धि दर्ज की गई है और जैसे ही उद्योग में संरचनात्मक बदलाव पूरे हो जाएंगे, भर्ती के तरीके में भी बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, हमें पता है कि भर्ती की गति कम हुई है। इसमें कोई शक नहीं है। यह एक बड़ी और स्पष्ट समस्या है।

# भारत में गेहूं की पैदावार चुनौतियों के बावजूद मजबूत: कृषि मंत्रालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। फसल वर्ष 2025-26 में देश का गेहूं उत्पादन स्थानीय स्तर पर बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान के बावजूद स्थिर और मजबूत बना हुआ है। कृषि मंत्रालय ने रविवार को यह बात कही। हालांकि एक उद्योग संगठन ने सरकार के पहले के अनुमान से कम उत्पादन का आकलन किया था। रोलर फ्लोर मिलर्स फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफएफआई) ने 24 अप्रैल को अनुमान लगाया था कि 2025-26 (जुलाई-जून) फसल वर्ष में गेहूं उत्पादन 11.06 करोड़ टन रहेगा। यह 2024-25 के 10.96 करोड़ टन से थोड़ा अधिक है। इस अनुमान में हालिया मौसमी नुकसान को भी शामिल किया गया है। यह अनुमान सरकार के पहले के 12.02 करोड़ टन के अनुमान से काफी कम है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने दोनों अनुमानों के बीच संतुलन की बात कही। उन्होंने कहा, ल्लजहां संगठन ने 11 करोड़ टन गेहूं उत्पादन का अनुमान लगाया है, वहीं कृषि मंत्रालय का पूर्व अनुमान 12 करोड़ टन था। वास्तविक उत्पादन इन दोनों के बीच कहीं होगा। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि वर्तमान गेहूं मौसम मिश्रित लेकिन मजबूत रहा है, जो जलवायु चुनौतियों और किसानों द्वारा अपनाए गए बेहतर उपायों का परिणाम है। इस मौसम में गेहूं की बुवाई लगभग 3.34 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में हुई है और कीट या रोग का कोई बड़ा प्रकोप नहीं देखा गया है। समय पर बुवाई होने से क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है। हालांकि फरवरी में असामान्य रूप से अधिक तापमान के कारण फसल पर गर्मी का दबाव पड़ा, जिससे दाने बनने की अवधि कम हुई और पैदावार पर असर पड़ा। कटाई के समय हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने भी कुछ क्षेत्रों में गुणवत्ता और उत्पादन को नुकसान पहुंचाया।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सांकेतिक कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,54,030 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,54,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,41,190 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,41,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में भी आई मामूली कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,59,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,54,180 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत




1,41,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,54,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,54,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,54,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,41,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,54,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,54,080 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,41,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,54,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,41,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,54,080 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,41,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,54,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# भाजपा सरकारें अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धः नवीन

एजेंसी

टोंक। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भाजपा कार्यकर्ताओं का 2047 के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में मिलकर कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा है कि आज केंद्र और राज्य सरकारें अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध और यही भाजपा की पहचान हैं।

श्री नवीन सोमवार को यहां वर्चुअल माध्यम से राजस्थान के जिलों में नवनिर्मित भाजपा जिला कार्यालय भवनों का लोकार्पण एवं जालोर जिला कार्यालय का शिलान्यास करने के बाद आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है, जो बिना किसी स्वार्थ के राष्ट्र सेवा के भाव से कार्य करता है। भाजपा आज जिस ऊंचाई पर पहुंची है, वह लाखों कार्यकर्ताओं के परिश्रम, त्याग और समर्पण का परिणाम है।



उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों ने भाजपा को एक विशाल वटवृक्ष के रूप में विकसित किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी अंत्योदय, राष्ट्रवाद और सुशासन के सिद्धांतों पर कार्य कर रही है। आज केंद्र और राज्य सरकारें अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और यही भाजपा की पहचान है।

श्री नवीन ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे 2047 तक विकसित भारत और विकसित राजस्थान के लक्ष्य को लेकर कार्य करें। यह केवल सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक कार्यकर्ता और नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल देश के स्तर पर बल्कि वैश्विक मंच पर भी दिशा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि दो सांसदों वाली भाजपा पार्टी आज देश के 21 राज्यों में फैल चुकी और विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गयी हैं। देशभर में 600 से अधिक भाजपा कार्यालय स्थापित हो चुके हैं, जो संगठनात्मक गतिविधियों, प्रशिक्षण, विचार-विमर्श और कार्यकर्ता निर्माण के केंद्र बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि कार्यालय केवल भवन नहीं होते, बल्कि यह कार्यकर्ताओं की ऊर्जा, विचार और संगठन की शक्ति के केंद्र होते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान की धरती पर आना सदैव गौरव और प्रेरणा का विषय रहा है। यह भूमि शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की परंपराओं से ओतप्रोत रही है। उन्होंने अपने पुराने राजनीतिक अनुभव साझा करते हुए कहा कि सबसे कम उम्र का विधायक बनने के बाद उन्हें पहली बार सम्मान इसी प्रदेश में मिला था, जिससे यहां उनका विशेष भावनात्मक जुड़ाव भी है।

# पाकिस्तान यात्रा के दौरान अमेरिका के साथ बातचीत की शर्तों पर चर्चा कीः अराघची

एजेंसी

मॉस्को। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोमवार को कहा कि उनकी पाकिस्तान यात्रा के दौरान कई मध्यस्थों की भागीदारी वाले क्षेत्रीय राजनयिक प्रयासों के बीच अमेरिका के साथ बातचीत को निरंतर जारी रखे जाने को लेकर पाकिस्तान के साथ चर्चा की गयी है।

श्री अराघची ने टेलीग्राम पर लिखा, ''पाकिस्तान में मेरे दोस्तों के साथ मेरी अच्छी बातचीत हुई और यह दौरा सफल रहा। हमने इस बात पर चर्चा की कि किन परिस्थितियों में और किस तरह से बातचीत जारी रखी जा सकती है। क्षेत्रीय स्तर पर समानांतर परामर्श के दौरान, श्री अराघची ने ओमान में हुई चर्चाओं का भी उल्लेख किया जहां ईरानी और ओमानी अधिकारियों ने होर्मुज जलडमरूमध्य में हो रहे घटनाक्रमों पर बात की। उनका कहना है कि दोनों पक्षों ने समुद्री सुरक्षा पर समान रुख अपनाया और इस मुद्दे पर विशेषज्ञ स्तर का संवाद जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। ईरानी विदेश मंत्री आगे की बातचीत के लिए मास्को रवाना हुए हैं। ईरानी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि वह सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे और वार्ता की वर्तमान स्थिति, युद्धविराम से संबंधित घटनाक्रम और व्यापक क्षेत्रीय स्थितियों पर चर्चा करेंगे। हाल के वर्षों में रूस और ईरान के राजनीतिक और रणनीतिक संबंध मजबूत हुए हैं खासकर तब जब दोनों देश व्यापक पश्चिम देशों के प्रतिबंधों के साए में हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि चर्चा में मध्यस्थता प्रयासों और चल रहे क्षेत्रीय संघर्षों पर अद्यतन जानकारी शामिल होगी। इसके अलावा, ओमान के अधिकारियों ने यह भी कहा कि श्री अराघची के साथ हुई चर्चा में क्षेत्रीय स्थिरता, होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री सुरक्षा और तनाव कम करने के उद्देश्य से चल रहे मध्यस्थता प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया गया। ओमान के प्रतिनिधियों ने क्षेत्र में चल रहे संकटों के लिए संवाद और राजनयिक समाधानों के महत्व पर बल दिया। ये राजनयिक प्रयास ऐसे समय में किए जा रहे हैं जब अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थ क्षेत्र में पहले के संघर्ष संबंधी तनावों और प्रत्यक्ष वार्ता में लंबे समय तक विराम के बाद ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष संपर्क बनाए रखने के प्रयास जारी रखे हुए हैं।

### ईरान संघर्ष पर पुतिन और लावरोव के साथ बातचीत करेंगे अराघची

मॉस्को। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोमवार को कहा कि वह रूस में उच्च स्तरीय बैठकों के दौरान ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच विकसित हो रहे संघर्ष पर चर्चा करेंगे, क्योंकि शांति वार्ता में प्रमुख पेचीदा मुद्दे ही सबसे बड़ी बाधा बने हुए हैं। सेंट पीटर्सबर्ग पहुंचे श्री अराघची का रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और विदेश मंत्री सर्जेई लावरोव से मिलने का कार्यक्रम है। यह दौरा पाकिस्तान तथा ओमान में हालिया राजनयिक व्यस्तताओं के बाद हो रहा है। इस संघर्ष को ईरान खुद पर 'थोपा गया युद्ध' बताता रहा है। श्री अराघची ने टेलीग्राम पर साझा की गयी टिप्पणियों में कहा कि ईरान–रूस क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर करीबी तालमेल बनाये रखते हैं, लेकिन संघर्ष के कारण बातचीत की गति धीमी हो गयी थी। उन्होंने कहा, ''हम इस अवसर का उपयोग युद्ध से संबंधित घटनाक्रमों पर चर्चा करने और आवश्यक समन्वय करने के लिए कर रहे हैं।'' रूसी राष्ट्रपति कार्यालय ने इन वार्ताओं के महत्व पर जोर दिया है। प्रवक्ता दमित्री पेसकोव ने कहा कि ईरान और व्यापक पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति को देखते हुए इस बैठक के महत्व को 'कम कर नहीं आंका जा सकता'। श्री अराघची ने पाकिस्तान में हुई हालिया ईरान–अमेरिका वार्ता के विफल होने के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने अमेरिका पर 'अत्यधिक मांगें' करने और 'गलत दृष्टिकोण' अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बातचीत के पिछले दौर में कुछ प्रगति दिखी थी, लेकिन अंततः कोई परिणाम नहीं निकल सका। उन्होंने कहा, ''अमेरिकी दृष्टिकोण और गलत नीतियों के कारण वार्ता अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकी।'' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हफ्तों के प्रतिरोध के बाद ईरान को अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करनी चाहिए। पाकिस्तान ने इन वार्ताओं में मध्यस्थ के रूप में भूमिका निभायी थी।

# मोदी ने बैरकपुर रैली में बंगाल के युवाओं के लिए रोजगार प्रोत्साहन, 'पांच गारंटियों' की बात की

एजेंसी

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के बाद महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं और राज्य के महत्वाकांक्षी युवाओं के लिए रोजगार प्रोत्साहन कार्यक्रम शुरू किए जायेंगे।

श्री मोदी ने सोमवार को बैरकपुर में एक रैली में कहा कि भाजपा विश्वास पर आधारित जनता की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि हम जनता की सरकार लाएंगे जो विश्वास की सरकार होगी। उन्होंने कहा, 'मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि बैरकपुर और बंगाल 'मेक इन इंडिया' का केंद्र बनेंगे।' उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बंद और बीमार कारखानों को प्रभावित करने वाले मुद्दों का समाधान किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने युवाओं के लिए ''पांच आश्वासन'' देते हुए कहा, ''सरकारी भर्ती विज्ञापन नियमित रूप से जारी किए जाएंगे। सभी रिक्त पद भरे जाएंगे और सरकारी कर्मचारी तृणमूल कांग्रेस के भय से मुक्त होंगे।''



उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार के अंतर्गत राज्य कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के लाभ प्राप्त होंगे। श्री मोदी ने रोजगार के अवसरों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि कंटेंट निर्माण, गेमिंग और अन्य रचनात्मक उद्योगों के लिए नए प्लेटफॉर्म बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा बंगाल के रचनात्मक युवाओं के लिए नए रास्ते खोलेगी। उन्होंने ग्रामीण रोजगार बढ़ाने का वादा करते हुए कहा कि गांवों में वी-जी रामजी योजना के तहत 125 दिन की रोजगार गारंटी योजना लागू कीजाएगी। कारीगरों एवं मत्स्य पालन क्षेत्र से जुड़े लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा। छोटे व्यापारियों के लिए श्री मोदी ने कहा, ''स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि योजना से जोड़ा जाएगा और उनकी आजीविका को मजबूत करने के लिए उन्हें स्वनिधि कार्ड दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने व्यापक कल्याणकारी उपायों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए दोहराया कि भाजपा सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन और पक्के मकानों के लिए 1.5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। उन्होंने ''मातृ शक्ति भरोसा कार्ड'' की भी घोषणा की, जिसके अंतर्गत महिलाओं को प्रतिवर्ष 36,000 रुपये मिलेंगे। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपये, प्रसव के बाद 5,000 रुपये और शिक्षा के लिए 50,000 रुपये की सहायता मिलेगी।

श्री मोदी ने सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाते हुए आरोप लगाया कि एक ''संगठन राज'' विकास में बाधा डाल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी दो इंजन वाली सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर घर में नल जल पहुंचे। राष्ट्रवादी भावना को जगाते हुए श्री मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस का उल्लेख करते हुए कहा, ''नेताजी ने कहा था, 'मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा।' यह एक नई क्रांति है, और यह आपके वोट के जरिए आएगी। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा को समर्थन देने का आह्वान करते हुए कहा, ''हमें अपना वोट देकर आशीर्वाद दें और हम बंगाल को तृणमूल के डर से, भ्रष्टाचार के डर से, सिंडिकेट राज से, महिलाओं पर अत्याचार से, बेरोजगारी से और घुसपैठ से मुक्त करेंगे।

# हिन्द प्रशांत में शांति, सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ावा देने में भारत महत्वपूर्ण भागीदार : अमेरिका

एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिका ने कहा है कि वह हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ावा देने में भारत को महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में महत्व देता है।

अमेरिका की पैसिफिक वायु सेना के कमांडर जनरल केविन श्नाइडर ने करीब एक सप्ताह तक यहां वरिष्ठ रक्षा और सैन्य नेतृत्व के साथ चर्चा की। इस दौरान सामरिक रक्षा साझेदारी को मजबूत करने और सुरक्षित एवं स्थिर हिन्द प्रशांत क्षेत्र के लिए साझा दृष्टि को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। यहां अमेरिकी दूतावास ने सोमवार को बताया कि इस दौरान जनरल श्नाइडर ने भारतीय वायु सेना के समकक्ष अधिकारियों सहित भारत के वरिष्ठ रक्षा नेतृत्व के साथ चर्चा की, जिसका उद्देश्य दीर्घकालिक सैन्य संबंधों को मजबूत करना और परिचालन सहयोग के विस्तार के अवसरों का पता लगाना था। इन बैठकों ने वायु, थल, समुद्र, अंतरिक्ष और साइबर क्षेत्रों में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के बढ़ते दायरे, जटिलता और पारस्परिक संचालन क्षमता को उजागर किया। बयान में कहा गया है कि अमेरिका और भारत साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने में पारस्परिक हितों पर आधारित एक मजबूत रक्षा साझेदारी की दिशा में काम कर रहा है। हाल के वर्षों में, दोनों पक्षों ने संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान का विस्तार किया है, जिससे विभिन्न परिस्थितियों में प्रभावी रूप से साथ काम करने की उनकी क्षमता बढ़ी है। दौरे का एक प्रमुख केंद्र बिंदु दोनों देशों के बीच लॉजिस्टिक सहयोग को आगे बढ़ाना था। बयान में कहा गया कि सुदृढ़ लॉजिस्टिक ढांचे और समझौते अधिक सुगम समन्वय को सक्षम करेंगे, तत्परता में सुधार करेंगे और मानवीय संकटों तथा क्षेत्रीय आकस्मिक स्थितियों के प्रति त्वरित, समन्वित प्रतिक्रिया को मजबूत बनायेंगे। जनरल श्नाइडर ने परिचालन और प्रशिक्षण सुविधाओं का भी दौरा किया, जो अमेरिकी और भारतीय बलों के बीच बढ़ते एकीकरण और विश्वास को दर्शाता है। इन अंतःक्रियाओं ने क्षमताओं के आधुनिकीकरण और उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए तैयारियों को सुनिश्चित करने की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। द्विपक्षीय संबंधों के महत्व की पुनः पुष्टि करते हुए, अमेरिकी दूतावास ने कहा कि अमेरिका हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ावा देने में भारत को एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में महत्व देता है। बयान में कहा गया है कि यह दौरा अमेरिका-भारत प्रमुख रक्षा साझेदारी की स्थायी मजबूती को दर्शाता है और क्षेत्रीय तथा वैश्विक चुनौतियों के अनुरूप रक्षा सहयोग के विस्तार में निरंतर प्रगति का प्रतीक है।

# पेज एक का शेष

## भारत- न्यूज़ीलैंड...

के लिए डेयरी और प्रमुख कृषि उत्पादों जैसे कॉफी, दूध, क्रीम, पनीर, दही, व्हे, केसिन, प्याज, चीनी, मसाले, खाद्य तेल और रबर को बाजार पहुंच से बाहर रखा गया है। न्यूज़ीलैंड ने भारत के सेवा उद्योग को भी प्रवेश देने का फैसला किया है जो उसकी ओर से अब तक किसी देश को दी गयी सबसे अच्छी बाजार प्रवेश की व्यवस्था बताया गया है। इसके तहत 118 सेवा क्षेत्रों को शामिल किया गया है । इसमें कंप्यूटर सेवाएं, पेशेवर सेवाएं, ऑडियो-विजुअल, दूरसंचार, निर्माण और पर्यटन सेवा आदि शामिल हैं। समझौते में भारत की ओर से लगभग 139 उप-क्षेत्रों में ''मोस्ट फ़ेवर्ड नेशन (एमएफएन) '' की प्रतिबद्धता दी गयी है। यानी इन क्षेत्रों में विश्व व्यापार संगठन के तहत अन्य देशों के लिए प्रस्तुत किया किया जा रहा बाजार प्रवेश की अनुकूलत व्यवस्था लागू होगी । न्यूजीलैंड ने भारतीय को अपने यहां अध्ययन के बाद वर्क वीजा और पेशेवर अवसर देने का प्रस्ताव किया है। इस पर संख्या की सीमा नहीं है। न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री मैक्ले ने इस अवसर पर कहा कि यह भी कहा कि न्यूज़ीलैंड की लगभग 6 प्रतिशत आबादी भारतीय मूल की है, जो विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध भी मजबूत हैं जिसमें क्रिकेट का विशेष योगदान है। उन्होंने इस अवसर पर वाणिज्य मंत्री को क्रिकेट पर केंद्रित एक विशेष उपहार भी दिया जिसमें श्री गोयल उन्होंने दोनों देशों की टीमों के बीच एक मैच से पहले उन्हें गेंद डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनिश्चितताओं से भरे इस युग में यह यह समझौता ऐसे समय में हुआ है जब वैश्विक स्तर पर भरोसेमंद साझेदारियां अधिक महत्वपूर्ण हो गई हैं। उन्होंने भारत को एक महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्था बताया जो जल्दी ही दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाने की ओर बढ़ रही है। दोनों पक्षों ने इस समझौते के प्रभावी क्रियान्वयन पर काम करने के लिए प्रतिबद्धता जतायी है। इस समझौते के लिए बातचीत 16 मार्च 2025 को शुरू हुई और 22 दिसंबर 2025 को सहमति की घोषणा की गयी। यह भारत द्वारा विकसित देशों के साथ सबसे तेज़ी से किए गए समझौतों में से एक है। श्री गोयल ने अपने संबोधन में कि कहा कि यह समझौता भारत के वैश्विक आर्थिक जुड़ाव में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और किसानों, महिलाओं, युवाओं और उद्यमियों को सशक्त करेगा। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि यह समझौता भारत के निर्यातकों को बराबरी का अवसर देगा और उन्हें वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

## डिनर में गोलियांः हमले ...

पर प्रसारित होने लगे हैं। हालांकि, एफबीआई और न्याय विभाग सहित कानून प्रवर्तन एजेंसियां इस घटना की जांच राजनीतिक हिंसा के एक वास्तविक कृत्य के रूप में कर रही हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि संदिग्ध का इरादा ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों को निशाना बनाना था। एलेन के नाम से लिखे गए 'घोषणापत्र' सहित अन्य लेखों में ट्रंप प्रशासन की नीतियों की आलोचना की गई थी। हालांकि अधिकारी षड्यंत्र के सिद्धांत को खारिज कर चुके हैं, उन्होंने पुष्टि की है कि संदिग्ध होटल में एक पंजीकृत मेहमान के रूप में रह था। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने पुष्टि की कि एलेन ने कैलिफोर्निया से ट्रेन से यात्रा की और रात्रिभोज से एक दिन पहले शुक्रवार को होटल में चेक-इन किया। हालांकि होटल के रिकॉर्ड की जांच अधिकारी जल्दी कर सकते थे, लेकिन आपराधिक मामला बनाने के लिए औपचारिक रूप से सत्यापन आवश्यक था। संघीय एजेंटों ने एलेन के होटल के कमरे से उसके लेख बरामद किए, जिसमें एक कथित घोषणापत्र भी शामिल था। विरोधियों का यह तर्क कि हमले से ट्रंप की रेटिंग बढ़ सकती है, हालांकि यह सही प्रतीत नहीं होता है, क्योंकि 27 अप्रैल तक, उनकी अनुमोदन रेटिंग में किसी महत्वपूर्ण वृद्धि का कोई सबूत नहीं है। फिर भी निश्चित रूप से कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। जबकि 1981 में राष्ट्रपति रीगन पर किये गये हमले या श्री ट्रंप पर 2024 में रैली के दौरान किये गये हमले सहित ऐतिहासिक उदाहरणों से यही दिखा है कि लोकप्रियता में अल्पकालिक उछाल आया था। 2024 के हत्या के प्रयास के बाद, ट्रंप ने अपने मतदान और रेटिंग में महत्वपूर्ण उछाल का अनुभव किया था। एबीसी न्यूज के एक पोल के अनुसार, 2024 की शूटिंग के बाद के सप्ताह में श्री ट्रंप की लोकप्रियता बढ़कर 40 प्रतिशत हो गई थी, जो 30 प्रतिशत के दायरे से एक महत्वपूर्ण छलांग थी। यह चार साल में उनकी सबसे ऊंची रेटिंग थी। आंकड़ा बताता है कि उनकी रेटिंग को नीचे खींचने वाले मुद्दे, विशेष रूप से अमेरिका-ईरान युद्ध और घरेलू महंगाई, अधिक भारी पड़ रहे हैं। अप्रैल के मध्य के हमले से पहले के पोल उनकी स्वीकृति को 30 प्रतिशत और 37 प्रतिशत के बीच दिखा रहे थे, सार्वजनिक अस्वीकृति हाल ही में 58 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। दूसरी ओर, श्री ट्रंप ने इस घटना का इस्तेमाल अपने 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर के व्हाइट हाउस बॉलरूम प्रोजेक्ट की मंजूरी के लिए दबाव बनाने के लिए भी किया है। हालांकि, कई लोग बॉलरूम प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे हैं। श्री ट्रंप ने बॉलरूम के बारे में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि यही वह वजह है कि अमेरिकी सेना, सीक्रेट सर्विस, कानून प्रवर्तन और पिछले 150 वर्षों से हर राष्ट्रपति मांग कर रहे हैं कि व्हाइट हाउस के मैदान में एक बड़ा और सुरक्षित बॉलरूम बनाया जाए। श्री ट्रंप ने कहा, ''व्हाइट हाउस में वर्तमान में निर्माणाधीन सुरक्षित बॉलरूम में यह घटना कभी नहीं होती।'' उन्होंने कहा कि इसमें उच्चतम स्तर की सुरक्षा विशेषताएं हैं। संक्षेप में, 2024 की घटना के विपरीत, वर्तमान रेटिंग से पता चलता है कि 25 अप्रैल की शूटिंग की घटना ने कम से कम अब तक ट्रंप के लिए वैसी रिकवरी प्रदान नहीं की है।

## जस्टिस स्वर्णकांता...

कि क्या सही है और क्या गलत है। ऐसे समय में हमें यह तय करना होता है कि हम मुश्किल रास्ता चुनेंगे या आसान रास्ता। आज मैं भी एक ऐसे मोड़ पर खड़ा हूं। सब जानते हैं कि मुझे एक झूठे केस में फंसाया गया। मुझे जेल भेज दिया गया। एक चुनी हुई सरकार को गलत तरीके से गिरा दिया गया। हमें कई महीने जेल में रखा, पर आखिरकार सच की जीत हुई।'' उन्होंने कहा , ''मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि मुझे न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। मैं न्यायपालिका का बहुत सम्मान करता हूं। जब मेरे खिलाफ गलत साजिश हुई तो हमारे देश की न्यायपालिका ने ही मुझे न्याय दिया था। जब मुझे झूठे मामले में गिरफ्तार किया गया तो इसी न्यायपालिका ने मुझे जमानत मंजूर की थी। इसी न्यायपालिका ने मुझे उसी झूठे मामले में दोष मुक्त करार किया है। पिछले 75 वर्षों में जब-जब देश पर आंच आई, हमारे देश की न्यायपालिका ने देश को बचाया और नागरिकों के हितों की रक्षा की है। मैं न्यायमूर्ति स्वर्ण कंता शर्मा का भी बहुत सम्मान करता हूं। मुझे उनसे या उनके परिवार से किसी भी प्रकार की कोई व्यक्तिगत आपत्ति नहीं है। लेकिन न्याय का एक बहुत बड़ा सिद्धांत है कि न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए। इसलिए मैंने न्यायमूर्ति स्वर्ण कंता शर्मा से पूरे सम्मान के साथ अनुरोध किया कि वह हितों के टकराव जैसे कारणों की वजह से इस मामले से खुद को अलग कर लें। लेकिन उन्होंने मेरी दलीलें खारिज कर दीं और फैसला दिया कि वह स्वयं ही मामले की सुनवाई करेंगी। आप नेता ने कहा कि यह बात आज मैंने एक पत्र लिखकर न्यायमूर्ति स्वर्ण कंता शर्मा को भी सूचित कर दी है। मेरा न्यायमूर्ति स्वर्ण कंता शर्मा से किसी प्रकार का व्यक्तिगत विरोध नहीं है। यदि भविष्य में भी कभी उनके सामने मेरा कोई अन्य मामला लगता है जिसमें मेरे विरोध में भाजपा, केंद्र सरकार या तुषार मेहता नहीं हैं, तो मैं उनके समक्ष जरूर पेश होऊंगा। आप पूछ सकते हैं कि यदि मैं न्यायमूर्ति स्वर्ण कंता शर्मा के खुद को मामले से अलग करने के आदेश से असहमत हूं तो उसके खिलाफ शीर्ष न्यायालय क्यों नहीं जा रहा? मैं उसकी तैयारी कर रहा हूं। यह पूरा मामला बहुत नाजुक और संवेदनशील है।

## आप से अलग हुए सात...

सूची के अनुसार इन सदस्यों को 24 अप्रैल से ही भाजपा के सदस्य के रूप में मान्यता दी गई है। इस सूची में आम आदमी पार्टी के सदस्यों की संख्या घटकर तीन हो गई है। सदन में अब आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह के अलावा दो सदस्य श्री नारायण दास गुप्ता और श्री संत बलबीर सिंह के नाम हैं। आम आदमी पार्टी ने श्री राघव चड्ढा को सदन में पार्टी के उप नेता पद से हटा दिया था। उसी के बाद से पार्टी में समस्या उत्पन्न हुई है।

## भय बहुत हुआ, अब...

चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद ओपेन लेटर के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल के लोगों से कनेक्ट करने की कोशिश की है और जनसंपर्क के इस दांव में उन्होंने लोगों को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के वाकये से अपने बंगाल दौरे को जोड़ा है। उन्होंने लिखा, ''जब जनवरी 2024 में अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ था, उससे पहले मैंने 11 दिनों का अनुष्ठान किया था, व्रत किया था। इस चुनाव में भी मुझे वही अनुभूति हुई, जैसी किसी देवी मंदिर में दर्शन के समय होती है।'' पीएम ने आगे लिखा, बंगाल की सभी रैलियों में, रोड शो में, मुझे इतने अपनत्व भरे संदेश और चित्र मिले हैं कि मैं उन्हें कभू भूल नहीं सकता। रैलियों और रोड शो के बाद जब भी मुझे मौका मिलता है, मैं रात में बहुत तसल्ली से उन चित्रों को देखता हूं। आपके प्यार भरे संदेशों को, आपके पत्रों को पढ़ता हूं और अपना जवाब भी लिखवाता हूं।'' पीएम ने लिखा है कि यही उनके जीवन की असल पूंजी है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के तहत प्रचार के आखिरी दिन उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उस पर 'सिंडिकेट राज' चलाने, राजनीतिक हिंसा करने और राज्य में आर्थिक पिछड़ेपन का आरोप लगाया। मोदी ने कहा, ''पश्चिम बंगाल में मैंने जो माहौल महसूस किया है, उससे मैं कह सकता हूं कि चार मई के बाद भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में मुझे फिर से आना होगा।'' इस पर भीड़ ने जोरदार तालियां बजाई। बैरकपुर के ऐतिहासिक महत्व का जिक्र करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि इस भूमि ने 1857 में भारत के पहले स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और अब यह पश्चिम बंगाल में राजनीतिक परिवर्तन का आधार तैयार कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के समग्र विकास के लिए पश्चिम बंगाल की प्रगति आवश्यक है। उन्होंने जोर दिया कि पूर्वी क्षेत्र का उदय देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है।

## बंगाल में थमा...

हावड़ा, हुगली, नदिया, और पूर्व बर्धमान जिलों में मतदान होगा। इनमें से उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिले काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इन दो जिलों में विधानसभा की 64 सीटें हैं। बंगाल में ऐसा माना जाता है कि जो राजनीतिक इन दो जिलों में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रही वह सत्ता के करीब होगी। इसके अलावा हावड़ा और हुगली पर भी सबकी नजरें होंगी क्योंकि इन दो जिलों की 34 सीटों के नतीजे नये राजनीतिक समीकरण को बनाने या बिगाड़ने की क्षमता रखते हैं। एक समय वाम दलों का मजबूत गढ़ रह चुके इस क्षेत्र में विगत 10-12 सालों से तृणमूल का दबदबा रहा है। हालांकि, इस बार भाजपा तृणमूल के लिये कड़ी चुनौती पेश करती नजर आ रही है, जिससे मुकाबला बेहद दिलचस्प होने के आसार हैं। सबसे चर्चित मुकाबला कोलकाता की भवानीपुर विधानसभा सीट पर है, जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी आमने-सामने हैं। वर्ष 2021 के चुनाव में नंदीग्राम में दोनों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ था, जिसमें शुभेंदु अधिकारी ने जीत दर्ज की थी। इस बार भवानीपुर में करीब 6.79 लाख मतदाता अपने वोट से इस हाई-प्रोफाइल मुकाबले का फैसला करेंगे। जादवपुर सीट भी इस चरण की अहम सीटों में शामिल है, जहां तृणमूल कांग्रेस के देबब्रत मजूमदार के खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने कोलकाता के पूर्व मेयर बिकास रंजन भट्टाचार्य को मैदान में उतारा है। इसके अलावा भाटपाड़ा, बैरकपुर, चंदननगर और उलूबेड़िया उत्तर जैसी सीटों पर भी अलग-अलग सामाजिक और राजनीतिक समीकरण चुनाव को रोचक बना रहे हैं। दूसरे चरण के प्रचार अभियान में मतदाता सूची, नागरिकता, सीमा सुरक्षा, अवैध घुसपैठ, महिला सुरक्षा, रोजगार और विकास जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से उभरकर सामने आए हैं। खासकर नदिया और उत्तर 24 परगना जैसे सीमावर्ती जिलों में अवैध घुसपैठ का मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया। भाजपा इसे बड़ा चुनावी मुद्दा बनाती दिखी, जबकि तृणमूल कांग्रेस अपने विकास कार्यों और सामाजिक योजनाओं के आधार पर वोट मांगती रही है। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिये चुनाव आयोग ने व्यापक इंतजाम किए हैं। लगभग सभी मतदान केंद्रों पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है और संवेदनशील व अति-संवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। वेबकास्टिंग, सीसीटीवी निगरानी और लगातार फ्लैग मार्च के जरिए शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है। दूसरे चरण में केंद्रीय बलों की कुल 2,321 कंपनियां तैनात की जाएंगी। आयोग के सूत्रों के अनुसार, सबसे अधिक उत्तरी 24 परगना जिले में कुल 507 कंपनियां तैनात किए जाएंगे। उत्तर 24 परगना के बारासात पुलिस जिले में 112 कंपनी की तैनाती की जा रही है जबकि बनगांव जिले में 62 कंपनी बल की तैनाती की जा रही है। मतदान के दिन बशीरहाट में केंद्रीय बलों की 123 कंपनियां मौजूद रहेंगी। विधाननगर में केंद्रीय बलों की 50 कंपनियां तैनात की गई हैं. बैरकपुर में 160 कंपनियां होंगी। पहले चरण में राज्य की 152 सीटों पर मतदान हुआ था, जिसमें 92 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो एक रिकॉर्ड माना जा रहा है। इस उच्च मतदान प्रतिशत ने दूसरे चरण के महत्व को और बढ़ा दिया है।

## पिछले 15 वर्षों में...

दौरान उनके साथ भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद तेजस्वी सूर्या भी मौजूद रहे। रोड शो के दौरान आध्यात्मिक माहौल भी देखने को मिला। यूपी के मुख्यमंत्री के रथ के आगे भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण और भगवान हनुमान के वेश में कलाकार चल रहे थे, जिनका लोगों ने श्रद्धापूर्वक अभिवादन किया। पूरे मार्ग में केसरिया झंडे और भाजपा के झंडे लहराते दिखाई दिए। कल्याणी में उमड़ी इस भीड़ ने विश्वास जताया कि भाजपा प्रत्याशी अनुपम बिस्वास की जीत सुनिश्चित है। इस भीड़ ने 'जय श्री राम' के नारे लगाए और इन नारों के बीच मतदाताओं ने श्री आदित्यनाथ से उपद्रवियों के खिलाफ 'बुलडोजर' का उपयोग करने का आग्रह किया, जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि चार मई के बाद बंगाल में माफिया राज का अंत हो जाएगा। यूपी के मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से संवाद करते हुए कहा कि लोगों का उत्साह इस बात का संकेत है कि बंगाल अब आतंक, माफिया राज और 'कट-मनी' की प्रथा से मुक्त होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि 23 अप्रैल को हुए पहले चरण के मतदान के रुझान बताते हैं कि बंगाल में भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि सुश्री ममता बनर्जी अब तक लोगों को गुमराह करती रही हैं, लेकिन अब 'खेला खत्म और विकास शुरू' होगा। उन्होंने अंत में कहा, आमार सोनार बांग्ला अब टीएमसी मुक्त बंगाल बनेगा।

# चारधाम यात्रा के लिए एलपीजी आपूर्ति बनाए रखने का आग्रह

## ■ मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा के सुचारू संचालन को लेकर व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति 100 प्रतिशत बनाए रखने का अनुरोध किया है। इस संबंध में उन्होंने सोमवार नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से भेंट कर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि अप्रैल से नवंबर तक चलने वाली चारधाम यात्रा के दौरान देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंचते हैं, जिससे व्यावसायिक एलपीजी की मांग में



उल्लेखनीय वृद्धि होती है। इस अवधि में राज्य को करीब 9,67,949 व्यावसायिक सिलेंडरों की आवश्यकता होती है। ऐसे में निर्बाध आपूर्ति बनाए रखना आवश्यक है। पुष्कर सिंह धामी ने जून से सितंबर के बीच मानसून के दौरान संभावित प्राकृतिक आपदाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों में एलपीजी की अहम भूमिका होती है। उन्होंने इस अवधि के लिए लगभग 5 प्रतिशत अतिरिक्त (करीब 48,397 सिलेंडर) आवंटन सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था मुख्यतः पर्यटन, विशेषकर धार्मिक और साहसिक पर्यटन पर आधारित है। चारधाम यात्रा राज्य की आस्था, सांस्कृतिक पहचान और आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख आधार है, इसलिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मुख्यमंत्री द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्य के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कम्पलीट मैकेनिज्म किया जाएगा तैयार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 की समीक्षा की। बैठक के दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई ।

मुख्य सचिव ने प्रदेश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कम्पलीट मैकेनिज्म तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए शीघ्र कार्ययोजना प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत अधिकारियों को चारधाम यात्रा मार्गों एवं जनपदों के प्रवेश मार्गों पर ठोस अपशिष्ट के निस्तारण के लिए अतिरिक्त फंड्स उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए हैं।



उन्होंने चारधाम यात्रा मार्गों व चारों धामों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस अतिरिक्त फण्ड का उचित उपयोग किए जाने की बात कही। मुख्य सचिव ने पूरे प्रदेश सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट द्वारा उपचारित जल को ग़ैर पेयजल कार्यों में उपयोग किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जहाँ भी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाए गए हैं, उनसे उपचारित जल को आसपास के क्षेत्रों में ग़ैर पेयजल कार्यों में 100 प्रतिशत उपयोग में लाए जाने हेतु कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने प्रदेश के भीतर सभी कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट्स और वेस्ट टू एनर्जी प्लांट्स को शीघ्र तैयार कर संचालित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम को भी शीघ्र से शीघ्र शुरू क्या जाए, ताकि डोर टू डोर कूड़ा उठान कार्य की निगरानी सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर सचिव नितेश कुमार झा, रणवीर सिंह चौहान व डॉ अहमद इकबाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# मजलिस पार्क मेट्रो के पास दर्दनाक हादसा, बाइक सवार दो युवकों की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिले के भलस्वा डेयरी थाना क्षेत्र में रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसा वजीराबाद की ओर जाने वाले लूप रोड पर मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के पास हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक राहगीर दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचा चुके थे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, रविवार रात करीब नौ बजे सूचना मिली कि रिंग रोड से वजीराबाद जाने वाले लूप रोड पर एक सफ़ेद रंग की मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हालत में पड़ी है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को नाले के पास बाइक लावारिस हालत में मिली। जांच के दौरान पता चला कि बाइक पर सवार दो युवकों को गंभीर हालत में राहगीर बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले गए थे। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान सफ अली (20) निवासी संगम विहार, बुराड़ी और शाहिद निवासी ई-1789, जेजे कॉलोनी, बवाना के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए बीजेआरएम अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई या किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हादसा हुआ, हालांकि प्रत्यक्षदर्शी सामने नहीं आने के कारण दुर्घटना की सटीक वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। भलस्वा डेयरी थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 106(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की आगे की जांच आउटर नॉर्थ जिला की एमएसीटी सेल को सौंप दी गई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा सके।

# अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़, पांच आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अंतरराष्ट्रीय कूरियर सेवाओं के जरिए अमेरिका समेत अन्य देशों में साइकोट्रॉपिक दवाओं की तस्करी करने वाले संगठित सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है। गिरोह फर्जी केवाईसी दस्तावेज, नकली बिल, व्हाट्सएप और बैंकिंग चैनलों के जरिए नशीली दवाओं को विदेश भेजता था। मामले में पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर चार्जशीट दाखिल की गई है। हालांकि पुलिस ने गिरफ्तारी की सटीक तारीख और स्थान सार्वजनिक नहीं किए हैं। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने सोमवार को बताया कि, 24 सितंबर 2025 को सूचना मिली थी कि एक गिरोह कूरियर के माध्यम से अमेरिका नशीली दवाएं भेज रहा है। इसके बाद एजीएस/क्राइम ब्रांच की टीम ने मोती नगर के रामारोड स्थित कूरियर वेयरहाउस में छापा मारकर अमेरिका भेजे जा रहे एक संदिग्ध पार्सल को पकड़ा। जांच में उसमें छिपाकर रखी गई व्यावसायिक मात्रा की साइकोट्रॉपिक दवाएं




बरामद हुईं। इसके बाद 25 सितंबर 2025 को क्राइम ब्रांच थाने में एफआईआर संख्या 268/2025 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 22/23/29 में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्य, बैंक लेनदेन, कूरियर दस्तावेज, व्हाट्सएप चैट और सप्लाई चैन के आधार पर पांच आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में यासर खान, अभिषेक भार्गव, नितिन, नीरज राघव और अमितेश राय शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, यासर खान इस नेटवर्क का सरगना है, जो दवाओं की खरीद, विदेशी ग्राहकों से संपर्क और भुगतान की व्यवस्था संभालता था। अभिषेक भार्गव पार्सल तैयार कर डिस्पैच करता था और फर्जी केवाईसी दस्तावेज जुटाता था। नितिन, जो गणपति फार्मास्यूटिकल का संचालक है, दवाओं की सप्लाई और बिल तैयार करने में शामिल था। नीरज राघव फार्मा नेटवर्क के जरिए समन्वयक की भूमिका निभा रहा था, जबकि अमितेश राय, जो मां गायत्री फार्मा का संचालक है, दवाओं की खरीद और सप्लाई करता था। पुलिस ने पार्सल से 686.48 ग्राम ज़ोलपिडेम और 705.60 ग्राम ट्रामाडोल बरामद की। वहीं अभिषेक भार्गव की गिरफ्तारी के समय उसके कब्जे से 264 ग्राम ज़ोलपिडेम, 666 ग्राम डायजेपाम और 349.83 ग्राम ट्रामाडोल भी मिली। जांच में सामने आया कि गिरोह दवाओं की स्ट्रिप्स पर बैच नंबर मिटाकर उन्हें फैंसी लेस और कॉटन आइटम जैसे सामान की आड़ में पैक करता था। फिर फर्जी पहचान के आधार पर अंतरराष्ट्रीय कूरियर से विदेश भेजा जाता था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार गिरोह के विदेशी संपर्कों और नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आगे की जांच में और खुलासे हो सकते हैं।

# बिहार में सभी सरकारी कार्यक्रमों की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् से होगी

पटना। बिहार में अब सभी सरकारी कार्यक्रमों की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् से होगी। इसके तुरंत बाद राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया जाएगा और फिर निर्धारित कार्यक्रम शुरू होंगे। कार्यक्रम का समापन बिहार राज्य गीत के साथ किया जाएगा। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मो सोहैल ने सभी विभागीय प्रमुखों, पुलिस महानिदेशक, प्रमंडलीय आयुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में सरकारी कार्यक्रमों और शैक्षणिक संस्थानों में गीतों के गायन का क्रम भी तय किया गया है। नई व्यवस्था के तहत सभी शैक्षणिक संस्थानों में भी दिन की शुरुआत राष्ट्रीय गीत से होगी, जिसके बाद राष्ट्रगान गाया जाएगा। इसके बाद संस्थानों का नियमित संचालन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। विभाग ने अधिकारियों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने को कहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 28 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय गीत के सम्मान और उसके गायन को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए थे।

# सारण में स्कॉर्पियो-ऑटो की टक्कर में महिला समेत तीन लोगों की मौत, चार घायल

सारण। बिहार के सारण जिले के दिघवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सैदपुर गांव के पास रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और ऑटो की आमने-सामने की जोरदार टक्कर के कारण हुआ। पुलिस के अनुसार, सभी लोग दिघवारा के मानोपुर से शिव चर्चा कार्यक्रम में शामिल होकर ऑटो से अपने गांव गड़खा थाना क्षेत्र के झौवा बसंत लौट रहे थे। इसी दौरान सैदपुर गांव के पास तेज रफ्तार और अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने ऑटो में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोगों में अफरा-तफरी मच गई। जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालने में जुट गए।

# नारी सम्मान के मुद्दे पर सड़कों पर उतरीं एनडीए की महिला कार्यकर्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन को लेकर सियासत तेज हो गई है। इस मुद्दे पर विपक्ष के बयानों के विरोध में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी और एनडीए से जुड़ी महिला कार्यकर्ताओं ने भागलपुर में आक्रोश रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी देखी गई, जिन्होंने सड़कों पर उतरकर अपने अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए आवाज बुलंद किया। प्रदर्शनकारी महिलाओं का आरोप है कि नारी शक्ति से जुड़े




इस महत्वपूर्ण अधिनियम पर विपक्ष गलत तरीके से अपनी बात रख रहा है और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने का काम कर रहा है। खास तौर पर पप्पू यादव और राहुल गांधी के बयानों को लेकर नाराजगी जताई गई। महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस तरह की बयानबाजी किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है और इससे समाज में गलत संदेश जाता है। रैली के दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया और विपक्षी दलों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि नारी शक्ति का सम्मान हर हाल में बनाए रखना होगा और जो भी इसके खिलाफ जाएगा, उसे जनता जवाब देगी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ एनडीए के अन्य घटक दलों की महिलाएं भी एकजुट नजर आईं। सभी ने एक स्वर में कहा कि महिलाओं के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। रैली ने शहर का माहौल गरमा दिया और यह साफ संकेत दिया कि महिलाओं के मुद्दों पर अब राजनीतिक बहस और तेज होने वाली है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ एक कानून की नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान और अधिकारों की है, जिसे हर हाल में जीतकर रहेंगे।

# भारत की जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण व मकान की गणना का कार्य प्रारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हल्द्वानी। कुमाऊं कमिश्नर व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने अवगत कराया कि भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना का कार्य प्रारंभ हो गया है, इसके अंतर्गत घर-घर जाकर संगणक व गणना टीम द्वारा भवन गणना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा गणना कार्मिक उनके घरों पर आएंगे, उनके पास अपना सरकारी पहचान पत्र भी होगा। जिसे आप सत्यापित भी कर सकते हैं।उनके द्वारा घर घर जाकर आपसे (प्रत्येक घर से)कुछ जानकारी और कुछ सूचनाऐं ली जाएगी, उनके द्वारा ली जा रही सूचना को सभी लोग गणना टीम को अवश्य्य ही उपलब्ध कराएं। आयुक्त ने नागरिकों को अवगत कराते हुए कहा कि



गणना के दौरान उनके भवन पर कुछ जगह मार्किंग भी गणना कार्मिक कर सकते है जिसमें कोई नंबर भी डाल सकते हैं तो उसमें कोई ऐसी स्थिति ना हो कि आप उसका विरोध करें और इसमें आपको भी पूरा-पूरा सहयोग करना आवश्यकीय है। कुमाऊं आयुक्त ने जनता से अपील करते हुए कहा कि उन्हें जनगणना के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी आदि लेनी हो तो,वह टॉल फ्री नंबर1855 जो प्रातः 9:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक कार्य करेगा, इसका पूरा लाभ लेते हुए, इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें।

# जिला योजना में रोजगार व नवाचार को बढ़ावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पौड़ी गढ़वाल। जिला योजना वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित परिव्यय पर चर्चा एवं समग्र समीक्षा के लिए विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जनपद के प्रभारी मंत्री (पंचायती राज, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास, आयुष एवं आयुष शिक्षा, पुनर्गठन एवं जनगणना) मदन कौशिक ने की। जनपद आगमन पर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत तथा अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रभारी मंत्री, कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत तथ अन्य अतिथियों का स्वागत किया। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा ल्लपौड़ी प्रगति पोर्टलङ्क का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने ने बताया कि इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से जिला योजना, राज्य सरकार, केंद्र पोषित एवं बाह्य सहायतित योजनाओं के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की भौतिक एवं



वित्तीय प्रगति की पारदर्शी एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। डीएम ने विगत वित्तीय वर्ष 2025-26 की जिला योजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण देते हुए प्रमुख परियोजनाओं की जानकारी दी। इनमें राजकीय जिला पुस्तकालय, राहु मंदिर, प्रेरणा कोचिंग, धारी देवी मंदिर परिसर में वॉल वॉशर लाइटिंग, विज्ञान संग्रहालय, पालकोट में प्रस्तावित ईको एडवेंचर पार्क तथा कंडोलिया इंडोर स्टेडियम, कंडोलिया मैदान सुदृढ़ीकरण, प्रोजेक्ट बचपन, बर्ड फ़ेस्टिवल, नयार घाटी फ़ेस्टिवल, मोहन चट्टी स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल रहे। साथ ही उन्होंने प्रस्तावित अन्य कार्यों जैसे जेल संग्रहालय की भी जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों के प्रस्तुतिकरण एवं नेतृत्व क्षमता के लिए जिलाधिकारी तथा जिला प्रशासन की सराहना की। म उन्होंने सभी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं शत-प्रतिशत व्यय पर प्रसन्नता जताते हुए निर्देश दिए कि पुस्तकालय के लिए नवीन पुस्तकों की आवश्यकता संबंधी प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत किया जाए। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए भी आवश्यकतानुसार धनराशि उपलब्ध करायी जाएगी। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित 11,997.70 लाख रुपये के जिला योजना परिव्यय पर विस्तृत चर्चा के दौरान प्रभारी मंत्री ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं के प्रस्ताव तैयार करते समय जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करें, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि जमीनी स्तर के सशक्त माध्यम होते हैं, जिन्हें क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं का गहन ज्ञान होता है। प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पूर्व से लंबित एवं अधूरी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर जिला योजना में शामिल किया जाए तथा सभी विधानसभा क्षेत्रों को समान रूप से वरीयता दी जाए। प्रभारी मंत्री ने यह भी घोषणा की कि वर्ष 2026-27 की जिला योजना में कुल बजट का 15 प्रतिशत हिस्सा स्वरोजगार आधारित विभागों को आवंटित किया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिल सके।

# कुंभ मेला : यातायात व्यवस्था को लेकर मंथन, हितधारकों से मांगे सुझाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। कुंभ मेला 2027 की तैयारियों के तहत यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक मंथन किया गया। इस दौरान प्रशासन ने विभिन्न हितधारकों से सुझाव आमंत्रित करते हुए व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। कुंभ मेला 2027 की तैयारियों को लेकर सोमवार को सीसीआर स्थित मेला भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आईजी कुंभ मेला योगेन्द्र सिंह रावत ने की, जिसमें कुंभ मेला यातायात नियंत्रण उपसमिति के अध्यक्ष एसएसपी नवनीत सिंह सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। बैठक में साधु-संत, होटल एसोसिएशन, टैक्सी चालक संघ और अन्य संबंधित हितधारकों ने भी भाग लिया। इस दौरान कुंभ मेले के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए



तैयार किए गए प्लान पर विस्तृत चर्चा की गई। आईजी योगेन्द्र सिंह रावत और एसएसपी नवनीत सिंह ने उपसमिति के सदस्यों से यातायात प्लान को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव मांगे।अधिकारियों ने यह भी कहा कि प्राप्त उपयोगी सुझावों और सुधार के बिंदुओं के आधार पर कार्ययोजना में आवश्यक बदलाव किए जाएंगे, ताकि मेले के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक के दौरान एसपी ट्रैफिक/क्राइम निशा यादव ने अब तक तैयार किए गए यातायात प्रबंधन प्लान की क्रमवार जानकारी दी। वहीं एसपी सिटी अभय सिंह ने उपस्थित सदस्यों के सवालों का विस्तार से जवाब दिया। आईजी योगेन्द्र सिंह रावत ने भरोसा दिलाया कि यातायात प्लान तैयार करते समय श्रद्धालुओं, होटल व्यवसायियों, टैक्सी,टेंपो,रिक्शा यूनियन, अखाड़ा परिषद और साधु समाज सहित सभी वर्गों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय  कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान  स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063